प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

**सुविचार**

जो मन को नियंत्रित नहीं करते उनके लिए वह शत्रु के समान कार्य करता है!!!

श्रीमद् भगवद् गीता

www.purvanchalsurya.com

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची > दिल्ली > देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306



10

वर्ष - 17 | अंक 244 | दैनिक | रांची | गुरुवार 18 अप्रैल 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

## रेलवे का प्लान अब भारत खुद बनाएगा बुलेट ट्रेन

- शुरू की बड़ी तैयारी, फिलहाल जापानी तकनीक की ले रहा मदद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वंदे भारत एक्सप्रेस के बाद अब भारत स्वदेशी बुलेट ट्रेन की भी तैयारी कर रहा है। कहा जा रहा है कि प्रस्तावित ट्रेन की भारत की सबसे तेज रेलगाड़ी होगी। फिलहाल, इसकी डिजाइन पर काम जारी है। खासबात है कि विश्व स्तर पर 250 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ने वाली रेलगाड़ियों को हाईस्पीड ट्रेन कहा जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार,



एक अधिकारी ने कहा, इसे वंदे भारत प्लेटफॉर्म पर तैयार किया जा रहा है, जो पहले ही 220 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार को छू सकती है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में डिजाइन पर काम किया जा रहा है। रिपोर्ट में अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि ये ट्रेन फिलहाल भारत में दौड़ रहीं किसी भी ट्रेन से तेज होंगी। भारत फिलहाल जापान की तकनीक की मदद से बुलेट ट्रेन तैयार कर रहा है। यह ट्रेन अहमदाबाद से मुंबई के बीच दौड़ेगी।

# प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का भव्य 'सूर्य तिलक'

### 12 बजते ही अभिजीत मुहूर्त में माथे पर पड़ीं नीली किरणें

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में बुधवार यानी 17 अप्रैल को रामनवमी पर दोपहर 12 बजे से रामलला का सूर्य तिलक हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह पहला सूर्य तिलक है। दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में रामलला का सूर्य तिलक किया गया और मस्तक पर 3 मिनट तक नीली किरणें पड़ीं। सूर्य तिलक के साथ ही रामलला का जन्म हो गया। मंदिर में आरती की गई। सूर्य तिलक के बाद कुछ देर के लिए रामलला का पट बंद कर दिया गया। इससे पहले जगद्गुरु राघवाचार्य ने 51 कलशों से भगवान रामलला का अभिषेक किया। आज सुबह 3.30 बजे मंदिर के कपाट खुल गए, आम दिनों में यह 6.30 बजे खुलते हैं। श्रद्धालु रात 11.30 बजे तक, यानी 20 घंटे दर्शन कर सकेंगे।



- रामनवमी पर अयोध्या में दिखा 'विज्ञान' का चमत्कार

### नंगे पैर और सीने पर हाथ, पीएम मोदी ने देखा सूर्य तिलक



अयोध्या में आज रामनवमी के मौके पर रामलला का भव्य सूर्य तिलक का आयोजन हुआ। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। सभा को संबोधित करने के बाद उन्होंने हेलीकॉप्टर में इस अभिषेक को अपने टैब पर देखा। इस दौरान पीएम मोदी भावुक दिखे। उन्होंने अपने जूते उतार रखे थे और एक हाथ अपने सीने से लगाकर रामलला की अराधना करते दिखे। पीएम मोदी ने इस पल की दो तस्वीरें भी जारी की हैं। उन्होंने लिखा, नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला।

## वर्चुअल दुनिया में सियासत के अखाड़े जैसे दांव-पेंच

- लोकसभा चुनाव 2024 में ऑनलाइन गेम बना रहे सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 में जीत के लिए सियासी दल धरातल पर पूरा जोर लगा रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी चुनाव प्रचार जारी है। भारत में 19 अप्रैल से मतदान का प्रथम चरण शुरू होना है। इसके नतीजे चार जून को आएंगे, लेकिन सियासत में रुचि रखने वाले लोग ऑनलाइन गेम खेलकर अपनी सरकार बना रहे हैं। वे अपनी पार्टी बनाते हैं, प्रत्याशी उतारते हैं और वोट भी मांगते हैं। एजेंडा तय करते हुए ऑनलाइन जनसभाएं तक कर रहे हैं। यही नहीं, वोटिंग के बाद सरकार भी चुनी जा रही है। एंड्रॉयड मार्केट में इस वक्त इलेक्शन ऑफ इंडिया-2024, इलेक्शन ऑफ इंडिया, राजनीति इलेक्शन-2024 समेत कई गेम चर्चाओं में हैं। इनको लोग काफी पसंद कर रहे हैं। हाल ही में अपलोड इन गेमों को 10 से 15 हजार लोग डाउनलोड कर चुके हैं।



## यूएन की रिपोर्ट-भारत की जनसंख्या 144 करोड़ से ज्यादा

- 77 साल में दोगुनी हुई, 14 साल तक के उम्र की आबादी करीब 35 करोड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने इस साल के शुरुआत में सबसे ज्यादा 142.5 करोड़ आबादी वाले देश चीन को पीछे छोड़ा था। 2011 की जनगणना के मुताबिक, देश की कुल आबादी 121 करोड़ थी। यूनाइटेड नेशन्स की हेल्थ एजेंसी यूनाइटेड नेशन्स पॉपुलेशन फंड की लेटेस्ट रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत की जनसंख्या पिछले 77 सालों में दोगुनी हो चुकी है। यह 144.17 करोड़ पहुंच चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 2006-2023 के बीच 23 फीसदी बाल विवाह हुए हैं। साथ ही डिलीवरी के समय होने वाली महिलाओं की मौतों की संख्या में कमी आई है। भारत ने इस साल के शुरुआत में सबसे ज्यादा 142.5 करोड़ आबादी वाले देश चीन को पीछे छोड़ा था। 2011 की जनगणना के मुताबिक, देश की कुल आबादी 121 करोड़ दर्ज की गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की कुल आबादी का 24 फीसदी हिस्सा 0-14 साल के लोगों का है।



# 'पूरा देश कह रहा है, 4 जून को 400 पार'

### नलबाड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले-देश ऐसे बढ़ा रहा विकास की ओर कदम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को असम के नलबाड़ी में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा, मोदी 2014 में आशा, 2019 में भरोसा और 2024 में गारंटी लेकर आए हैं। उन्होंने कहा, आज पूरे देश में मोदी की गारंटी चल रही है और नॉर्थ ईस्ट खुद मोदी की गारंटी का गवाह है। जिस नॉर्थ-ईस्ट को कांग्रेस ने केवल समस्याएं दीं। भाजपा ने इसे संभावनाओं के स्रोत में बदल दिया है। कांग्रेस ने अलगाववाद को बढ़ावा दिया और मोदी ने शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किए। जो काम कांग्रेस 60 वर्षों में नहीं कर सकी, मोदी ने 10 वर्षों में कर दिया। रैली में उन्होंने कहा कि पूरा देश कह रहा है, 4 जून को 400 पार यह चुनाव इसका गवाह बनेगा।



रैली को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, एनडीए ने देश के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचने और उन्हें वे सुविधाएं प्रदान करने का फैसला किया है जिनके वे हकदार हैं। अगले 5 वर्षों में 3 करोड़ और नए घर बनाए जाएंगे। ये गरीबों और सभी को बिना किसी भेदभाव के मिलेंगे। उन्होंने कहा, मोदी ने गारंटी दी है कि 70 साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। मोदी उनका इलाज कराएंगे। बिना किसी के साथ किसी भी तरह का भेदभाव के उनका ख्याल रखेंगे। पीएम बोले कि देश में जनता का भरोसा एनडीए की सरकार पर बढ़ा है। लोग अब मानते हैं कि भ्रष्टाचार से देश को मुक्ति मिलेगी।

**मोदी बोले-**

### असम को कांग्रेस ने 'पंजे' में जकड़ा था

उन्होंने असम के नलबाड़ी में चुनाव रैली को संबोधित करते हुए कहा- कांग्रेस ने सियासी फायदे के लिए असम को अपने पंजे में जकड़ रखा था। ताकि उनके लिए लूट और भ्रष्टाचार के रास्ते खुले रहें। अब ये पंजा खुल गया है। असम में सबका साथ और सबका विकास हो रहा है। मोदी ने कहा- जिस नॉर्थ-ईस्ट को कांग्रेस और विपक्ष ने समस्याएं दीं, अलगाववाद को खाद-पानी दिया। उस नॉर्थ-ईस्ट को मोदी ने गले लगाया। जो कांग्रेस के 60 वर्षों में नहीं हुआ, वह मोदी ने 10 साल में किया।

**खेल बच्चों का मौलिक अधिकार...**

## बिना प्ले ग्राउंड वाले स्कूलों पर लगना चाहिए ताला

- केरल हाईकोर्ट ने विजयन सरकार को जमकर सुनाया

**तिरुवंतपुरम (एजेंसी)।** केरल हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि जिन स्कूलों में खेल के मैदान नहीं हैं, उन स्कूलों पर ताला लगाया जाना चाहिए। अदालत ने अहम टिप्पणी की कि खेल बच्चों का मौलिक अधिकार है और शिक्षा को सिर्फ कक्षाओं तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए। जिस तरह पठन-पाठन बच्चे के लिए जरूरी है, बच्चे के लिए उतना ही जरूरी खेल शिक्षा भी है। इससे बच्चों के सर्वांगीण विकास की भावना को पूरा किया सकता है। न्यायमूर्ति पीवी कुन्हिकृष्णन मामले की सुनवाई कर रहे थे। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केरल में कई स्कूल प्रशासन राज्य शिक्षा नियमों (केईआर) के विपरीत कार्य कर रहे हैं। अदालत ने यह भी माना कि केईआर ने राज्य के स्कूलों में खेल के मैदानों में आवश्यक सुविधाओं को स्पष्ट नहीं किया है और यही वजह है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा इसका फायदा उठाया जाता है। बार एंड बेंच में छपि रिपोर्ट के अनुसार सुनाए अपने फैसले में अदालत ने कहा, शिक्षा को कक्षाओं तक ही सीमित नहीं रखा जाना चाहिए।

# मोदी के बयान पर अमेरिका बोला-बीच में नहीं पड़ेंगे

### भारत-पाकिस्तान तनाव से बचें, पीएम ने कहा था-आज भारत आतंकियों को घर में घुसकर मारता है

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने एक हफ्ते पहले चुनावी सभा के दौरान देश से आतंकवाद खत्म करने को लेकर केंद्र सरकार के कड़े फैसलों पर बात की थी। पीएम ने कहा था- आज भारत में मोदी की मजबूत सरकार है, आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है। इसको लेकर अमेरिका की तरफ से रिएक्शन आया। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक प्रेस कांफ्रेंस में सवालों का जवाब देते हुए कहा- अमेरिका इसके बीच में नहीं पड़ने वाला है, लेकिन हम भारत और पाकिस्तान दोनों से कहना चाहेंगे कि जितना हो सके टकराव से बचें और बातचीत के जरिए हल निकालें। पिछले कुछ समय से पाकिस्तान लगातार भारत पर टारगेट किलिंग के आरोप लगा रहा है। 14 अप्रैल को खबर आई थी भारतीय नागरिक सरबजीत को मारने के आरोपी लाहौर के डॉन अमीर सरफराज की हत्या हो गई है। कुछ बाइक सवार लोगों ने उसे गोली मार दी। इसके बाद पाकिस्तान के इंटीरियर मिनिस्टर (गृह मंत्री) मोहसिन नकवी ने अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की मौत में भारत का हाथ होने की आशंका जताई थी। नकवी ने कहा था कि पिछले दिनों हुई हत्याओं में भी भारत सीधे तौर पर शामिल था। इस हत्या में भी वैसा ही पैटर्न नजर आ रहा है।



पिछले कुछ समय से पाकिस्तान में कई आतंकियों को अज्ञात हमलावरों द्वारा मारा जा रहा है। ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की हाल ही में आई एक रिपोर्ट में इन टारगेट किलिंग के लिए भारत को जिम्मेदार बताया गया था। अखबार ने दावा किया था कि भारत सरकार ने विदेशी धरती पर रहने वाले आतंकवादियों को खत्म करने की रणनीति के तहत पाकिस्तान में कई लोगों की हत्या की। रिपोर्ट में लिखा गया था, 2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद से भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ ने 20 हत्याएं करवाईं। इन सभी को भारत अपना दुश्मन मानता था। भारत पर हाल ही में कनाडा और अमेरिका में सिखों की हत्या के आरोप लगे। इसके बाद यह पहली बार है जब किसी भारतीय इंटेलिजेंस ऑपरेटिव ने पाकिस्तान में चलाए जा रहे भारतीय ऑपरेशन पर बात की। विदेश मंत्री एस जयशकंर ने कहा, टारगेट किलिंग करना भारत की विदेश नीति में नहीं है। वहीं, विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आरोप झूठे हैं और भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाया जा रहा है। पाकिस्तान के अलावा कनाडा और अमेरिका ने भी भारत पर टारगेट किलिंग के आरोप लगाए हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री ने पिछले साल नाराजगी जाहिर की थी।

## पहले तो 180 का अनुमान था, अब 150 सीटों पर ही सिमटेगी बीजेपी

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बड़ा दावा, कहा-बीजेपी के खिलाफ अंडर करंट है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने गाजियाबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और भाजपा पर खूब हमला बोला। इस दौरान राहुल गांधी ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि पहले तो मुझे लगता था कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में करीब 180 सीटें मिल जाएंगे, लेकिन अब लगता है कि ये लोग 150 पर ही सिमट जाएंगे।



राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष के इंडिया गठबंधन के पक्ष में खामोश लहर है। इस दौरान राहुल गांधी ने अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी के फैसले का पालन करूंगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी पूछा गया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने आप पर तंज कसा है कि एक नेता एक झटके में गरीबी खत्म करने का दावा कर रहे हैं। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि गरीबी एक झटके में खत्म करने की बात किसी ने नहीं कही। लेकिन हमारे पास फॉर्मूला है, जिससे देश में गरीबी और असमानता खत्म हो सकती है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश के संसाधनों को 22 से 25 लोगों के बीच ही बांट दिया है।

# शंभू बॉर्डर पर किसानों ने किया रेलवे ट्रैक जाम

### बैरिकेडिंग तोड़ी, पुलिस से धक्कामुक्की, 34 ट्रेन प्रभावित, 11 कैंसिल हुईं

**अंबाला (एजेंसी)।** पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों ने शंभू रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक जाम कर दिया है। बॉर्डर पर



नेशनल हाईवे बंद कर डटे किसान शंभू बॉर्डर के पास ही रेलवे ट्रैक पर बैठ गए हैं। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिससे पुलिस-किसानों की धक्कामुक्की हुई। मगर, किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और ट्रैक पर बैठ गए। किसान सरकार से युवा नेता नवदीप सिंह जलबेड़ा समेत 3 किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में पहले उनकी हरियाणा और पंजाब सरकार से मीटिंग हुई थी, जिसके बाद रिहाई का भरोसा मिला था। जिसके बाद किसानों ने सरकार को 16 अप्रैल तक का समय दिया था। सरकार ने रिहाई नहीं की तो वे ट्रैक पर उतर आए। किसानों के प्रदर्शन के चलते 34 ट्रेन प्रभावित हुई हैं। 11 ट्रेनों को पूरी तरह से कैंसिल किया गया है, जबकि कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट किए गए हैं तो कुछ के रूट शॉर्ट किए गए हैं। किसान नेता जगजीत डल्लेवाल ने कहा कि सरकार ने भरोसा देकर भी उन्हें रिहा नहीं किया। हमारा किसान साथी जेल में मरणव्रत पर बैठा है।

## भारत में बीजेपी एक बार फिर करेगी सत्ता में वापसी

- अमेरिकी एक्सपर्ट की भविष्यवाणी, कहा-पीएम मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता और बढ़ी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** दक्षिण एशिया मामलों के एक प्रख्यात अमेरिकी विशेषज्ञ और स्तंभ लेखक का कहना है कि भारत में यह यकीनन मोदी युग है और देश में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी की स्थिति स्पष्ट तौर पर मजबूत है। उनका कहना है कि वह तीसरी बार सत्ता में वापसी करेगी। वॉल स्ट्रीट जर्नल के लिए दक्षिण एशिया मामलों के स्तंभकार तथा थिंक टैंक अमेरिकन इंटरप्राइज इंस्टीट्यूट से जुड़े सदानंद धूमे ने दिए एक साक्षात्कार में यह बात कही। धूमे ने कहा कि भारत में यह मोदी युग है। उन्होंने कहा, भारतीय संदर्भों में निस्संदेह यह मोदी युग है। जैसे 2015 से अमेरिकी राजनीति में ट्रंप युग रहा है, भले ही वह सत्ता में हों या नहीं हों। भारत में लगभग 2013 से स्पष्ट तौर पर मोदी युग है...। उन्होंने कहा, आप चाहें उन्हें पसंद करें या उनसे घृणा करें लेकिन वह चर्चा में हैं।



# कर दिया कमाल, 'इसरो' का एक बार फिर बजा डंका

### हल्का सी-सी नोजल बना रॉकेट इंजन तकनीक में हासिल की बड़ी कामयाबी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर पूरी दुनिया में अपनी सफलता और मेहनत का डंका बजाया है। उसने रॉकेट इंजनों के लिए हल्का नोजल तैयार किया है। इसरो ने मंगलवार को कहा कि उसने रॉकेट इंजनों के लिए हल्के कार्बन-कार्बन (सी-सी) नोजल को सफलतापूर्वक विकसित किया है, जो रॉकेट इंजन तकनीक में एक नई पहल है। इसरो ने कहा है कि हल्के नोजल से अब रॉकेट की पेलोड क्षमता में बढ़ोत्तरी हो सकेगी। इसरो ने एक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है। उसके मुताबिक, यह नवाचार तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र द्वारा तैयार किया गया है। इसके जरिए रॉकेट इंजनों के महत्वपूर्ण मापदंडों को बढ़ावा मिल सकेगा। इसमें थ्रस्ट लेवल, स्पेशिफिक इम्पल्स और थ्रस्ट एवं वजन अनुपात शामिल है। इसरो के मुताबिक इन बदलावों से रॉकेट की पेलोड क्षमता में वृद्धि होगी। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा है कि नोजल डायवर्जेंट बनाने के लिए कार्बन-कार्बन (सी-सी) कंपोजिट जैसी उन्नत सामग्रियों का इस्तेमाल किया गया है जो असाधारण गुण प्रदान करते हैं। इसमें कहा गया है कि हरे कंपोजिट अच्छे काम कर रहे।



# डालटनगंज में रामनवमी पूजा धूम धाम और शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गई ~ धनंजय तिवारी



**प्रतिनिधि,मेदिनीनगर( पलामू)।** नेशनल केयर फाउंडेशन के झारखंड राज्य प्रभारी एवं कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा के पलामू जिला संयोजक धनंजय तिवारी ने रामनवमी पूजा को लेकर कहा की पलामू मुख्यालय मेदिनीनगर (डालटनगंज) में रामनवमी पूजा धूम धाम और शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गई । शहर के विभिन्न इलाकों से पूजा कमिटी के द्वारा तरह तरह की झाकियां और डीजे निकाली गई । वही रामभक्तो ने भगवान राम के गानों पर झूमते दिखे । बाहर से आये कलाकारों ने अपनी कला से लोगो को मंत्र मुग्ध कर दिया । राम नवमी पूजा के दौरान शहर के थाना रोड में , अग्रवाल समाज, माता हीरामणि सेवा संस्था, स्वर्णकार संघ , चन्द्रवंशी महासभा, जीनियस क्लब, वैश्य हलुआई समाज समेत अन्य समाजों के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया वही घूमने आये श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया । राम नवमी पूजा को लेकर महिला, पुरुष और बच्चों में काफी उत्साह देखा गया ।

# रामनवमी महापर्व को लेकर पत्थलगड़ा बीडीओ व थाना प्रभारी पत्थलगड़ा के द्वारा विभिन्न अखाड़ों का किया गया निरीक्षण

## किसी भी तरह की शांति व्यवस्था भंग की गई तो संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी ~ आलोक रंजन चौधरी,थाना प्रभारी



**प्रतिनिधि,पत्थलगड़ा( चतरा )।** थाना क्षेत्र में रामनवमी महापर्व को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी पत्थलगड़ा राहुल देव एवं पत्थलगड़ा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी के नेतृत्व मे विभिन्न हनुमान मंदिरों में व क्षेत्र में कई अखाड़े व झांकी का निरीक्षण किया गया। वहीं साथ में विभिन्न पुलिस अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट अन्य पुलिस बल के साथ रामनवमी महापर्व के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की द्य वही पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी महापर्व को लेकर पूजा-पाठ का भी आयोजन किया गया द्य पत्थलगड़ा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने बताया कि फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य जिले में शांति व अमन स्थापित करना है। लोग पूजा करें, लेकिन शांति से करें। किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत नहीं करें। इससे बेवजह तनाव फैलता है। बताया कि पूजा को लेकर सभी जगहों पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। रामनवमी में निकलने वाले अखाड़ा में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने का निर्देश दिया गया। किसी भी तरह कोई घटना घटती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगीद्य

# महानवमी को माता सिद्धिदात्री की हुई पूजा अर्चना



**पूसू प्रतिनिधि,गिरिडीह।** चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि को विभिन्न दुर्गा स्थानों में महानवमी पूजन में माता दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा के साथ ही हवन को पूर्णाहुति दी गई। इस दौरान शहर के गांधी चौक स्थित छोटी दुर्गा मंडा,कोल्डीहा स्थित चैती दुर्गा मंडप, बरगंडा स्थित चेताली दुर्गा मंडप, अरगाघाट स्थित दुर्गा मिष्ठान आवास, लखारी स्थित दुर्गा मंडप, पांडेयडीह दुर्गा मंडप सहित विभिन्न स्थानों पर भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई थी। भक्तों ने श्रद्धा भाव से मां शक्ति के नौवे स्वरूप मां सिद्धिदात्रि की पूजा अर्चना की। इस दौरान संधि पूजन के दौरान बली देने के बाद हवन का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में भक्त शामिल हुए हवन को पूर्णाहुति दी। वहीं भक्तों ने श्रद्धाभाव से नौ कन्या पूजन भी किया।इसके साथ साथ जिले के सभी प्रखंडों डुमरी,बगोदर, गावां, पीरटांड़,गांडेय, आदि स्थानों में माता दुर्गा की पूजा धूमधाम के साथ मनाई गई।

# रामनवमी पर महिला अखाड़े का हुआ आयोजन



**पूसू प्रतिनिधि,गिरिडीह।** रामनवमी के अवसर पर गिरिडीह में पहली बार महिला अखाड़ा का आयोजन किया गया।काली बाड़ी चौक पर इन्हें सम्मानित किया गया।टावर चौक से इस अखाड़ा की शुरुआत हुई। यह अखाड़ा टावर चौक से काली बाड़ी होते हुए बड़ा चौक प्रस्थान होने के पूर्व कालीबाड़ी में गिरिडीह जिला तैलिक साहू सभा महिला प्रकोष्ठ के द्वारा महिला अध्यक्ष सुचिता देवी के नेतृत्व में महिला अखाड़ा में उपस्थित महिलाओं एवं बच्चियों को तिलक और माला पहनाकर उनको प्रोत्साहित कर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की सभी पदाधिकारी मार्ग दर्शक मंडल की मीरा देवी, मधु देवी, आरती देवी, कोषाध्यक्ष माधुरी गुप्ता, सचिव पिंकी साह, उपाध्यक्ष प्रमिला देवी, युवा अध्यक्ष सोनी साहा, संगठन मंत्री डोली कुमारी, सैलैजा कुमारी,सदस्या किरण देवी आदि ने मुख्य रूप से भाग लिया ।

# 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान न्याय रैली को लेकर झामुमो और कांग्रेस ने की आवश्यक बैठक



**प्रतिनिधि,पाकुड़।** कांग्रेस साहेबगंज जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान की अध्यक्षता में सूबे के ग्रामीण विकास विभाग मंत्री आलमगीर आलम के आवास पर उलगुलान न्याय महा रैली को लेकर इंडिया गठबंधन दलों के कार्यकर्ताओं की एक बैठक आहुत की गई है इस बैठक में इंडिया गठबंधन के जिला स्तरीय प्रखंड स्तरीय प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की मौजुदगी रही।

आगामी 21 अप्रैल को अपराह्न 1:00 बजे तारा मैदान धुर्वा रांची में उलगुलान न्याय महा रैली का आयोजन किया गया है और इस रैली में हमारे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी इंडिया गठबंधन के राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय नेता इसमें उपस्थित रहेंगे। वर्तमान में जो देश की स्थिति है उसे देखते हुए हर तरह से जो वर्तमान सरकार मोदी सरकार कोई नियम कानून की परवाह किए बिना अपने मनमानी तरीके से या समझदारी तरीके से लोकतांत्रिक तरीके से हर काम को करना चाहती है और कर रही है इसके लिए इंडिया गठबंधन में इस बार पूरा कमर कर चुकी है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को भगाना है और इंडिया गठबंधन के सरकार को देश में बनाना है इसी के तहत 21 तारीख की रैली में ज्यादा से ज्यादा लोग उस रैली में आ सके। इंडिया गठबंधन के तहत लोगों के बीच में एक संदेश जाए विश्वास। इंडिया गठबंधन की सरकार आती है तो आज जो इतना महंगाई बेरोजगारी बढ़ी हुई है इस पर अंकुश लगेगा इसलिए हम लोग बहुत ज्यादा से ज्यादा संख्या में विशेष करके साहिबगंज जिला और पाकुड़ जिला से कैसे पहुंचे इसके लिए हम लोग आज यह बैठक कर रहे हैं और इस बैठक में हम लोग अपने-अपने विचार को रखेंगे बारी-बारी से के इस रैली को कैसे हम लोग सफल बना ले और यहां से ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग रांची पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन राजमहल लोकसभा प्रत्याशी विजय हांसदा,पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू,कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम, पाकुड़ झामुमो जिला अध्यक्ष श्याम यादव,पाकुड कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार,प्रखंड अध्यक्ष मानसारूल हक,जिला मीडिया प्रभारी पियारुल इस्लाम सहित झामुमो एवं कांग्रेस के दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिले भर में धूमधाम से मना रामनवमी, जय श्री राम की ध्वनि से गूंज उठा पूरा शहर



## शोभा यात्रा में महिलाएं भी बढ़ चढ़ कर हुई शामिल

**प्रतिनिधि,पाकुड़।** सनातन धर्मियों ने अपने भेष भूषा के साथ शोभायात्रा एवं अखाड़ा में शामिल होकर जय श्री राम के नारों से जम कर मनाया रामनवमी। पूरा शहर श्री राम के धुन और नारा से गूंज उठा। इस बार महिलाओं ने भी बुलेट में रैली में शामिल हुई। हाथ में झंडा लिए और भगवा वस्त्र में पूरा शहर भगवामय हो गया। जिले के हिरणपुर, आमड़ापाड़ा, लिट्टीपाड़ा,पाकुड़िया एवं महेशपुर प्रखंड में भी लोग धूमधाम से रामनवमी का त्योहार मनाया। वहीं पाकुड शहर के शोभायात्रा में शामिल भक्तों के लिए जगह जगह पर ठंडा पानी, शरबत, फल का इंतजाम कई संगठनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा लगाया गया था। वहीं जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा का पूरा इंतजाम किया गया था। अधिकारी खुद सड़को पर घुम घूम कर विधि व्यवस्था का जायजा ले रहे थे। वीर कुंवर सिंह चौक पर स्टेज बनाया गया था, जहां रामायण का अंश बड़े पर्दा में दिखाया जा रहा था, वहीं इस बार बच्चो में काफी उत्साह दिखने को मिला, हाथ में तलवार, लाठी लिए खेल दिखाते नजर आए। कही कही सड़को पर जाम दिखा लेकिन प्रशासन द्वारा जाम को तुरंत मुक्त करवाया गया। वहीं सूत्रों की माने तो इस बार पहले से भी अधिक भगवा झंडा, टोपी, पंजाबी कपड़ा की बिक्री हुई है। लगभग हर घर में बजरंगबली की स्थापना की गई है, जिस कारण बांस की बिक्री भारी मात्रा में हुई है। बुधवार को भीष्म गर्मी होने के बावजूद भक्तो की भीड़ में कोई कमी नहीं थी। पाकुड़ शहर के शोभायात्रा में अनुमानित लगभग 15 हजार से अधिक की भीड़ जुटी थी। ग्रामीण क्षेत्रों से भी काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

# दो व्यक्तियों द्वारा हनुमान मूर्ति को किया क्षतिग्रस्त, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**प्रतिनिधि,पाकुड़।** चैती रामनवमी को लेकर चारों और भक्ति में डूबे लोग, बजरंगबली के ध्वजा गाड़ने में लोग व्यस्त थे। वहीं इसी दिन नगर थाना अंतर्गत तलवाडांगा में जमीनी विवाद के कारण बजरंगबली मंदिर में स्थित प्रतिमा हटाने पर ग्रामीण आक्रोशित हो गये और विरोध में सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलने पर नगर थाने की पुलिस वहां पहुंची और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन ग्रामीण प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने वालों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग पर अड़े रहे। सड़क जाम कर रहे स्थानीय लोगो ने बताया कि यहां विगत बीस वर्षो से बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित है और सैकड़ों मुहल्ले के लोग वहां पूजा करते आते रहे हैं, लेकिन बीती रात मुहल्ले के ही शिव रतन सरकार और विनय कुमार साह नामक व्यक्ति ने जमीन पर अपना हक जताते हुए धमकी दिया था कि अगर मूर्ति नहीं हटाया तो उखाड़कर फेंक दिया जाएगा। धमकी के बाद जब बुधवार की सुबह लोग पूजा करने के लिए मंदिर पहुंचे तो मंदिर से मूर्ति गायब मिला, इसकी जानकारी मिलते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मंदिर पहुंचे और विरोध करते हुए सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे प्रतिमा हटाने वाले की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त घटना को उसी गांव के शिव रतन सरकार एवं विनय कुमार साह ने अंजाम दिया है। जब तक दोनों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती, सड़क जाम जारी रहेगा। ग्रामीणों द्वारा दी गयी लिखित शिकायत और आक्रोश को देखते हुए नगर थाना कि पुलिस ने शिव रतन सरकार को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान विनय को भी गिरफ्तार कर थाने ले जाया गया। वहीं इस संबंध में एसडीपीओ दयानंद आजाद ने बताया कि लोगो को समझा बुझाकर सड़क जाम को हटाया गया है, और गिरफ्तार किए गए दोनो व्यक्तियों पर जांच कर विधि संपत कार्यवाही की जायेगी। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी सह नगर थाना प्रभारी अजय आर्यन, एसआई सनातन मांझी, एएसआई राम सहित दर्जनों पुलिस बल मौजूद थे। खबर लिखे जाने तक पुलिस मामले पर अनुसंधान कर आगे की कार्यवाही कर रही थी।

# कार ने मारी टोटो को टक्कर, 2 हुए घायल



**प्रतिनिधि,गिरिडीह।** स्थानीय कचहरी रोड स्थित पूनम सीमेंट हाउस के पास बुधवार सुबह एक कार ने एक टोटो वाहन को ठोकर मार दिया। जिससे टोटो में सवार दो लोग घायल हो गए।दोनों का इलाज फिलहाल सदर अस्पताल में चल रहा है।बताया गया कि मोहनपुर निवासी जमुना दास एक टोटो में सवार होकर कचहरी की ओर आ रहा था।तभी पूनम सीमेंट हाउस के पास एक कार ने इनके टोटो में ठोकर मार दी। जिससे टोटो में सवार जमुना दास और टोटो चालक मोहम्मद नसीम घायल हो गया।इन्हे स्थानीय लोगों ने उठाकर सदर अस्पताल लाया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। वही धक्का मारने वाले वाहन और टोटो को नगर पुलिस कब्जे में लेकर उसे थाने ले गई।

# पाकुड़ के बल्लभपुर में न्यू हीरो 2.0 शोरूम का हुआ शुभारंभ

## पहले ही दिन बिकी कई गाड़ियां एवं फ्री में की गई सर्विसिंग



**प्रतिनिधि,पाकुड़।** पाकुड़ -धुलियान मुख्य सड़क स्थित बल्लभपुर में नारायणी हीरो शोरूम 2.0 का उद्घाटन किया गया। शोरूम का उद्घाटन ओनर संजय किशोर ओझा, रितु ओझा, सुमित किशोर ओझा व कंपनी के पदाधिकारी ने फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया।उद्घाटन के पश्चात हीरो नारायणी के ओनर संजय किशोर ओझा एवं सुमित किशोर ओझा ने उपस्थित लोगों से कहा कि यह प्रतिष्ठान नारायणी हीरो की अगली पीढ़ी का 2.0 प्रोजेक्ट का शोरूम है। जहां, ग्राहकों को गाड़ी खरीदने से लेकर उसकी सर्विसिंग तक में बिल्कुल नया और सुखद अहसास होगा। उन्होंने कहा कि हीरो कंपनी की टू व्हीलर वाहन खरीदने अब पाकुड़ से बाहर नहीं जाना होगा।गोकुलपुर साइट में पूर्व से ही नारायणी की हीरो बाइक शोरूम है जहां हर दिन सैकड़ो लोग पहुंचते हैं वहां की भीड़ को देखते हुए एवं बल्लभपुर साइट से मेन शोरूम की दूरी को देखते हुए इस शोरूम का उद्घाटन किया गया है। जहां पश्चिम बंगाल से शहर लोग आसानी से पहुंचकर बाइक की टेस्ट राइडिंग कर खरीद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नारायणी की अरविंद शॉप व सियाराम गारमेंट को भी लोग पसंद कर रहे हैं और ढेर सारे प्यार भी दे रहे हैं। पाकुड़ शहर में आगामी दिनों में फोर व्हीलर की शोरूम खोलने की इच्छा है अगर लोग इसको लेकर फीडबैक देंगे तो जरूर फोर व्हीलर की शोरूम भी यहां के लोगों को समर्पित होगा। हीरो 2.0 एलिमेंट में शोरूम में इंटर करते ही आपको बाईं और ग्रे लक्कड वॉल मिलेगा, दाहिने ओर जो स्क्रीन लगा हुआ है उसमें ए के थ्रू पसंदीदा गाड़ी को चुन सकते हैं, उसे गाड़ी का टच और फूल भी आप समझ सकते हैं।शोरूम उद्घाटन के पश्चात करीब एक दर्जन वाहन की बिक्री हुई व सर्विसिंग के लिए दर्जनों लोग पहुंचे। उद्घाटन के अवसर पर खरीदारी करने वाले ग्राहकों को कई प्रकार के उपहार जैसे हेलमेट वॉच टी-शर्ट आदि दिए गए एवं कहा गया कि यह ऑफर अगले तीन दिनों तक रहेगा साथ ही हीरो की ओर से अन्य सुविधाओं से अवगत कराया गया।

# पीएम पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में जेएमएम नेता पर प्राथमिकी दर्ज

प्रतिनिधि,साहिबगंज। झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के नेता सह पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य नजरूल इस्लाम के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दिए गए विवादित बयान व आचार संहिता का उल्लंघन और अमर्यादित टिप्पणी का उपयोग करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर नगर थाना में कांड संख्या 42/24 दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि बीते दिनों साहिबगंज स्टेशन चौक पर झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी की ओर से एकदिवसीय धरनाङ्कप्रदर्शन का आयोजन किया गया था। जहां सभा को सम्बोधित करते हुए नजरूल इस्लाम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विवादित बयान देते हुए कहा था ÷मोदी 400 सीट नहीं जीतेगा, मोदी को 400 फीट नीचे गाड़ देंगे÷। इसके बाद इस बयान ने तूल पकड़ लिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष



बाबूलाल मरांडी, विधायक दल के नेता अमर बाउरी सहित कई भाजपा के नेताओं ने ट्वीट कर राज्य सरकार से कार्रवाई की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने ऐतिहातन कदम उठाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। यह प्राथमिकी सदर बीडीओ सुबोध कुमार के बयान पर दर्ज कराई गई है। इधर नजरूल इस्लाम ने सफाई देते हुए कहा है कि ÷मैंने गाड़ देने की बात नहीं कही थी, बल्कि गांठ बांधने की बात कही थी÷। उन्होंने बताया कि मेरे ऊपर लगाया गया इल्जाम गलत है। इधर बीडीओ सुबोध कुमार ने प्रखंड के सीआई फणीश्वर कुमार, राजस्व कर्मचारी अजय कुमार और पंचायत सचिव सुशील मरांडी को 24 घंटे के अंदर जांच कर रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

# टीवी कलाकार रेखा सहाय चैती दुर्गा पूजा महोत्सव में हुई शामिल

## नारी शक्ति की प्रतीक है मां दुर्गाः रेखा सहाय



**प्रतिनिधि,रांची।** प्रख्यात टीवी कलाकार रेखा सहाय राजधानी के डोरंडा स्थित काली मंदिर रोड पर आयोजित चैती दुर्गा पूजा समारोह में शामिल हुईं।

इस अवसर पर श्रीमती सहाय ने चैती दुर्गा पूजा आयोजन समिति के सभी पदधारियों व सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मां दुर्गा की पूजा-अर्चना से अद्भुत ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा नारी शक्ति की प्रतीक है। शक्ति की देवी दुर्गा की आराधना से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। श्रीमती सहाय ने मां दुर्गा से प्रार्थना करते हुए देश,राज्य व समाज की खुशहाली की कामना की। गौरतलब है कि रेखा सहाय पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की धर्मपत्नी हैं। मौके पर चैती दुर्गा पूजा आयोजन समिति की ओर से श्रीमती सहाय सहित अन्य महिला सामाजिक कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर काली मंदिर रोड डोरंडा चैती दुर्गा पूजा आयोजन समिति के संयोजक व पूर्व पार्षद दीपक राम व अन्य सहित काफी संख्या में पुरुष-महिला श्रद्धालुगण मौजूद थे।

# नागरिकों को पार्टी का झंडा लगाने की मिले अनुमति ~ महेश पोद्दार

वरीय संवाददाता



**रांची।** पूर्व राज्यसभा सदस्य महेश पोद्दार ने कहा है कि आम नागरिकों को पार्टी का झंडा लगाने की अनुमति मिलनी चाहिए। उसे अपनी पसंदीदा पार्टी का झंडा अपने खर्च पर अपनी दुकान या घर के बाहर या छत पर लगाने की छूट हो। इससे लोकतंत्र की खूबसूरती बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि चुनावों को निष्पक्ष और भयमुक्त होने के साथ ही रंगीन और खुशनुमा भी होना चाहिए।

श्री पोद्दार ने इस संबंध में स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करने हेतु केंद्रीय निर्वाचन आयुक्त को अनुरोध एवं सुझाव भेजा है। इसमें श्री पोद्दार ने कहा है कि आम चुनावों को लोकतंत्र का महापर्व कहा जाता है। इसलिए सभी नागरिकों को इसका उत्सव मनाने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। कोई भी नागरिक किसी भी पार्टी या उम्मीदवार का समर्थक होता है। उसे अपने पसंदीदा उम्मीदवार या पार्टी का झंडा लगाकर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी का अवसर मिलना चाहिए। इसमें नागरिकों को किसी प्रकार की हिचक अथवा भय न हो। श्री पोद्दार के अनुसार कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में अपने घरों पर झंडा लगाने वालों को स्थानीय अधिकारियों द्वारा परेशान करने की शिकायत मिल रही है। इसलिए इस संबंध में स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करके चुनाव कार्यों से जुड़े अधिकारियों को आम नागरिकों को परेशान करने से रोका जाए।

श्री पोद्दार ने उम्मीद जताई है कि ऐसे स्पष्ट दिशानिर्देश जारी होने से नागरिक भयमुक्त होकर अपने खर्च पर अपने परिसर में किसी भी पार्टी का झंडा लगा सकेंगे। इससे उनके भीतर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी का अहसास पैदा होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### क्षेत्र भ्रमण के दौरान कांग्रेस सांसद का विरोध, पुल निर्माण को लेकर जताई नाराजगी



**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज में कांग्रेस सांसद डॉ. मो. जावेद आजाद का विरोध हुआ है। लोकसभा क्षेत्र विष्णुपुर में सांसद डॉ. मो. जावेद आजाद क्षेत्र भ्रमण के दौरान पहुंचे थे, इसी दौरान दर्जनों लोगों ने उनका विरोध किया। जहां दर्जनों स्थानीय लोगों ने रसीली और खाड़ी पुल निर्माण को लेकर नाराजगी जताते हुए सांसद से सवाल करने शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कांग्रेस सांसद ने कई प्रकार के वादे किए हैं, लेकिन अभी तक पूरा नहीं किया है। लोकसभा चुनाव को लेकर सांसद क्षेत्र भ्रमण में निकले थे, जहां मंगलवार संध्या विष्णुपुर में आक्रोशित ग्रामीणों ने सांसद डॉ. जावेद आजाद से कहा कि जब आपने काम नहीं किया है तो किस मुंह से वोट मांगने आए हैं। आज तक क्षेत्र के विकास के लिए आपने कुछ नहीं किया है। इस दौरान सांसद सवालों से बचते दिखे। गार्ड और कार्यकर्ताओं ने लोगों को साइड किया। सांसद गाड़ी में बैठकर चलते बने। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ईमाम अली चिंटू ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सांसद डॉ. मो. जावेद आजाद साफ छवि के नेता हैं, उनके विरोधियों के समर्थकों ने इस तरह के हथकंडे अपनाए हैं। क्षेत्र की जनता उनसे काफी खुश है।

### छात्रा ने बात नहीं की तो उसके पिता को कॉल कर दी धमकी

**मुजफ्फरपुर।** छात्रा ने जब मोबाइल पर बात करने से इंकार कर दिया तो शोहदे ने छात्रा के पिता को कॉल कर मोबाइल पर धमकी दी। उन्हें पुत्री से बात कराने के लिए दबाव दिया गया। जब पिता ने मना कर दिया तो गाली गलौज करते हुए उन्हें देख लेने की धमकी दी गई। छात्रा व उसके परिवार वाले अनहोनी घटना से भयभीत हैं। छात्रा के पिता ने मंगलवार को काजी मोहम्मदपुर थाना पहुंचकर थानेदार मनोज कुमार साह को पूरी घटना बताई। फोन करने वाले आरोपी का नंबर देते हुए उसे अपने स्तर से हैंडल करने का आग्रह किया। हालांकि, छात्रा के पिता ने फिलहाल एफआईआर दर्ज नहीं कराई है। उनका कहना है कि यदि शोहदा पुलिस की चेतावनी पर मान जाता है तो ठीक वरना विधिवत एफआईआर कराएंगे।

### घर-घर पहुंचाएंगे कांग्रेस पार्टी की गारंटी

**मुजफ्फरपुर।** जिला कांग्रेस कार्यालय तिलक मैदान में मंगलवार को जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल की अध्यक्षता में मुजफ्फरपुर व वैशाली संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमलोग लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की गारंटी को घर-घर तक पहुंचाएंगे। बैठक में मुकेश त्रिपाठी, महताब आलम सिद्दीकी, जमाल नासिर, लालबाबू राय, जूही प्रीयतम, महेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. शंभू राम, प्रेम कुमार पंडित आदि उपस्थित थे।

### नूपुर कला महोत्सव में दिखेगी भारत की कला-संस्कृति

**मुजफ्फरपुर।** भारत की कला एवं संस्कृति हमारा अभिन्न अंग है। इसको अमर बनाए रखने के लिए नूपुर कलाश्रम की ओर से नूपुर कला महोत्सव का आगाज किया गया है। 19 एवं 20 अप्रैल को वीणा कंसर्ट ऑडिटोरियम में यह महोत्सव मनाया जाएगा। इसमें कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। बिहार में पहली बार नई शास्त्रीय विधा सत्रिय नृत्य की मशहूर नृत्यांगना अपने ग्रुप के साथ असम से यहां पधार रही हैं। लोक विधाओं की श्रेणी में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र की लोक नृत्य शैलियों की भी प्रस्तुति होगी। इसमें मशहूर कत्थक नृत्यांगना डॉ. रंजना सरकार के निर्देशन में शास्त्रीय नृत्य कत्थक तथा बसंत रस की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का भी आयोजन किया गया है।

### सुल्तानगंज में महावीरी झंड़े से पटा बाजार

**भागलपुर/ सुल्तानगंज।** रामनवमी पर्व को लेकर बाजार में महावीरी झंडे की दुकानें सज गई हैं। भक्त बजरंगबली के मंदिरों में ध्वजारोहण करेंगे। अजगैवीनाथ धाम युवा समिति रामनवमी पर कृष्णगढ़ हनुमान मंदिर से 17 अपैल को शोभायात्रा निकलेगा। ध्वजागली मुहाने पर अवस्थित मूंछ वाले बजरंगबली मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया है। यहां 17 को महाआरती और 18 को भंडारे का आयोजन युवा बजरंगबली समिति ने किया है। अन्य हनुमान मंदिर भी सजाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

### रिचार्ज के बाद भी बिजली नहीं आने पर कर्मियों को सुनायी खरी-खोटी

**मुजफ्फरपुर।** रिचार्ज के बाद भी बिजली नहीं आने से नाराज दर्जनों उपभोक्ता मंगलवार को तिलक मैदान रोड स्थित बिजली कार्यालय पहुंच गए। उन्होंने बिजली कार्यालय में मौजूद कर्मियों को खूब खरी खोटी सुनाई। अधिकारियों ने उन्हें शांत कराया। सिकंदरपुर निवासी आलोक कुमार ने बताया कि रिचार्ज करने के बाद भी पूरी रात बिजली क्यों कटी। इसके कारण गर्मी में पूरा परिवार नहीं सोया है। बच्चों को अधिक परेशानी हुई। उन्होंने सवाल उठाया कि रात में कौन सा मेंटेनेंस का काम चलता है।

# किराना दुकानदार पर रंगदारी के लिए की फायरिंग, बच्चा घायल



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा की कल्याण विगहा थाना की पुलिस ने कोलवां गांव में कार्रवाई करते हुए हथियार कारतूस के साथ दो अपराधियों को अरेस्ट किया है। पकड़े गए बदमाश की पहचान कोलावां गांव निवासी श्याम सिंह और कारू कुमार उर्फ गौरव के रूप में हुई है।

पुलिस ने दोनों के पास से एक देसी पिस्तौल, एक देसी कट्टा, 16 कारतूस एवं एक मोबाइल फोन बरामद की है। छापेमारी टीम में सदर डीएसपी 2 नूरसराय इंस्पेक्टर मनोरंजन भारती, कल्याण विगहा थाना अध्यक्ष विकास कुमार, जमादार गोपेश कुमार, सुनील कुमार यादव समेत कल्याण विगहा एवं सदर डीएसपी के अंगरक्षक शामिल रहें।

दरअसल ,कोलावां गांव में अपराध कर्मी गांव के ही किराना दुकानदार से मंगलवार की शाम रंगदारी मांगने पहुंचा था। इसी बीच किराना दुकानदार को निशाना बनाकर फायरिंग की गई जो गोली दुकान के पास खड़े बृंद मांझी के (10) वर्षीय पुत्र अजीत मांझी को जा लगी। जिसे इलाज के लिए कल्याण बीघा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के उपरांत हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

वहीं घटना की जानकारी मिलने के उपरांत पुलिस एक्शन में आई और अपराध कर्मियों को हथियार कारतूस के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। बच्चें के परिजन के बयान के आधार पर कल्याण बीघा थाना में आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

डीएसपी सदर 2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद इलाके की घेराबंदी कर दोनों अपराध कर्मी को लोडेड देसी कट्टा एवं पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।

**सीएसपी लूट मामले में प्राथमिकी दर्ज, पिस्टल के बल पर नकाबपोश अपराधियों ने वारदात को दिया था अंजाम :** आरा(भोजपुर), एजेंसी। भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के बगवां गांव स्थित ग्राहक सेवा केंद्र से दो लाख 85 हजार रुपए लूटे जाने के मामले में संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसे लेकर संचालक अमित कुमार सिंह ने अज्ञात 3 अपराधियों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी कराई है। हालांकि 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। लेकिन पुलिस तकनीकी सूत्र और सीसीटीवी फुटेज की मदद से अपराधियों तक पहुंचाने के प्रयास में लगी है। साथ ही डीआईयू को भी लगाया गया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार भगवा गांव निवासी अमित कुमार सिंह बगवां बाजार स्थित हरिशंकर सिंह के मार्केट में 2021 से यूनियन बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। सोमवार की दोपहर दो ग्राहक सेवा केंद्र में एक कर्मचारी रौनक एवं गांव के ग्रामीण शिव शंकर पांडे मौजूद थे। इस दौरान एक पल्सर बाइक पर सवार तीन नकाबपोश अपराधी ग्राहक सेवा केंद्र के अंदर प्रवेश कर गए थे। इसके बाद पिस्टल के बल पर कर्मचारी एवं ग्रामीण को कब्जे में ले लिया था।

इसके बाद केंद्र से ढाई लाख रुपए नगद लूट लिए थे और बैग में रखकर बड़ौरा नहर के रास्ते फरार हो गए थे। पूरी लूट की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि तीन अपराधी काले रंग का नकाब पहनकर ग्राहक सेवा केंद्र में घुसे । इसके बाद कर्मचारी से पैसा निकालने के बात कहकर कमर से पिस्तौल निकाल कर लॉकर में रखें दो लाख 85 हजार रुपए बैग में भरकर फरार हो गए । जाते-जाते कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी दे डाली। गड़हनी थाना पुलिस अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर रही है।

## चाचा-भतीजे समेत पांच की पिटाई, लाठी डंडे से किया वार



**भोजपुर, एजेंसी।** भोजपुर के शाहपुर थाना के शिवपुर गांव में मंगलवार को खेत में भैंस घुस जाने का विरोध करने पर दूसरे गांव से आकर दबंगों ने चाचा-भतीजे समेत पांच लोगों की लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी गई। मारपीट की घटना में सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद अन्य लोगों की मदद से मामले को शांत कराया गया। उसके बाद आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जख्मियों में शाहपुर थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी स्व चैत यादव के 50 वर्षीय पुत्र बिहारी यादव, बृज बिहारी यादव के 40 वर्ष से पुत्र संजय यादव, 35 वर्षीय पुत्र पंचानंद यादव, रास बिहारी यादव के 55 वर्षीय पुत्र हरेंद्र यादव और वसुंधरा यादव का 19 वर्षीय पुत्र मुन्ना कुमार शामिल हैं। इधर,जख्मी मुन्ना कुमार ने बताया कि शिवपुर गांव के बाजार में उनका और बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के कांटे गांव के रहने वाले लोगों का जमीन एक साथ है। उनके जमीन पर गेहूं लगा हुआ था। तभी कांटे गांव के रहने वाले लोगों के करीब 10 से 12 भैसें उनके खेत में घुस गई और फसल को बर्बाद करना शुरू कर दिया। भैंस को फसल बर्बाद करता देख बिहारी यादव और संजय यादव ने भैंस को अपने खेत से मारकर भगा दिया। तभी भैंस मालिकों ने भैंस को भगाने का विरोध करने पर जमकर गाली गलौज की। लेकिन उसे समय ग्रामीणों के मदद से मामले को शांत कर दिया गया । जब हम लोग अपने घर चले हैं तभी उक्त भैंस मालिक अपने अन्य परिवार वालों के साथ शिवपुर गांव में घुसकर हम लोगों की लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी और उसके बाद सभी गांव छोड़कर अपने गांव चले गए।

जख्मियों को परिजनों के द्वारा इलाज के लिए आर सदस्य पता लाया गया। मामला शांत होने के बाद पीड़ित परिवारों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है। घटना बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सिकंदरपुर व बालूघाट में बिजली संकट, एक लाख की आबादी प्रभावित

**मुजफ्फरपुर।** विद्युत विभाग के शहरी प्रमंडल वन से जुड़े सिकंदरपुर और बालूघाट फीडर से जुड़े इलाकों में सोमवार की रात से बिजली की आंख मिचैली जारी रही। इस दौरान मंगलवार की सुबह अचानक हाई वोल्टेज से एक दर्जन घरों में बिजली संचालित कई घरेलू उपकरण जल गए। उपभोक्ताओं को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। इन दोनों फीडरों से जुड़े गोला बांध रोड, सिकंदरपुर, प्रभात जर्दा फैक्टरी रोड, अखाड़ा घाट रोड, रघुनाथ अडिग मार्ग, बालूघाट मोहल्ला के रोड नं एक, दो और तीन में रहनेवाले लोगों में बिना सूचना बिजली काटे जाने से रोष देखा गया। युवाओं में ज्यादा नाराजगी थी। वे एक बार फिर गोलबंध होकर विद्युत विभाग के स्थानीय कार्यालय में हंगामा का मन बना रहे थे, लेकिन स्थानीय कुछ बुद्धिजीवियों के समझाने पर उन्होंने अपना मन बदल लिया। गौरतलब है कि सोमवार को विभागीय अधिकारियों के लापरवाह रवैये के बाद सरैयागंज और कल्याणी फीडर से जुड़े दो सौ से अधिक उपभोक्ताओं ने तिलक मैदान रोड स्थित विभाग के कार्यालय में घुसकर जमकर हंगामा किया था। कार्यालय के फर्नीचर और अन्य सामान तोड़ दिये थे।

# बिहार के 13 जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार आज से प्रदेश में हीट वेव का यलो अलर्ट

**पटना, एजेंसी।** बिहार के सभी जिलों के तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। बढ़ते तापमान के साथ गर्मी से लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। राजधानी पटना समेत बिहार के 13 जिलों का तापमान मंगलवार को 40 डिग्री के ज्यादा दर्ज किया गया।

वहीं, आज भी प्रदेश के सभी जिलों में मौसम सामान्य बना रहेगा। पिछले कुछ दिनों के मुताबिक अधिक गर्मी का एहसास होगा। मौसम विभाग के अनुसार पछुआ शुष्क हवा ने पटना समेत राज्यभर में जोर पकड़ लिया है। इस वजह से राज्य के अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है।

वहीं, पिछले 24 घंटे के दौरान शेखपुरा जिला सबसे ज्यादा गर्म रहा जहां का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग की ओर से 18 से 21 अप्रैल के बीच प्रदेश की विभिन्न जिलों में हिट वेव को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।



**13 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार :** मंगलवार को शेखपुरा 42 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा। इसके अलावा 12 ऐसे जिले रहे जहां का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पर दर्ज किया गया है। जिसमें जमुई का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री, बांका 40.7 डिग्री, मधुबनी 40.9 डिग्री, नवादा 40.9 डिग्री, गया 40.4 डिग्री, वाल्मीकि नगर 40.6 डिग्री, मोतिहारी 41.2 डिग्री, रोहतास 40.02 डिग्री, भोजपुर 40.9 डिग्री, पटना 40 डिग्री, औरंगाबाद 40.9 डिग्री, देहरी 40.4 डिग्री। इसके अलावा अन्य जिलों का तापमान भी 40 डिग्री के करीब दर्ज किया गया है।

**आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसम :** पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। 18-19 अप्रैल को 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने बताया कि अधिकतम तापमान में वृद्धि होने और पछुआ हवा चलने से लोगों को गर्म हवा का सामना करना पड़ेगा।

**18 अप्रैल को फिर पश्चिमी विक्षोभ :** मौसमविदों के अनुसार, 18 अप्रैल को एकबार फिर उत्तर-पूर्व भारत में पश्चिमी विक्षोभ आने वाला है। इसका थोड़ा बहुत असर बिहार के मौसम पर भी पड़ने की संभावना है। कितना प्रभाव होगा, यह पश्चिमी विक्षोभ की तीव्रता पर निर्भर करेगा। इसका असर 20-21 अप्रैल तक रहेगा।

## मोबाइल तो कमल से भी चार्ज नहीं होता, अंधेरा में लालटेन ही प्रकाश देता है : तेजस्वी यादव

**पटना, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के गया जिले में आयोजित एक चुनावी रैली के दौरान बिना नाम लिए राजद प्रमुख लालू यादव पर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के युवा कभी भी राजद को वोट नहीं देंगे। सवालिया लहजे में पीएम मोदी ने पूछा कि क्या लालटेन (राजद का चुनाव चिन्ह) से स्मार्ट मोबाइल चार्ज हो सकता है? जब लोग स्मार्टफोन के बारे में बात कर रहे हैं, तो वे लालटेन के बारे में बात कर रहे हैं।

अब पीएम मोदी के इस बयान पर आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने पलटवार किया है। तेजस्वी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि मोदी जी, मोबाइल तो कीचड़ सने कमल के फूल से भी चार्ज नहीं होता। मोदी जी अंधेरा जब भी रहता है प्रकाश तो लालटेन ही देता है, ना कि कमल का फूल? तेजस्वी की ओर से जारी पोस्ट में आगे लिखा गया है कि इतिहास गवाह रहा है कि देश में, समाज में जब भी महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, सांप्रदायिकता और नफ़रत का घोर अंधेरा होता है तब-तब लालटेन की रोशनी में ही



वो अंधेरा छँटा है ना कि कमल के फूल से। मोदी जी, इसी लालटेन ने युगों-युगों से बिहार में व्यापत सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक गैर बराबरी, अन्याय और अत्याचार के अंधेरे को दूर भगाया है। इसी लालटेन की रोशनी में सदियों से गरीब, उत्पीड़ित, उपेक्षित और वंचित लोगो ने अपनी जुबान खोलना और बोलना सीखा, अपने हक़-अधिकार माँगने लगे, बराबरी पर बैठने लगे, नौकरियों में आने लगे, विधायक-सांसद बनने लगे। यह सब बाबा साहेब के द्वारा दिए गए संविधान और लालटेन के उजियारे से ही संभव हो पाया है। ख़ैर ! आप समझ ही नहीं पायेंगे क्योंकि वंचितों के दर्द ओ ग़म को जानने के लिए जो संवेदनशील नज़रिया चाहिए वो आपके अंदर नहीं है। हमें ढेर सारा अपशब्द बोलिये लेकिन बिहार को उसका हक़ दीजिए, युवाओं को नौकरी देने में मेरी और बिहार की मदद कीजिए।फिर आप जितना चाहें मुझे और मेरी पार्टी को गालियाँ दीजिए। बस मेरे बिहार को उसका अधिकार दीजिए।

बता दें कि गया में अपने भाषण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजद को भ्रष्टाचार और गुंडा राज का प्रतीक बताते हुए कहा कि उसने बिहार को सिर्फ दो चीजें दी हैं, जंगलराज और भ्रष्टाचार क्योंकि राजद शासनकाल में भ्रष्टाचार एक उद्योग की तरह फला-फूला। पीएम मोदी ने कहा कि घमंडिया गठबंधन के पास कोई सोच नहीं है। ये लोग जब वोट मांगने जाते हैं, तो नीतीश जी के कामों पर वोट मांगते हैं। यह लोग नीतीश जी के और केंद्र सरकार के कामों का श्रेय स्वयं लेते हैं। पूरा बिहार जानता है कि राजद ने इतने वर्षों तक बिहार पर राज किया है लेकिन उनकी हिम्मत नहीं है कि अपनी सरकारों में क्या काम किया उसकी वे चर्चा करें।

## खेत में बछड़े के प्रवेश को लेकर जमकर चले लाठी-डंडे

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया के मरंगा के नौजर वार्ड 14 में मक्के की खेत में मवेशी प्रवेश कर जाने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष से मारपीट शुरू कर दी। इस मारपीट में मवेशी स्वामी समेत 3 लोगों को चोटें आई हैं। वहीं, इस मारपीट से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में दोनों पक्ष के लोग आपस में झगड़ते दिख रहे हैं। वहीं घायलों का इलाज पूर्णिया के जीएमसीएच में चल रहा है। मारपीट को लेकर पीड़ित मवेशी स्वामी के घरवालों की ओर से स्थानीय मरंगा थाना में आवेदन किया गया है। वहीं, घायलों की पहचान मरंगा के नौजर गांव वार्ड 14 निवासी मो वासिम और उसके बेटे इस्माइल के रूप में की गई है। जबकि दूसरे पक्ष से भी एक अन्य को मामूली चोटें आई हैं। परिजनों ने बताया कि घर के बछड़ा घर के बाहर खुट्टे से बंधा हुआ था। बाद में किसी तरह खुट्टा तोड़कर बच्चा पास के ही मकई के खेत में चला गया और मकई के कुछ पौधों को खा गया। इससे भड़के खेत के स्वामी ने उनके बछड़े को पकड़कर अपने कब्जे में रख लिया। इसी को लेकर उन्होंने विरोध किया और बछड़े को उनके कब्जे में छुड़ाकर ले जाने लगे। इससे तमतमाए मो इसारूल ने अपने दोस्तों और घर वालों को बुला लिया। लाठी डंडे और लात घूसों से उन्होंने मिलकर पीटना शुरू कर



दिया। जिसके बाद उनके घर के लोग भी बीच बचाव में आए। इसी के बाद विवाद और बढ़ गया। जिसमें दोनों तरफ से लाठी डंडे, लात - घुसे चलना शुरू हो गया। इस मारपीट में वे और उनके बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी तबीयत काफी बिगड़ गई। जिसके बाद ग्रामीणों के हस्तक्षेप से किसी तरह मामला शांत हुआ। दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए इलाज के लिए जीएमसीएच पूर्णिया लाया गया। जहां दोनों का इलाज जारी है। वहीं मारपीट की घटना को लेकर घायल के परिजनों की ओर से मरंगा थाना में लिखित आवेदन दी गई है। वहीं समूचे घटनाक्रम से जुड़ा मारपीट का एक लाइव वीडियो भी सामने आया है। जिसमें लाठी डंडे लिए दो पक्ष एक दूसरे पर हमले पर आमदा हैं।

# बिहार से यूपी और झारखंड जाकर अपनों से मिलना आसान, 15 रूटों पर दौड़ेंगी बसें

**पटना, एजेंसी।** बिहार सरकार यूपी और झारखंड से परिवहिन व्यवस्था और बेहतर बनाएगी। इसके लिए चयनित मार्गों पर नयी बसें चलाने की योजना है। इन दोनों राज्यों के 15 मार्गों पर बसें दौड़ेंगी। बसों के परिचालन के लिए बिहार से यूपी के लिए 5 मार्गों पर जबकि झारखंड के 10 मार्गों का चयन किया गया है। राज्य सरकार ने पिछले दिनों यूपी और झारखंड के शहरों को जोड़ने के लिए और बसें चलाने की योजना को हरी झंडी दी है। इसके बाद पथ परिवहन निगम ने इसकी व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। निगम के अनुसार यूपी के लिए 15 बसें चलेंगी जबकि झारखंड के लिए 60 बसों के परिचालन की योजना है। हालांकि भविष्य में अन्य मार्गों पर भी जरूरत के अनुसार बसों के परिचालन की योजना है। पिछले दिनों सर्वे में यह बात सामने आयी है कि इन अंतर्राज्यीय मार्गों पर बसों की आवश्यकता बढ़ी है। उनकी मांग है। क्योंकि इन रूटों पर यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है। यही नहीं यात्रियों की संख्या में अपेक्षित बढ़ोतरी भी हुई है। लेकिन, इन मार्गों पर आवश्यकतानुसार बसें नहीं चल रही हैं। ऐसे में राज्य सरकार ने दोनों राज्यों के लिए बसों के परिचालन का फैसला किया है। इन रूटों में दोनों राज्यों के कई और जिले, कस्बे और ग्रामीण इलाके भी सीधे जुड़ेंगे। सूबे में 120 मार्गों पर चलेंगी बसें राज्य के अंदर 120 मार्गों पर नयी बस चलाने की योजना है। इन मार्गों पर 376 बसों की आवश्यकता बतायी गयी है। ये सारे मार्ग राज्य के अंदर के हैं और कई जिलों को जोड़ते हैं। यही नहीं इसमें लगभग सारे प्रमुख शहरों को अन्य शहरों या जिला मुख्यालय से जोड़ने की योजना है। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण छोटे शहर भी हैं, जहां बसों के परिचालन की जरूरत महसूस की गयी थी। पिछले दिनों राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में बसों के परिचालन को लेकर आम लोगों की जरूरतों का आकलन किया था।



**पत्नी की हत्या में दोषी पति को आजीवन कारावास : भागलपर।** पत्नी की हत्या में दोषी पाए गए पति को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। एडीजे-14 विवेक कुमार की अदालत ने मंगलवार को कांड के अभियुक्त शंकर दास को सजा सुनाई। कोर्ट ने अभियुक्त पर 30 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर उसे पांच साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। अभियुक्त को अन्य धाराओं में भी सजा सुनाई गई और जुर्माना लगाया गया है, सभी सजा साथ चलेंगी। इस कांड में सरकार की तरफ से एपीपी मो अकबर अहमद खान ने बहस में भाग लिया। घटना को लेकर मृतका के बेटे मुकेश कुमार ने ही अपने पिता शंकर दास पर केस दर्ज कराया था। अमडंडा थाना क्षेत्र के रहने वाले मुकेश ने पुलिस को बताया था कि 31 अक्टूबर 2020 को उसके पिता शंकर दास और मां वेंजुला देवी एक साथ सन्हौला बाजार गए थे। शाम होने पर मुकेश ने पिता का कॉल किया तो उन्होंने बताया कि वे आ रहे हैं। उसके पिता अकेले ही घर लौटे तो उनसे मां के बारे में पूछा। पिता ने बताया कि उसकी मां मायके चली गई है। संदेह होने पर मुकेश ने पिता से सच बताने को कहा तो वे घर से भाग निकले। मुकेश ने पुलिस को बताया था कि ग्रामीण और परिजनों के साथ मिलकर उसने अपनी मां को खोजने की बहुत कोशिश की पर उसका पता नहीं चल सका। उसने यह भी बताया था कि उसके पिता मां के साथ अक्सर झगड़ा करते रहते थे।

## संक्षिप्त समाचार



### आगरा सीट से बसपा की पूजा अमरोही... सीकरी से रामनिवास ने किया नामांकन

**आगरा, एजेंसी।** आगरा सीट से बसपा की पूजा अमरोही और फतेहपुर सीकरी सीट से रामनिवास ने नामांकन दाखिल किया। कुल सात नामांकन हुए। जबकि पांच लोगों ने पर्चे खरीदे। उत्तर प्रदेश के आगरा में लोकसभा चुनाव में नामांकन के दूसरे दिन मंगलवार को आगरा लोकसभा सीट से बसपा से पूजा अमरोही और फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र से रामनिवास शर्मा ने नामांकन दाखिल किए। इसके अलावा तीन निर्दलियों ने भी परचे दाखिल किए। उपजिलानिर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार ने बताया कि आगरा सुरक्षित सीट से तीन नामांकन फार्म और फतेहपुर सीकरी सीट से दो नामांकन पत्र खरीदे गए। इस तरह कुल पांच नामांकन पत्र खरीदे गए। वहीं, आगरा लोकसभा सीट से सबसे पहले बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही अपने चुनिंदा समर्थकों के साथ वाल्मीकि वाटिका पहुंचीं। यहां भगवान वाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद अपने प्रस्तावक रविंद्र पारस और अन्य बसपा नेताओं के साथ कलक्ट्रेट पहुंचीं। इसके साथ ही फतेहपुर सीकरी के बसपा प्रत्याशी रामनिवास शर्मा ने भी नामांकन दाखिल किया।

**आज नहीं होंगे नामांकन दाखिल:** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 17 को रामनवमी के अवकाश के कारण नामांकन पत्र दाखिल नहीं होंगे। 19 अप्रैल को नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख है। इसके बाद 20 अप्रैल तक जांच और 22 को नाम वापसी होगी। सात मई को मतदान होगा।

### नामांकन के दौरान सांसद-विधायक की पुलिस से नोंक-झोंक, हुआ हंगामा



**हाथरस, एजेंसी।** सांसद राजवीर दिलेर व विधायक सादाबाद प्रदीप उर्फ गुड्डू चौधरी पहुंचे, लेकिन दोनों ही जनप्रतिनिधियों को मुख्य द्वार पर ही रोक दिया गया। कलेक्ट्रेट में प्रवेश के लिए सादाबाद विधायक की पुलिस से नोकझोंक हो गई। काफी देर बाद कलेक्ट्रेट से एक फोन कॉल आने के बाद दोनों ही जनप्रतिनिधियों को प्रवेश मिल सका। हाथरस सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के नामांकन के दौरान 16 अप्रैल को फिर कलेक्ट्रेट पर नेताओं की पुलिस से तकरार हो गई। कलेक्ट्रेट में घुसने के लिए सांसद राजवीर दिलेर और सादाबाद विधायक प्रदीप उर्फ गुड्डू चौधरी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से नोंक-झोंक हुई। पुलिस ने सांसद व अन्य जनप्रतिनिधियों की गाड़ी को कलेक्ट्रेट से 200 मीटर पहले लगे बैरियर पर ही रोक दिया। इस कारण सांसद पैदल ही नामांकन स्थल तक पहुंचना पड़ा।16 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी अनूप वाल्मीकि का नामांकन दाखिल कराने के लिए सांसद राजवीर दिलेर, सादाबाद विधायक प्रदीप कुमार गुड्डू चौधरी व अन्य जनप्रतिनिधि कलेक्ट्रेट पहुंचे। शुरुआती दौर में नामांकन के लिए प्रत्याशी के साथ विधायक वीरेंद्र सिंह राना व अन्य लोग नामांकन स्थल पर प्रवेश कर गए। इसके बाद सांसद राजवीर दिलेर व विधायक सादाबाद प्रदीप उर्फ गुड्डू चौधरी पहुंचे, लेकिन दोनों ही जनप्रतिनिधियों को मुख्य द्वार पर ही रोक दिया गया। कलेक्ट्रेट में प्रवेश के लिए सादाबाद विधायक की पुलिस से नोंक-झोंक हो गई। काफी देर बाद कलेक्ट्रेट से एक फोन कॉल आने के बाद दोनों ही जनप्रतिनिधियों को प्रवेश मिल सका।

# धारणा को तोड़ने की कोशिश में बसपा... हिसाब से भी ज्यादा मुसलमानों को दिया टिकट



**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी भाजपा की बी टीम होने की धारणा तोड़ने की कोशिश में है। मायावती ने इससे आगे बढ़ते हुए अब तक जो 55 टिकट दिए हैं उनमें 14 मुस्लिम हैं। जबकि बसपा ने भाजपा के कोर वोटर ब्राह्मणों में से भी 11 को टिकट दिए हैं। मुस्लिम बहुल सीटों पर रणनीति के तहत खुद प्रत्याशी देने में कंजूसी बरतने वाली सपा और कांग्रेस गठबंधन के कई नेता बहुजन समाज पार्टी पर भाजपा की बी टीम होने का आरोप लगाते रहे हैं। पर, बसपा ने कई सीटों पर ऐसे प्रत्याशी उतारे हैं जो सीधे तौर पर भाजपा की टेंशन बढ़ाने वाले हैं। बसपा की राजनीति पर गहराई से नजर रखने वाले प्रोफेसर गोपाल प्रसाद कहते हैं कि बेस वोट पर मंडराते खतरे को ध्यान में रखते हुए बसपा ने इस बार टिकट का वितरण रणनीतिक तौर पर किया है। जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी बसपा का नारा रहा है। मायावती ने इससे आगे बढ़ते हुए अब तक जो 55 टिकट दिए हैं उनमें 14 मुस्लिम हैं। यूपी की आबादी में मुसलमानों की करीब 20 फीसदी हिस्सेदारी है। जबकि बसपा 25.45 प्रतिशत टिकट मुस्लिमों को दे चुकी है। दूसरी ओर गठबंधन ने अब तक घोषित 72 सीटों में से सात टिकट ही मुसलमानों को दिए हैं। यह 10 प्रतिशत भी नहीं है। बसपा ने भाजपा के कोर वोटर ब्राह्मणों में से भी 11 को टिकट दिए हैं। राजनीतिक विश्लेषक डॉ. अमित उपाध्याय कहते हैं कि गठबंधन मुस्लिम वोट लेकर अपनी सीटें बढ़ाने पर ध्यान देता दिख रहा है। गठबंधन के नेताओं का बसपा को भाजपा की बी टीम बताना रणनीतिक सियासी शरारत की तरह है, जिससे मुसलमानों को टिकटों में कम हिस्सेदारी की ज्यादा चर्चा न हो पाए। मायावती ने भाजपा के कई चर्चित चेहरों के सामने अपने रणनीतिक कैंडिडेट उतारकर गठबंधन के नेताओं के आरोपों से पिंड छुड़ाने और भाजपा की बी टीम होने की धारण को तोड़ने की कोशिश की है। करीब 10 सीटों पर बसपा, भाजपा की चुनौती बढ़ाई है।

जौनपुर लोकसभा सीट का पिछला चुनाव भाजपा हार गई थी। इस सीट को निकालने के लिए भाजपा ने कृपा शंकर सिंह को टिकट दिया है। कृपा शंकर महाराष्ट्र में कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे और मूल रूप से जौनपुर के ही रहने वाले हैं। अब मायावती ने ठाकुर समाज के ही बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह को टिकट दे दिया। धनंजय जेल में हैं। श्रीकला जौनपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष हैं। समाजवादी पार्टी ने यहां से बाबू सिंह कुशवाहा को टिकट दिया है। एक जमाने में बाबू सिंह मायावती के आंख-कान होते थे। मेरठ में भाजपा ने अपने सिटिंग सांसद का टिकट काटकर टीवी सीरियल रामायण में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा त्यागी समाज को अपने समर्थन में मानती रही है। कई त्यागी नेताओं को महत्वपूर्ण पद और प्रतिष्ठा से नवाजा है। मायावती ने मेरठ से देवव्रत त्यागी को प्रत्याशी बनाकर भाजपा के कोर वोटबैंक में सेंध लगाने की चाल चल कर टेंशन बढ़ा दी है। बस्ती में भाजपा ने अपने सिटिंग सांसद हरीश द्विवेदी को फिर टिकट दिया है। बसपा ने ब्राह्मण समाज से ही दयाशंकर मिश्र को टिकट देकर भाजपा की पेशानी पर बल ला दिया है। यहां सपा ने एक बार फिर पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी को उतारा है। चौधरी बसपा सरकार में मंत्री हुआ करते थे और मायावती के खास लोगों में गिनती होती थी। आजमगढ़ में सपा मुखिया अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव मैदान में हैं। भाजपा ने यहां से अपने मौजूदा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ को उतारा है। यहां राजभर समाज की अच्छी तादाद है। इस समाज को साधने के लिए भाजपा ने ओमप्रकाश राजभर की पार्टी सुभासपा से गठबंधन किया है। पर, बसपा ने अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को आजमगढ़ से उतार कर भाजपा के समीकरण की चुनौती बढ़ा दी है।

## टिकट वितरण में अपनो को तरजीह देने से नेता नाराज, सपा के अंदर उठ रहे सवाल

### अंसतोष थामने को क्या करेंगे अखिलेश?

**लखनऊ, एजेंसी।** सपा ने दूसरे दलों से आए नेताओं पर ज्यादा भरोसा जताया है। आधे से ज्यादा पार्टी प्रत्याशी बसपा, भाजपा या कांग्रेस पृष्ठभूमि वाले हैं। पार्टी के अंदर सवाल उठने लगे हैं। अंसतोष थामने को रणनीति बनानी होगी। सपा ने लोकसभा टिकट देने में दूसरे दलों से आए नेताओं पर ज्यादा भरोसा जताया है। यूपी में उसके अब तक घोषित प्रत्याशियों में आधे से ज्यादा बसपा, भाजपा या कांग्रेसी पृष्ठभूमि के हैं।



सपा में अंदरखाने इस स्थिति पर सवाल उठने लगे हैं। पार्टी के हमदर्दों का कहना है कि इस असंतोष को थामने के लिए शीघ्र ही कारगर कदम उठाने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश में सपा अभी तक अपने सिंबल पर 57 प्रत्याशी घोषित कर चुकी है, इनमें से 29 प्रत्याशी दूसरे दलों की यात्रा तय करके सपा में आए हैं। श्रावस्ती से सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा और गाजीपुर से प्रत्याशी अफजाल अंसारी बसपा के सांसद हैं। सलेमपुर से प्रत्याशी बनाए गए रमाशंकर राजभर वर्ष 2009 में बसपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव जीते थे। जौनपुर के प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा बसपा सरकार में कद्दावर मंत्री रहे हैं। लालगंज सुरक्षित सीट से प्रत्याशी बनाए गए दरोगा सरोज भाजपा से सपा में आए हैं। कुशीनगर के प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार के पिता जन्मेजय सिंह दो बार देवरिया सदर सीट से भाजपा के विधायक रह चुके हैं। पिंटू खुद विधानसभा उपचुनाव सुभासपा के टिकट पर लड़ चुके हैं। बस्ती के प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी भी बसपा पृष्ठभूमि के हैं। डुमरियागंज के सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर कुशल तिवारी संतकबीरनगर से बसपा के सांसद रह चुके हैं। इसी तरह से अम्बेडकरनगर के प्रत्याशी लालजी वर्मा बसपा सरकार में मंत्र रह चुके हैं। फूलपुर से प्रत्याशी बनाए गए अमरनाथ मौर्य भी बसपा पृष्ठभूमि के हैं और स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ सपा ज्वॉइन की थी।





### रामनवमी: मन प्रफुल्लित कर देंगी अयोध्या की तस्वीरें, राममंदिर, हनुमान गढ़ी, सरयू तट पर हजारों लोगों की भीड़

**अयोध्या, एजेंसी।** रामनवमी के मौके पर आस्था का सैलाब अयोध्या में उमड़ पड़ा। रामलला के दर्शन के लिए लाखों भक्त अयोध्या में हैं। एक अनुमान के मुताबिक करीब पांच लोग आज अयोध्या आएंगे। मंदिर के पट आज सुबह साढ़े तीन बजे से खोल दिए गए। भक्तों के दर्शन का अनवरत सिलसिला शुरू हो गया। रात 11 बजे रामलला अपने भक्तों को दर्शन देंगे।

## डूंगरपुर केस में आजम ने दाखिल की गवाहों की सूची, अब 22 को होगी सुनवाई, एक मामले में हो चुकी सजा



**रामपुर, एजेंसी।** रामपुर की एक अदालत में डूंगरपुर मामले की सुनवाई हुई। सीतापुर जेल में बंद आजम खां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश हुए। उन्होंने कोर्ट में गवाहों की सूची पेश की। इसकी सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। डूंगरपुर के एक मामले में मंगलवार को सीतापुर जेल में बंद सपा नेता आजम खां की ओर से गवाहों की सूची और सुबूत कोर्ट में पेश किए गए। अब इस मामले की सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। सुनवाई के दौरान आजम खां सीतापुर जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश हुए। गंज थाना क्षेत्र की डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के नाम पर मारपीट, लूटपाट, डकैती जैसे संगीन आरोप लगाते हुए बस्ती के लोगों ने 12 केस दर्ज कराए थे। जिसमें तीन मुकदमों में कोर्ट अपना फैसला सुना चुकी है। एक मामले में सपा नेता आजम खां को सात साल की कैद हुई है और दो मामलों में वह बरी हो चुके हैं। इसी तरह के एक अन्य मामले में सुनवाई कोर्ट में हो रही है। इस मामले में सपा नेता आजम खां के साथ ही उनके मीडिया प्रभारी रहे फसाहत अली खां शानू, ठेकेदार बरकत अली, शावेज खां, इमरान, इकराम, सज्जाद को आरोपी बनाया गया था। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। मंगलवार को इस मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान आजम खां के अधिवक्ता ने गवाहों की सूची दाखिल करने के साथ ही बचाव में दस्तावेजी साक्ष्य पेश किए। कोर्ट ने अब इस मामले की सुनवाई के लिए 22 अप्रैल की तारीख तय की है।

## बाहुबली धनंजय सिंह कभी खुद लड़े तो कभी पत्नी को लड़ाया... 22 साल से जौनपुर की सियासत में बने हैं एक धुरी

**जौनपुर, एजेंसी।** जौनपुर की सियासत में बाहुबली धनंजय सिंह कभी खुद चुनाव लड़े तो कभी पत्नी को चुनाव लड़ाया। उन्होंने हर विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाग्य आजमाया।

धनंजय अब तक तीन बार लोकसभा और सात बार विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। पूर्व सांसद धनंजय सिंह की बीते दो दशक से जौनपुर की सियासत में सीधी पैठ है। कभी वह खुद तो कभी अपनी पत्नी को यहां से चुनाव लड़ते-लड़ाते रहे हैं। 2002 के बाद 2019 में पहला मौका था जब धनंजय या उनके परिवार का कोई सदस्य चुनाव नहीं लड़ा। इसके अलावा उन्होंने हर विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाग्य आजमाया।

धनंजय अब तक तीन बार लोकसभा और सात बार विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। बहरहाल, धनंजय सिंह की पत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकला रेड्डी को बसपा से टिकट मिलने से जौनपुर की सीट पर चुनावी घमासान तेज हो



गया है। 15 साल पहले 2009 में धनंजय सिंह ने बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था और जीत दर्ज करने में कामयाब हुए थे। बाद में उनके बगावती तेवर के चलते बसपा ने पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। इसके बाद से धनंजय या उनकी पत्नी कोई भी विधानसभा या लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाए। लंबे समय बाद एक बार फिर बसपा का साथ मिलने पर इनकी पत्नी श्रीकला चुनावी रण में हैं।

## यूपीएससी में मेधा को मिला यश, अफसर बने बरेली के तीन होनहार, शोहम की 77वीं रैंक

**बरेली, एजेंसी।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में इस बार भी रुहेलखंड के होनहारों ने सफलता का परचम लहराया है। शोहम टीबडेवाल ने 77वीं, बहेड़ी के केशवपुरम निवासी निर्देश गंगवार ने 360वीं और महानगर निवासी 22 साल के यश वर्धन सिंह ने 571वीं रैंक हासिल की है। इसके अलावा मंडल के अन्य जिलों के होनहारों ने भी मेधा का लोहा मनवाया है। उनकी इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। बरेली के माधोबाड़ी निवासी शोहम टीबडेवाल ने दूसरे प्रयास में सिविल सेवा परीक्षा में 77वां स्थान हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है। फिलहाल, वह दिल्ली में हैं। लोग सोशल मीडिया पर उनको बधाई दे रहे हैं। उनके घर भी बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। उनके पिता अनुपम टीबडेवाल व्यवसायी व माता सीमा गृहिणी हैं।





**नौकरी छोड़ की ऑनलाइन तैयारी, मिली 77वीं रैंक:** उन्होंने सेंट फ्रांसिस स्कूल से 10वीं और वुडरो स्कूल से 12वीं करने के बाद पहले ही प्रयास में आईआईटी जेईई पास की। आईआईटी मुंबई से वर्ष 2020 में सिविल इंजीनियरिंग से बीटेक कर गुरुग्राम में जॉब भी की। कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने नौकरी छोड़ दी। उन्होंने पहले प्रयास में परीक्षा पास की तो उनका चयन रेलवे में हुआ था। इस बार दूसरे प्रयास में 77वीं रैंक हासिल हुई है। अब उनका चयन आईएएस के लिए हुआ है। वह बताते हैं निरंतर पढ़ाई की जाए तो सफलता जरूर मिलती है। पिता ने बताया कि बेटे की इस उपलब्धि ने गौरवान्वित किया है।

**सफलता का मंत्र:** शोहम के शिक्षक रहे केबी त्रिपाठी ने बताया कि अपने सपने को हासिल करने के लिए उन्होंने सिविल सेवा की ऑनलाइन तैयारी की। 16 घंटे पढ़ाई की। समयसारणी बनाकर प्रत्येक विषय की तैयारी की। जिन विषयों में संशय था, उनके लिए अधिक समय दिया।

# बेटी की शादी से पहले पिता ने दी जान, मई में बिटिया की आएगी बरात

### नहीं हो पाया था रुपयों का इंतजाम

**शाहजहांपुर, एजेंसी।** शाहजहांपुर के कांट क्षेत्र में मंगलवार को एक किसान का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। परिजनों के मुताबिक मई में बेटी की शादी है। इसके लिए रुपयों का इंतजाम नहीं हो पाने से किसान परेशान था। उस पर बैंक का कर्ज भी था। शाहजहांपुर के कांट क्षेत्र में गांव कमलनैनपुर निवासी रामआसरे (56) ने फंदे से लटककर जान दे दी। परिजनों के मुताबिक, मई में होने वाली बेटी की शादी के लिए धन की व्यवस्था न होने से वह परेशान थे। उन पर बैंक का कर्ज भी था।

रामआसरे के पास पांच बीघा जमीन थी। वह खेती करने के साथ ही ऑटो चलाते थे। सोमवार शाम परिवार के लोग खेत पर चले गए, तब वह घर से निकल गए। रातभर घर नहीं लौटे। सुबह करीब सात बजे उनका शव गांव के बाहर आम के पेड़ में रस्सी के सहारे फंदे से लटका मिला। सीओ सदर अमित चौरसिया व थाना प्रभारी दयाशंकर ने मौका-मुआयना किया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। परिजनों ने बताया कि रामआसरे ने अपनी बेटी की शादी जलालाबाद में तय की थी। मई में शादी होनी थी। रुपयों का इंतजाम नहीं हो पा रहा था। बैंक से लिए एक लाख 40 हजार रुपये के फसली ऋण की किस्त अदा नहीं करने के चलते नोटिस भी आ चुका था।

**सामूहिक विवाह योजना में नहीं आया था नाम**

परिजनों ने बताया कि बेटी की शादी करने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में आवेदन किया था। उसमें नाम नहीं आ सका था। हालांकि, नाम न आने का कारण उन्हें नहीं पता। रामआसरे अपने पीछे बेटी मोना, महिमा, संजना और काव्या व एक बेटा शिवांशु को छोड़ गए हैं।

सीओ सदर अमित चौरसिया ने बताया कि रामआसरे पर बैंक का कर्ज होने की बात सामने आई है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया।





## चुनावी मैदान में मौलाना तौकीर रजा ने मांगा नोड्यूज, बरेली से चुनाव लड़ने की अटकलें

**बरेली, एजेंसी।** मौलाना तौकीर रजा दूसरी बार लोकसभा चुनाव में उतरने की तैयारी में हैं। उनकी ओर से इस बात के संकेत दिए जा रहे हैं। उनके करीबियों की मानें तो वे 19 अप्रैल को नामांकन दाखिल कर सकते हैं। बरेली दंगों के मुख्य आरोपी और इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां बरेली के चुनावी मैदान में भाग्य आजमा सकते हैं। उच्चतम न्यायालय से निचली अदालतों के आदेशों पर रोक से मिली राहत के बाद मौलाना सियासी राह पर आगे बढ़ने की तैयारी में हैं। गुपचुप तरीके से नामांकन की तैयारी के लिए उनकी ओर से नगर निगम में प्रार्थना पत्र के साथ शपथ पत्र देकर नो-ड्यूज सर्टिफिकेट मांगा गया है। आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर दूसरी बार चुनाव में उतरने की तैयारी में हैं। उनकी ओर से इस बात के संकेत दिए जा रहे हैं। उनके करीबियों की मानें तो वे 19 अप्रैल को नामांकन दाखिल कर सकते हैं। दरअसल, मौलाना और सियासत का नाता बेहद पुराना है। करीब दो दशक पहले बदायूं लोकसभा सीट से मौलाना सियासत में पटखनी खा चुके हैं। उनके पिता रेहान रजा खां ने मुस्लिम समुदाय के मामलों को उठाने के लिए आईएमसी का गठन किया था। वर्ष 2000 में आईएमसी की कमान मौलाना को मिली।



# मोबाइल पर खतरा

संपादकीय

दुनिया में सबसे सुरक्षित समझे जाने वाले मोबाइल फोन पर किसी ताकतवर स्पाइवेयर का खतरा मंडराना बहुत चिंता की बात है। एप्पल कंपनी ने भारत सहित 92 देशों में इस साल के लिए खतरे की सूचना का पहली किस्त जारी की है। इस कंपनी के मोबाइल धारकों को सावधान रहने के लिए कहा गया है। खतरा कितना बड़ा है, इस संबंध में कंपनी ने आंकड़े जारी नहीं किए हैं, पर सुरक्षित मोबाइल व नेटवर्क का दावा करने वाली यह कंपनी अगर किसी भी स्पाइवेयर को लेकर चिंतित है, तो इसे गंभीरता से लेना चाहिए। अव्वल तो सबसे सुरक्षित मोबाइल को निशाना बनाया जा रहा है, तो इसके व्यापक मकसद को समझा जा सकता है। अगर सबसे चर्चित व सुरक्षित मोबाइल निशाने पर है, तो बाकी मोबाइल को कितना सुरक्षित माना जाए? इसे एक ब्रांड पर ही नहीं, बल्कि मोबाइल सेवा पर हमले के रूप में देखा जा सकता है और देखा जाना चाहिए। इससे मोबाइल सेवा की विश्वसनीयता के साथ ही गुणवत्ता पर भी असर पड़ेगा।

ऐसा लगता है कि एक श्रेष्ठ मोबाइल सेवा में सेंध लगाने की यह कोशिश साइबर जासूसी की साजिश का ही विस्तार है। स्पाइवेयर के तहत किसी मोबाइल में एक खास बग या तत्व को पहुंचा दिया जाता है, जो किसी एप या एसएमएस के माध्यम से सूचनाओं को लीक करने लगता है। इससे किसी भी मोबाइल धारक के बारे में तमाम जानकारियां जुटाकर उनका दुरुपयोग हो सकता है। यहां यह बात गौर करने की है कि चूंकि यह फोन महंगा है, इसलिए इसका उपयोग आमतौर पर समाज या व्यवस्था के निर्णायक लोग करते हैं। अगर किसी निर्णायक व्यक्ति के फोन में सेंध लग जाए, तो फिर उससे सेंधमार को बहुत लाभ पहुंच सकता है। निजता का उल्लंघन तो होता ही है, आर्थिक नुकसान की भी भरपूर गुंजाइश रहती है। देखने की बात है कि पेगासस की वजह से भी एप्पल के फोन निशाने पर आए थे, तब एप्पल कंपनी ने बहुत ही कड़े रुख का परिचय दिया था और पेगासस कंपनी को भी घेरे में ले लिया था। अपनी सुरक्षा के घेरे को बनाए रखने की एप्पल कंपनी की चेष्टा वास्तव में अपने ग्राहकों की यथोचित चिंता से उपजी है। वैसे, जरूरी नहीं कि सभी एप्पल फोन धारकों को स्पाइवेयर के जरिये निशाना बनाया जाए। साइबर अपराधी अपने फायदे के लिए कुछ लोगों या कुछ फोन को निशाना बना सकते हैं या बना रहे होंगे। भारत में चूंकि चुनावी मौसम है, इसलिए यहां इस खतरे से इनकार नहीं किया जा सकता। गौर करने की बात है कि दुनिया में अभी पचास से ज्यादा देशों में चुनाव हो रहे हैं, अतः केवल एप्पल ही नहीं, तमाम मोबाइल फोन निर्माताओं और सेवा प्रदाताओं को अपने उत्पाद व सेवा सुरक्षा के प्रति सजग हो जाना चाहिए। ग्राहकों या उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सबसे ऊपर रहनी चाहिए। वैसे भी भविष्य उन्हीं कंपनियों का है, जो अपने ग्राहकों के लिए सरकारों से भी लड़ जाती हैं। आज एक बड़ी चिंता दुनिया में उन सरकारों को लेकर भी है, जिन्हें जासूसी का चस्का है। जासूसी के अनेक प्रकरण पहले भी सरकारों द्वारा प्रायोजित रहे हैं। ऐसे में, किसी देश के संविधान के दायरे में कंपनियों की निष्ठा अगर अपने ग्राहकों के प्रति रहे, तो लोग खुद को ज्यादा सुरक्षित और सशक्त महसूस करेंगे। तमाम आईटी कंपनियों को हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, दोनों ही मोर्चों पर साइबर सुरक्षा का तंत्र मिलकर तैयार करना चाहिए, ताकि वायरस, मैलवेयर या स्पाइवेयर पर शिकंजा कसा रहे।

# चुनाव तंत्र के भ्रष्ट होने से खतरे में लोकतंत्र

**प्रियंका गुप्ता**

आर्थिक दिशा में अनवरत रूप से ढांचागत गंभीर असफलता के बावजूद हमारे देश में प्रजातंत्र न केवल अपना अस्तित्व बनाए हुए है, बल्कि यहां की जमीन में गहरी जड़ें जमा चुका है, परंतु हमें इस तथ्य की जानकारी रखनी होगी कि भारतीय राजनीति की इस एकमात्र उपलब्धि को भी चुनाव संबंधी प्रक्रिया में दोष को बढ़ावा देकर खतरा पैदा किया जा रहा है। समूचा चुनाव तंत्र पूरी तरह से भ्रष्ट हो गया है, जिसका हमारे लोकतंत्र पर बुरा असर पड़ रहा है। चुनाव सुधार अब कोई अकादमिक मुद्दा नहीं रह गया है, जिस पर लगातार कार्यवाही की जानी है। चुनाव आयोग ने इस वर्ष के अपने प्रतिवेदन में तीन प्रकार के बलों अर्थात धनबल, बाहुबल तथा प्रचार के बल (मीडिया) द्वारा पैदा किए गए खतरों की बात की थी। इस सूची में दो किस्म के बलों अर्थात शासकीय बल तथा तंत्र बल को भी जोड़ देना चाहिए। वास्तव में, इन पांचों के बल को संक्षेप में 'एम' कह सकते हैं। यदि इन पांच बुरे बलों पर रोक लगा दी जाती है, तो मेरे विचार में सुधार की कोई भी बात स्वयं चुनाव आयोग से ही शुरू की जानी चाहिए।




चुनाव आयोग को इसके गठन, इसके तंत्र, इसके अधिकार क्षेत्र और इसकी स्वायत्तता की दृष्टि से सुदृढ़ किए जाने की जरूरत है। ...मेरे विचार में इसका प्रमुख एक व्यक्ति न होकर तीन व्यक्ति होने चाहिए और इस चुनाव आयोग का प्रबंध चलाने के लिए व्यक्तियों का चयन अकेली सरकार की इच्छा पर ही नहीं छोड़ दिया जाना चाहिए। मेरा विचार यह है कि वास्तव में इनकी नियुक्ति करने से पहले विपक्ष तथा देश के प्रधान न्यायाधीश और सरकार, सभी की राय पर विचार किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त आयोग के पास स्वयं का एक स्वतंत्र तंत्र होना चाहिए, नहीं तो इसे पुनः राज्य सरकार के स्तर के तंत्र के माध्यम से कार्य करना पड़ेगा।

निर्वाचन आयोग को किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में, जहां वह इस बात से संतुष्ट हो जाए कि दस से अधिक मतदान केंद्रों पर कब्जा किया गया है, पुनः मतदान कराने का आदेश देने का अधिकार दिया जाना चाहिए।

...आचार संहिता का पालन के बजाय उल्लंघन अधिक किया जाता है, इसलिए इस बात की बहुत आवश्यकता है कि आचार संहिता को कानूनी अधिकार दिए जाएं। निर्वाचन आयोग द्वारा दिए जाने वाले निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए, नहीं तो ये बिल्कुल व्यर्थ सिद्ध होंगे। ... हम जानते हैं कि जिला मजिस्ट्रेट क्या कुछ कर सकते हैं। अकेले बिहार राज्य में ही मैं आपका ध्यान एक अन्य मामले की ओर आकर्षित कर सकता हूं। विधानसभा चुनाव में पहले भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एक उम्मीदवार को विजयी घोषित कर दिया गया और 24 घंटे के भीतर ही उसी चुनाव अधिकारी द्वारा कांग्रेस (आई) के उम्मीदवार को जीत का प्रमाणपत्र दे दिया गया। मैं आशा करता हूं कि आप चुनाव अधिकारी के रूप में जिला मजिस्ट्रेट की नियुक्ति में किए गए भारी पक्षपात को समझेंगे। ...

हमें पर्याप्त कानूनी प्राधिकार के साथ एक ऐसी आचार संहिता तैयार करनी चाहिए, जिससे यह देख सकें कि सरकार के इन प्रचार माध्यमों का संकीर्ण व घृणित पक्षपातपूर्ण प्रयोजनों के लिए दुरुपयोग न किया जाए।

अब मैं कंपनियों को राजनीतिक दलों को चंदा देने की अनुमति देने के बारे में हाल ही में किए गए संशोधन की चर्चा करूंगा। सरकार कंपनियों से उप-कर के रूप में चंदा प्राप्त कर सकती है। उस धन को एकत्र करके निर्धारित मानदंडों के अनुसार विभिन्न दलों में बांटा जा सकता है। यदि कंपनियों को विशेषाधिकार दिया जाता है, तो कंपनियां दलों के सैद्धांतिक दृष्टिकोण तथा दल की संरक्षक शक्ति के आधार पर चंदा देंगी। इसलिए यह संशोधन केवल उस भ्रष्टाचार को नियमित करने के लिए है, जो हमारे चुनाव तंत्र को खा रहा है।...

मेरे विचार से हमारे राजनीतिक दलों का ढांचा आंतरिक कार्यकरण के मामले में पर्याप्त रूप से लोकतांत्रिक नहीं है। इसलिए एक व्यापक विधान के माध्यम से राजनीतिक दलों के कार्यकरण को नियमित करने तथा राजनीतिक दलों की अनिवार्य लेखा परीक्षा शुरू करने की आवश्यकता है। ... महोदय, हल्के और सतही उम्मीदवारों से भी बचने की आवश्यकता है। ऐसा करने का एक तरीका यह है कि जमानत राशि को कम से कम 10 गुना बढ़ा दिया जाए।

# अयोध्या में भरत का शासनकाल

**भरत अयोध्या के राजा नहीं बनना चाहते थे। वे अपने बड़े भाई श्रीराम का आदर भक्ति की सीमा तक करते थे। उनके लिए श्रीराम के स्थान पर स्वयं को राजा बनने की कल्पना करना भी असंभव था। यद्यपि उनकी माता कैकेयी ने महाराज दशरथ द्वारा पूर्व में उन्हें दिए गए वचनों की याद दिलाते हुए दो वरदान माँग लिए थे, पहला, अपने पुत्र अर्थात् भरत को अयोध्या का राज्य और दूसरा, श्रीराम को चौदह वर्षों का वनवास। श्रीराम के साथ सीता और लक्ष्मण भी जंगल चले जाते हैं। इस दुख में दशरथ अपने प्राण त्याग देते हैं। इस घटनाक्रम के समय भरत और शत्रुघ्न अपनी ननिहाल में थे। गुरु जी उन्हें तत्काल वापस बुलाते हैं। अयोध्या पहुँचकर भरत पर जैसे वज्रपात हो गया, श्रीराम के वनवास का कारण स्वयं को जानकर वे अत्यंत दुखी हो जाते हैं। वे पिता के अंतिम संस्कार के पश्चात श्रीराम को वापस लाने चित्रकूट जाते हैं।**

**रमेश रंजन त्रिपाठी**

रामराज्य को दुनिया की श्रेष्ठ शासन प्रणाली माना जाता है। महाराज दशरथ के परलोकगमन के पश्चात और श्रीराम के राजा बनने से पहले चौदह वर्षों तक भरत ने अयोध्या का राजकाज सम्हाला। उन्होंने स्वयं राजगद्दी पर बैठने के बजाय, श्रीराम की चरण पादुकाओं को सिंहासन पर प्रतिष्ठित किया। चरणपादुकाएं उन सिद्धांतों और मर्यादित आचरण का प्रतीक हैं जिसमें श्रीराम दृढ़ता से खड़े रहते हैं। अर्थात् भरत ने राघवेंद्र सरकार से प्राप्त मार्गदर्शन के अनुरूप सत्ता का संचालन किया। गोस्वामी तुलसीदास जी ने 'श्रीरामचरित मानस' में लिखा है कि भरत चरणपादुकाओं से अनुमति लेकर काम करते थे। 'मागि मागि आयसु करत राज काज बहु भाँति'। रामराज्य की श्रेष्ठता के कारण भरत के शासन काल की अधिक चर्चा नहीं होती। जबकि भरत ने भी अत्यंत कुशलतापूर्वक अयोध्या की राज्य व्यवस्था सम्हाली। इसका प्रमाण महर्षि व्यास कृत ब्रह्माण्ड पुराण के उत्तरखंड का हिस्सा अध्यात्म रामायण के युद्ध कांड में मिलता है जिसमें वनवास के उपरांत अयोध्या लौटे श्रीराम से भरत कहते हैं- प्रभो! मुझे धरोहर रूप में सौंपे हुए आपके इस राज्य को मैं फिर आपको ही सौंपता हूँ। हे जगन्नाथ! आपके प्रताप से मैंने अन्न-भंडार, सेना और कोश आदि पहले से दस गुने कर दिए हैं। 'कोष्ठागारं बलं कोशं कृतं दशगुणं मया'।

भरत अयोध्या के राजा नहीं बनना चाहते थे। वे अपने बड़े भाई श्रीराम का आदर भक्ति की सीमा तक करते थे। उनके लिए श्रीराम के स्थान पर स्वयं को राजा बनने की कल्पना करना भी असंभव था। यद्यपि उनकी माता कैकेयी ने महाराज दशरथ द्वारा पूर्व में उन्हें दिए गए वचनों की याद दिलाते हुए दो वरदान माँग लिए थे, पहला, अपने पुत्र अर्थात् भरत को अयोध्या का राज्य और दूसरा, श्रीराम को चौदह वर्षों का वनवास। श्रीराम के साथ सीता और लक्ष्मण भी जंगल चले जाते हैं। इस दुख में दशरथ अपने प्राण त्याग देते हैं। इस घटनाक्रम के समय भरत और शत्रुघ्न अपनी ननिहाल में थे। गुरु जी उन्हें तत्काल वापस बुलाते हैं। अयोध्या पहुँचकर भरत पर जैसे वज्रपात हो गया, श्रीराम के वनवास का कारण स्वयं को जानकर वे अत्यंत दुखी हो जाते हैं। वे पिता के अंतिम संस्कार के पश्चात श्रीराम को वापस लाने चित्रकूट जाते हैं। वे भलीभाँति जानते थे कि श्रीराम वनवास की अवधि पूरी होने से पूर्व अयोध्या नहीं लौटेंगे। भरत फिर भी अपने अग्रज को मनाने जाते हैं और अपने समर्पण, भक्ति और विनय से चौदह सालों बाद अयोध्या आकर राजगद्दी सम्हालने हेतु श्रीराम की स्वीकृति प्राप्त कर लेते हैं। यह बात इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि कैकेयी ने भरत को राजा बनने का वरदान सीमित अवधि के लिए नहीं माँगा था, वनवास के पश्चात श्रीराम अयोध्या लौटते तब भी राजा भरत ही रहते। भरत अपने उद्देश्य में सफल होते हैं कि चौदह वर्षों बाद राघव अयोध्या के नरेश होंगे। वे अयोध्या से इतर, नंदीग्राम में रहते हुए राजकाज करने लगते हैं।



अयोध्या के शासन का संचालन करने के लिए श्रीराम द्वारा दिए गए सूत्र और स्वयं भरत की कार्यप्रणाली का गोस्वामी तुलसीदास जी ने 'श्रीराम चरित मानस' में संक्षिप्त किंतु सारगर्भित वर्णन किया है। श्रीराम, सीता और लक्ष्मण के वनगमन के समय महाराज दशरथ के कहने पर सुमंत्र उन तीनों को रथ में बिठाकर जंगल में ले जाते हैं। श्रृंगवेरपुर से सुमंत्र को वापस लौटाते हुए राघव भरत के लिए संदेश भेजते हैं कि राजा का पद पाने पर नीति न छोड़ देना, मन, वचन और कर्म से प्रजा का पालन करना और सब माताओं को समान जानकर सेवा करना। हे भाई! पिता, माता और स्वजनों की सेवा करके भाईपने को अंत तक निभाना। पिता जी को ऐसे रखना कि वे मेरा सोच न करें। यह सीख तब दी गई थी जब महाराज दशरथ जीवित थे।

दशरथ जी के न रहने पर भरत चित्रकूट जाते हैं। वे चौदह वर्षों तक अयोध्या का राज काज सम्हालने के लिए श्रीराम से सीख देने की आर्त भाव से विनती करते हैं। राघव उन्हें समझाते हैं कि तुम्हारी, मेरी, परिवार, घर और वन की सारी चिंता गुरु वशिष्ठ और महाराज जनक जी को है। गुरुदेव, मुनि विश्वामित्र और मिथिलापति के होते, हमें, तुम्हें स्वप्न में भी क्लेश नहीं है। मेरा, तुम्हारा परम पुरुषार्थ, स्वार्थ, सुयश, धर्म और परमार्थ इसी में है कि हम दोनों भाई पिता जी की आज्ञा का पालन करें। माता-पिता, गुरु और स्वामी की आज्ञा मानने से पैर कभी कुमार्ग पर नहीं पड़ते। ऐसा विचारकर चिंता छोड़ अवध जाकर अवधि भर उसका पालन करो। देश, खजाना, परिवार, कुटुम्ब आदि की जिम्मेदारी तो गुरु जी सम्हाल लेंगे। तुम तो मुनि वशिष्ठ जी, माताओं और मंत्रियों की सलाह मानकर तदनुसार पृथ्वी, प्रजा और राजधानी की रक्षा करते रहना। भरत की व्यग्रता को शांत करके श्रीराम उन्हें अत्यंत सुंदर प्रतीक से राजधर्म का सार समझाते हैं- मुखिया को मुख के समान होना चाहिए, जो खाने-पीने को तो अकेला है, परंतु विवेकपूर्वक सभी अंगों का पालन-पोषण करता है। श्रीराम की शिक्षा का सार यही है कि राजा को निरंकुश नहीं होना चाहिए, राजकाज में योग्य व्यक्तियों की सलाह लेते हुए सबकी समुचित देखभाल करनी चाहिए।

श्रीराम की चरणपादुकाएं लेकर भरत अयोध्या लौट आते हैं। जनक जी चार दिन अयोध्या में रुके, समस्त इंतजाम किया और मंत्री, गुरु जी और भरत को राज्य सौंपकर मिथिला चले गए। नगरवासी गुरु जी की सीख मानकर श्रीराम के वापस लौटने की प्रतीक्षा में नियम उपवास करते हुए भोग, सुखों को त्यागकर रहने लगे। भरत ने मंत्रियों और विश्वस्त सेवकों को यथोचित दायित्व सौंप दिए। शत्रुघ्न को शिक्षा दी और माताओं की सेवा में नियुक्त कर दिया। विद्वत्समाज से निवेदन किया कि वे कोई भी आज्ञा देने में संकोच न करें। भरत ने परिजनों और नागरिकों को सब प्रकार से संतुष्ट कर सुखपूर्वक बसाया। फिर उन्होंने शत्रुघ्न के साथ जाकर गुरु जी से नियमपूर्वक रहने की आज्ञा प्राप्त की और सुदिन देख चरणपादुकाओं को राजसिंहासन पर विराजित कराया। वे गुरुदेव और कौशल्या माँ को सिर नवाकर पादुकाओं से आज्ञा ले नंदिग्राम में पर्णकुटी बनाकर रहने लगे। भरत सिर पर जटाजूट बना, मुनियों के वल्कल वस्त्र धारणकर पृथ्वी को खोदकर उसके अंदर कुश का आसन बिछाकर रहने लगे। श्रीराम के वन में निवास करने के कारण भरत भी प्रेमपूर्वक भोजन, वस्त्र, बर्तन, व्रत, नियम आदि में ऋषियों के तुल्य आचरण करने लगे। उन्होंने तन, मन और वचन से समस्त सुख-सुविधाओं, वस्त्राभूषण, भोग-विलास का त्याग कर दिया।

भरत ने अपने आचरण से सिद्ध किया कि वैराग्य धारण कर लेने पर भी राजकाज का सफलतापूर्वक संचालन किया जा सकता है। वे पूरी सतर्कता एवं सजगता से श्रीराम की धरोहर, अयोध्या की देखभाल करने लगे। उन्होंने गुरुदेव, माताओं, परिजनों से लेकर छोटे-बड़े सभी की सुख-सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा। माना जाता है कि श्रीराम और सीता जी की सुरक्षा के लिए वन में चौदह वर्ष लक्ष्मण सोये नहीं, वे रात भर जागते हुए वीरासन में बैठकर पहरा देते थे। भरत भी चौदह सालों तक श्रीराम की अयोध्या की रक्षा के लिए सजगता पूर्वक जागा करते थे। इसका प्रमाण है, हनुमान जी द्वारा राम-रावण युद्ध के दौरान लक्ष्मण के प्राण बचाने के लिए द्रोण पर्वत को लेकर जानेवाली अद्भुत घटना। रात के समय पहाड़ को लेकर जा रहे बजरंग बली अयोध्या के ऊपर से गुजरते हैं, तब भरत उन्हें कोई राक्षस समझकर बाण मारकर गिरा देते हैं। ऐसा तभी संभव था जब भरत रात्रि में जागरण कर चौकसी कर रहे होते। जिस देश का राजा अपनी प्रजा के कल्याण के लिए इतना सजग हो, वहाँ की सेना, कर्मचारी और नागरिक स्वयं कितने सदाचारी, कुशल और कर्मठ होंगे, अनुमान लगाया जा सकता है।

देवताओं की राजधानी अमरावती से बढ़कर ऐश्वर्यशाली अयोध्या में ऋषि-मुनियों की भाँति विरागी जीवन बिताते हुए शासन करना तथा चौदह वर्षों में राज्य के वैभव को दस गुना बढ़ा देने की विलक्षण प्रतिभा के कारण तुलसी बाबा ने भरत के लिए सही ही कहा है- 'सब बिधि भरत सराहन जोगू' अर्थात् सभी प्रकार से भरत प्रशंसा के योग्य हैं।

# लाल गलियारे में भी चुनावी बिगुल

**आजादी बाद से ही देश में कम्युनिस्ट पार्टी या पार्टियों ने एक ऐसा समाज बनाने का सपना देखना शुरू कर दिया था, जो शोषण-विहीन व समता मूलक हो और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए वे समय-समय पर अपनी रणनीति बदलते रहे। एक बड़े सशस्त्र आंदोलन के रूप में तेलंगाना (1948-51) पहला प्रयास था, जो निजाम शासन की ज्यादतियों और भूमि सुधारों के लिए लड़ा गया। इसे राज्य ने बड़ी निर्ममता से कुचल दिया। तत्कालीन कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ने 1952 के पहले आम चुनाव में भाग लिया और देश के कई हिस्सों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।**

**मोहन चंद्राकर**

झारखंड के लातेहार व गढ़वा और छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिलों की सीमाओं को छूता बूढ़ा पहाड़ 2024 के आम चुनावों में प्रतीकात्मक ही सही, इतने महत्वपूर्ण बिंब की तरह क्यों उभरा है? पचास से अधिक किलोमीटर विस्तृत और घने जंगलों वाला यह दुर्गम इलाका पिछले तीन दशकों तक कई प्रदेशों में फैले माओवादियों के ट्रेनिंग और कमांड सेंटर के तौर पर काम करता रहा है। सुरक्षा बलों के लिए लगभग अभेद्य इस इलाके में वाम अतिवादियों की ही चलती थी और यहीं से वे बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा और महाराष्ट तक फैले लाल गलियारे में अपनी गतिविधियों का संचालन करते रहे हैं। पिछले कई आम चुनावों को उनके सशस्त्र हस्तक्षेप ने रक्त-रंजित तो किया ही, राज्य के सामने उनके प्रभाव क्षेत्रों में सही सलामत चुनाव करा पाना मात्र भी एक बड़ी चुनौती रही है। यह चुनौती काफी हद तक खत्म हुई 27 जनवरी, 2023 को, जब झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हेलीकॉप्टर बूढ़ा पहाड़ की चोटी पर उतरा और उन्होंने इलाके के विकास के लिए सौ करोड़ रुपये की योजनाओं की घोषणा की।

आजादी बाद से ही देश में कम्युनिस्ट पार्टी या पार्टियों ने एक ऐसा समाज बनाने का सपना देखना शुरू कर दिया था, जो शोषण-विहीन व समता मूलक हो और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए वे समय-समय पर अपनी रणनीति बदलते रहे। एक बड़े सशस्त्र आंदोलन के रूप में तेलंगाना (1948-51) पहला प्रयास था, जो निजाम शासन की ज्यादतियों और भूमि सुधारों के लिए लड़ा गया। इसे राज्य ने बड़ी निर्ममता से कुचल दिया। तत्कालीन कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ने 1952 के पहले आम चुनाव में भाग लिया और देश के कई हिस्सों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

साल 1967 में पश्चिम बंगाल के एक ग्रामीण इलाके नक्सलबाड़ी से कम्युनिस्टों ने भूमि सुधार को लेकर एक दूसरा हथियारबंद आंदोलन शुरू किया, जिसने भारतीय समाज में राजनीति, साहित्य, आर्थिक नीतियों समेत हर अंग को प्रभावित किया। यहां तक कि हमारी भाषा भी इस आंदोलन के चलते बदली। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के तत्कालीन चेयरमैन माओ से प्रभावित होने के कारण इन्हें नक्सलवादी के साथ-साथ माओवादी भी कहा गया। यह आंदोलन एक दशक तक चला और इसे भी राज्य ने कुचल दिया। इसमें सक्रिय कई कम्युनिस्ट गुट चुनावों में भाग लेने लगे, लेकिन इसी से निकले नेतृत्व ने देश के विभिन्न भागों में सशस्त्र विद्रोहों की ऐसी शृंखलाएं खड़ी कर दीं, जिनसे निपटने में राज्य को दशकों लग गए और अब जाकर ऐसा लगने लगा है कि माओवाद के नाम से जाना जाने वाला यह आंदोलन अपनी अंतिम सांसें ले रहा है।



वाम दुस्साहसवाद में विश्वास करने और सशस्त्र संघर्ष से राज्य-सत्ता पर कब्जा करने का सपना देखने वाले इस यथार्थ को नजरअंदाज करते रहे हैं कि पिछली दो शताब्दियों में राज्य एक बड़ी मजबूत संस्था के रूप में उभरा है। उसे किसी बड़े जन-उभार से हिलाया तो जा सकता है, मगर किसी हथियारबंद संगठन द्वारा उस पर कब्जा कर पाना लगभग असंभव है। फिलहाल तो जनता द्वारा सीधे अपने शासकों के चुनाव से बेहतर कोई विकल्प नहीं है, इसीलिए बार-बार यह नारा देने के बावजूद कि सत्ता बंदूक की नली से निकलती है, वाम लड़ाके चुनावों की तरफ लौटते रहे हैं। एक सकारात्मक असर इन संगठनों का यह जरूर दिखा कि सशस्त्र संघर्षों से निकले इनके काडरों ने बिहार जैसे इलाकों के गांवों में दबंगों की बूथ लूटने की घटनाओं पर कुछ हद तक नकेल जरूर लगाई है। दूसरा दिखने वाला असर उन दुर्गम पिछड़े इलाकों में सड़कों, बिजली या संचार के खंभों और शिक्षा व स्वास्थ्य की सुविधाओं की पहुंच के रूप में दिखता है, जहां कुछ वर्षों पूर्व तक इनकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

चुनावों के दौरान घात लगाकर कुछ पुलिस वालों या चुनाव कर्मियों को मार डालना और मतदान केंद्रों पर लूट-पाट करना आमतौर से प्रचार हासिल करने का सबसे बड़ा माध्यम हुआ करता है। चुनावों की गहमागहमी शुरू होते ही ये अति वामपंथी अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में परचों, पोस्टरों या जनसभाओं के जरिये वोटरों से चुनावों के बहिष्कार की अपील करने लगते हैं। सुरक्षा में सेंध लग जाए, तो उम्मीदवारों या उनके समर्थकों की हत्याएं करने से भी नहीं चूकते। एक मौके पर तो उन्होंने छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पूरे नेतृत्व का ही सफाया कर डाला था। यह अलग बात है कि भारतीय मतदाता उनकी चेतावनी की उपेक्षा करके बढ़-चढ़कर मतदान करते रहे हैं। इस बार स्थिति कुछ बदली नजर आ रही है। 18वीं लोकसभा के चुनावों की प्रक्रिया शुरू हुए लगभग एक पखवाड़ा हो रहा है और अभी तक माओवादियों के सशस्त्र हस्तक्षेप की कोई उल्लेखनीय घटना नहीं घटी है। इससे उम्मीद बंध रही है कि उनके प्रभाव वाले इलाकों में पूरा चुनाव इस बार शांतिपूर्वक निपट जाएगा।

यह परिवर्तन कोई रातोंरात नहीं हुआ। किसी तरह के सशस्त्र नागरिक विद्रोह से निपटने के लिए एक सर्वमान्य प्रविधि तक पहुंचने में भारतीय राज्य को कई दशक लग गए। कभी इसे शांति-व्यवस्था का मुद्दा समझा गया, तो कभी विकास का अभाव कारण माना गया और कभी दोनों। किसी बड़ी घटना से बौखलाकर सरकार कभी बलों की उपस्थिति बढ़ाती, तो कभी वार्ता के नए दौर शुरू करती। ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं पहुंच जाने के बाद वहां माओवादियों ने अपने हथियार डाल दिए हों। उलटे यह जरूर हुआ कि उन्होंने अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में सड़कें बनने में बाधाएं खड़ी कीं, संचार के खंभे उखाड़ डाले या स्कूलों और अस्पतालों की इमारतें जला दीं। ठेकेदारों, व्यापारियों या सरकारी कर्मचारियों से लेवी के तौर पर वसूले गए धन के नेतृत्व द्वारा दुरुपयोग की शिकायतें आम हो गई हैं। उनकी इन्हीं हरकतों से नागरिक अधिकार संगठनों के वे लोग कमजोर हुए हैं, जो सरकार से बातचीत कर उन्हें मुख्यधारा में लाने की पैरवी करते रहे हैं। हाल के दिनों में केंद्र और राज्य सरकारों का रवैया स्पष्ट रूप से सख्त हुआ है कि बिना हथियार डाले किसी से बात नहीं हो सकेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कई हालिया बयान इस परिवर्तन को स्पष्ट करते हैं। शायद यही कारण है कि दशकों बाद ऐसी संभावना बनी है कि रेड कॉरिडोर के नाम से पहचाने जाने वाले कई हजार वर्ग किलोमीटर और आधा दर्जन प्रदेशों में फैले इलाकों में बिना खून खराबे के चुनाव संपन्न हो रहे हैं।



# साइबर सेफ्टी की फील्ड में ब्राइट करियर है एथिकल हैकिंग

**हैकर शब्द सुनते ही हम थोड़ा डर जाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कई कंपनीज हैकर्स को हायर करती हैं हैकर्स की मदद से कंपनीज सिस्टम के लूपहोल्स जानने की कोशिश करती हैं ताकि मेलिशियस एलिमेंट्स से डाटा बचाया जा सके। कंपनीज के लिए यह काम करने वाले कहलाते हैं, एथिकल हैकर्स। साइबर सेफ्टी की फील्ड में एथिकल हैकिंग आज एक ब्राइट करियर है।**

आज टेक्नोलॉजी जितनी तेजी से बढ़ रही है, इंटरनेट पर साइबर क्राइम भी उतनी ही तेजी से बढ़ रहा है। इमेल एकाउंट हैक करना, सेंसिटिव डाटा चोरी करना, फर्जी मेल्स के जरिए पर्सनल डीटेल्स जानना, पासवर्ड्स डिटेक्ट करना कुछ ऐसे क्राइम्स हैं, जो हैकर्स आसानी से करते हैं. हालांकि इनके पीछे सिस्टम में मौजूद लूपहोल्स भी बड़ा कारण हैं। कंपनियां इन्हीं लूपहोल्स को डिटेक्ट करने के लिए हैकर्स की मदद लेती हैं, जिन्हें कहते हैं, एथिकल हैकर्स। आज एथिकल हैंकिंग एक फुल-फ्लेज्ड करियर बन चुका है।

## क्या है एथिकल हैकिंग?

एथिकल हैकर कंप्यूटर एक्सपर्ट्स का नेटवर्क होता है, जो आईटी सिस्टम में मौजूद लूपहोल्स को ढूंढते हैं और उन्हें दूर करते हैं ताकि सिस्टम सेफ रहे और मेलिशियस हैकर्स इसे हैक न कर पाएं। इसे पेनिट्रेशन हैकिंग भी कहा जाता है। इस काम को करने वाले प्रोफेशनल्स टेक्निकली काफी स्किल्ड होते हैं।

## कौन से कोर्सेज हैं जरूरी?

इस फील्ड में करियर बनाने के लिए कंप्यूटर साइंस में ग्रेजुएट होना या कंप्यूटर इंजीनियरिंग की डिग्री होना जरूरी है। इसके अलावा आपको सी, सी++, पायथन, रूबी जैसी प्रोग्रामिंग लैंग्वेजेस की जानकारी होनी चाहिए।आप सर्टिफिकेट कोर्स इन साइबर लॉ, एमएससी इन साइबर फॉरेन्सिक्स एंड इन्फॉर्मेशन सेक्योरिटी, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन साइबर लॉ, एडवांस डिप्लोमा इन एथिकल हैकिंग, सर्टिफिकेट इन इन्फॉर्मेशन सेक्योरिटी एंड एथिकल हैकिंग, सर्टिफाइड इन्फॉर्मेशन सिस्टम सेक्योरिटी प्रोफेशनल जैसे कोर्सेज कर सकते हैं।

## कैसी होनी चाहिए स्किल्स?

एक अच्छा एथिकल हैकर वही बन सकता है, जो कंप्यूटर सेवी और गैजेट फ्रेंडली हो। आपमें एनालिटिकल थिंकिंग और डेडिकेशन जैसी क्वॉलिटीज होनी चाहिए, साथ ही इनिशिएटिव लेने और प्रॉब्लम सॉल्व करने की एबिलिटी भी होनी चाहिए। नए चेंजेस एडैप्ट करना और खुद को अपडेट करते रहना भी जरूरी है। इसके अलावा सॉफ्टवेयर और सिस्टम को टेस्ट करते समय अचानक आने वाले ट्रबलशूट्स को डील करने की क्वॉलिटी भी आपमें होनी चाहिए।





# इवेंट मैनेजमेंट में बनाएं अपना कॅरियर

**इवेंट मैनेजमेंट सबसे अधिक लाभदायक कॅरियर के रूप में सामने आया है। आयोजन और आयोजन करने वाली कंपनियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इवेंट मैनेजमेंट में कॅरियर बनाने की इच्छा रखने वाले उम्मीदवार इस क्षेत्र में नौकरी के अवसर तलाश कर सकते हैं।**

इवेंट मैनेजमेंट का अर्थ विशेष रूप से कार्यक्रमों, त्योहारों, संगोष्ठियों आदि जैसे कार्यक्रमों के डिजाइन और संचालन के लिए परियोजना प्रबंधन कौशल को लागू करना है। आज आईपीएल, साहित्य उत्सव, ओलंपिक या राष्ट्रमंडल खेलों सहित सभी प्रमुख आयोजनों का प्रबंधन इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों द्वारा ही किया जाता है। मार्केट रिपोर्ट्स के मुताबिक इवेंट मैनेजमेंट इंडस्ट्री बहुत तेजी से बढ़ रही है। इवेंट मैनेजमेंट में एमबीए उन युवाओं के लिए कई अवसर खोलेगा जो एक्शन, विविधता, चुनौती और बाहरी काम के शौकीन हैं। इवेंट मैनेजमेंट सबसे अधिक लाभदायक कॅरियर के रूप में सामने आया है। आयोजन और आयोजन करने वाली कंपनियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इवेंट मैनेजमेंट में कॅरियर बनाने की इच्छा रखने वाले उम्मीदवार इस क्षेत्र में नौकरी के अवसर तलाश कर सकते हैं। इवेंट मैनेजमेंट को कई विश्वविद्यालयों में पेश किए जाने वाले जनसंचार का एक हिस्सा माना जाता है। इसलिए उम्मीदवार यूजी और पीजी स्तर पर इवेंट मैनेजमेंट कोर्स कर सकते हैं। इवेंट मैनेजमेंट खुदरा और विपणन क्षेत्र में बढ़ते रुझान के कारण तेजी से एक हॉट कैरियर विकल्प के रूप में पकड़ रहा है, जिसमें शामिल है -

- लक्षित दर्शकों के लिए एक कार्यक्रम आयोजित करना
- विज़ुअलाइज़िंग कॉन्सेप्ट्स
- योजना
- बजट
- निष्पादन की घटनाएं
- फैशन शो, संगीत कार्यक्रम, सेमिनार, प्रदर्शनियों, शादियों, थीम वाली पार्टियों, उत्पाद लॉन्च आदि पर काम करना।

## इवेंट मैनेजमेंट में कॅरियर कैसे शुरू करें?

इवेंट मैनेजमेंट में अपना कॅरियर शुरू करने के लिए उम्मीदवारों को इस क्षेत्र में एक विशेष डिग्री हासिल करनी चाहिए। प्रत्येक विश्वविद्यालय के लिए प्रवेश प्रक्रिया अलग-अलग होती है। उम्मीदवारों को उस पाठ्यक्रम की तलाश करनी चाहिए जिसका वे अध्ययन करना चाहते हैं और प्रवेश के लिए आवेदन करने के लिए पात्रता की जांच करें। इवेंट मैनेजमेंट में अधिकांश एंट्री-लेवल जॉब्स इवेंट मैनेजमेंट में स्नातक की डिग्री या डिप्लोमा करके किया जा सकता है। हालांकि मेगा इवेंट आयोजित करने वाली बड़ी कंपनियों में प्रबंधकीय पदों या नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए उम्मीदवारों को प्रतिष्ठित संस्थानों से एमबीए या पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की आवश्यकता होगी।

## इवेंट मैनेजमेंट के लिए पात्रता मानदंड

उत्कृष्ट जनसंपर्क और नेटवर्किंग कौशल वाले स्नातक इस क्षेत्र का विकल्प चुन सकते हैं। हालांकि एक प्रतिष्ठित फर्म या कंपनी में इवेंट मैनेजर बनने के लिए अच्छे जनसंपर्क कौशल के साथ एमबीए की डिग्री होनी चाहिए। मार्केटिंग में अपने मास्टर के साथ जनसंपर्क में डिग्री होने से इस पेशे में एक अतिरिक्त लाभ होगा।

## इवेंट मैनेजमेंट के लिए स्किल्स और एट्रीब्यूट्स

एक इवेंट मैनेजर के पास अच्छा संचार कौशल होना चाहिए, चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए आश्वस्त होना चाहिए और किसी स्थिति को समझने और ठीक से प्रतिक्रिया करने की क्षमता होनी चाहिए। उसके पास रचनात्मकता और संगठनात्मक कौशल होना चाहिए। टीम भावना और नेतृत्व कौशल अन्य पूर्वापेक्षाएँ हैं। उन्हें घटना के हर मिनट के विवरण को भी देखना होगा।

## जॉब प्रोफाइल

इवेंट मैनेजमेंट प्रबंधन के नवीनतम क्षेत्रों में से एक है और लोकप्रियता प्राप्त कर रहा है। हालांकि इस क्षेत्र को अक्सर जनसंपर्क उद्योग की एक शाखा माना जाता है, यह बाजार का विस्तार कर रहा है और बहुत सारे रोजगार पैदा कर रहा है। विज्ञापन, पीआर और कॉरपोरेट कम्युनिकेशन कोर्स करने के बाद उम्मीदवार इवेंट मैनेजमेंट में भी अपना करियर बना सकते हैं। इवेंट मैनेजमेंट इंडस्ट्री में ढेरों नौकरियां उपलब्ध हैं। मौजूदा वैश्विक आर्थिक मंदी के बावजूद, इवेंट मैनेजमेंट उद्योग लगातार तेजी से फल-फूल रहा है। बहुत सारे आयोजन होते हैं - शादियों, जन्मदिन पार्टियों और रियलिटी शो, फैशन और सांस्कृतिक शो पूरे देश में हो रहे हैं, जिससे कार्यक्रम योजनाकारों की मांग पैदा हो रही है। इवेंट मैनेजमेंट इंडस्ट्री में उपलब्ध जॉब प्रोफाइल इस प्रकार है -

- **वेडिंग प्लानर** - ऐसे जॉब प्रोफाइल में शादी के आयोजन से संबंधित हर मिनट के विवरण पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है। एक वेडिंग प्लानर अपने ग्राहकों को विभिन्न विवाह समारोहों की योजना बनाने में मदद करता है।
- **स्टेज डेकोरेटर** - स्टेज डेकोरेटर इवेंट के लिए स्टेज लेआउट डिजाइन करने के लिए जिम्मेदार होता है। स्टेज डेकोरेटर की जिम्मेदारी में मंच पर प्रॉप्स को व्यवस्थित करना और रखना और मंच को आयोजन स्थल के अन्य सजावटी तत्वों के बीच खड़ा करना शामिल है।
- **रसद प्रबंधक** - रसद प्रबंधक घटना के लिए आवश्यक उपकरण, मेहमानों और अन्य चीजों के परिवहन के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार होता है।
- **प्रदर्शनी आयोजक** - एक प्रदर्शनी आयोजक की नौकरी की रूपरेखा एक कार्यक्रम योजनाकार की तरह होती है। प्राथमिक अंतर यह है कि एक प्रदर्शनी आयोजक योजना बनाता है और साथ ही मेलों और प्रदर्शनियों को निष्पादित करता है।
- **इवेंट प्लानर** - इवेंट प्लानर किसी इवेंट के सभी विवरणों की योजना बनाने के लिए जिम्मेदार होते हैं। घटना एक सम्मेलन, कॉर्पोरेट घटना या शादी हो सकती है। एक इवेंट प्लानर थीम, लॉजिस्टिक्स से लेकर बजट तक इवेंट के लिए एक योजना बनाता है।
- **इवेंट मैनेजर** - इस जॉब प्रोफाइल में प्रत्येक इवेंट के पहलू के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार होता है। एक इवेंट मैनेजर का काम किसी घटना को बिना किसी परेशानी के अवधारणा बनाना, योजना बनाना, व्यवस्थित करना और निष्पादित करना है।

## इवेंट मैनेजमेंट में करियर के अवसर

इवेंट मैनेजमेंट के क्षेत्र में पारिश्रमिक उम्मीदवार की नौकरी की भूमिका और जिम्मेदारी पर निर्भर करता है। इसके अलावा, संगठन का आकार, ग्राहकों की प्रोफाइल, पेशेवर का अनुभव और फर्म का स्थान जैसे कारक भी उम्मीदवार का वेतन तय करते हैं। हालांकि इवेंट मैनेजमेंट में एक फ्रेशर 10,000 रुपये से 15,000 रुपये प्रति माह के बीच मासिक वेतन की उम्मीद कर सकता है। अनुभव और विशेषज्ञता के क्षेत्र के साथ सैलरी बढ़ती है। एक कुशल फ्रीलांसर या एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के मालिक के रूप में काम करके काफी पैसा कमाया जा सकता है। एक बार जब कोई इवेंट मैनेजर इस क्षेत्र में अनुभव प्राप्त कर लेता है तो वह अपने क्लाइंट के आधार पर 50,000 रुपये से 1 लाख रुपये या उससे अधिक की फीस की उम्मीद कर सकता है।



# ऑनलाइन किचन बिजनेस की करें शुरूआत होगा मोटा मुनाफा

वर्तमान समय में मार्केट में कई सारे ऑनलाइन फूड डिलीवरी पार्टनर जैसे जोमेटो, फूड पांडा, उबर और स्विगी आदि फूड डिलीवरी एप हैं। इन एप के मदद से आप घर का बना हुआ खाना सेल कर सकती हैं। आइए जानते हैं कि आप किचन का ये बिजनेस कैसे शुरू कर सकते हैं। कहते हैं कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता है। जिस काम से आपका और आपके परिवार का खर्च निकल जाए, तो वह काम सबसे अच्छे होता है। आज के दौर में सबका जॉब पाना सबसे थोड़ा मुश्किल काम है। ऐसे में लोग खुद का स्टार्टअप खड़ा करने की सोच रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी कम लागत के साथ अपना बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। आज के समय में एक नहीं कई ऐसे ऑनलाइन बिजनेस हैं। जिनको आप घर बैठे-बैठे आसानी से चला सकते हैं।

आज हम आपके लिए एक ऐसे ही होम बेस्ड बिजनेस आइडिया लेकर आए हैं। आप इस काम को घर बैठे कम से कम लागत के साथ शुरू कर सकते हैं। वहीं महिलाएं इस काम को शुरू करके अच्छा खासा मुनाफा भी कमा सकती हैं। आपको बता दें कि आप घर से ऑनलाइन किचन ब?जिनेस की शुरआत कर सकते हैं। इस बिजनेस में आपको अपने किचन में बने खाने को बेचना होगा। किचन खाने को बेचने के लिए आपको उसे पैककर ऑनलाइन फूड डिलीवरी एप के जरिए लोगों तक पहुंचाना होगा। वर्तमान समय में मार्केट में कई सारे ऑनलाइन फूड डिलीवरी पार्टनर जैसे जोमेटो, फूड पांडा, उबर और स्विगी आदि फूड डिलीवरी एप हैं। इन एप के मदद से आप घर का बना हुआ खाना सेल कर सकती हैं। आपका जो मैन्यू होगा उसी के हिसाब से आपके पास ऑर्डर आएगा। तो आइए जानते हैं कि आप किचन का ये बिजनेस कैसे शुरू कर सकते हैं।

## कैसे शुरू करें बिजनेस

सबसे पहले इस बिजनेस को शुरू करने के लिए अपना किचन तैयार करें। फिर उस किचन रेस्टोरेंट का नाम तय कर लें। अब आपको FSSAI से फूड लाइसेंस लेना होगा। इसके लिए आपको ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके बाद फूड डिलीवरी पार्टनर जैसे जोमेटो, उबर, स्विगी और फूड पांडा आदि से अपने किचन रेस्टोरेंट को रजिस्टर करवा लें। फिर आपके यहां फूड डिलीवरी पार्टनर का एग्जीक्यूटिव विजिट करेगा। सब कुछ सही पाए जाने पर आपको अप्रूवल मिल जाएगा। जिसके बाद आपको ऑनलाइन ऑर्डर मिलने शुरू हो जाएंगे

## ऐसे काम करेगा बिजनेस

बता दें कि जैसे ही आपको मोबाइल पर कोई ऑर्डर आता है, तो आप उस ऑर्डर के फूड को पैक कर दें। फूड पैकिंग के लिए आप किसी ऑनलाइन वेबसाइट से या मार्केट से जरूरी सामान खरीद सकते हैं। खाने का ऑर्डर लेने के लिए आपके पास डिलीवरी बॉय आएगा। डिलीवरी बॉय आपके ऑर्डर लेकर उस कस्टमर को देगा, जिसने खाना ऑर्डर किया था। इसके साथ ही फूड डिलीवरी एप और आपके बीच जो खाने के रेट को लेकर करार हुआ होगा। उसी हिसाब से वीकली आपके अकाउंट में पैसा आएगा।

## हर दिन होगी इतनी कमाई

किचन रेस्टोरेंट की शुरूआत में हो सकता है कि आपको कम ऑर्डर मिले। लेकिन अगर आपके किचन से रोजाना 29 ऑर्डर मिले और आप हर ऑर्डर पर 50 रुपए की बचत करते हैं, तो हर दिन 1000 रुपए आपके पक्के होंगे। इस तरह के काम में किसी भी दिन छुट्टी नहीं होती है। ऐसे में आप महीने में कम से कम 30000 रुपए तक कमा सकते हैं। हांलाकि अगर आप चाहें तो शाम का समय भी फूड सर्विस के लिए चुन सकते हैं।



# डेटा साइंटिस्ट फील्ड में बनाएं कॅरियर, मिलेगी जबरदस्त ग्रोथ

**डेटा साइंस शब्द से अक्सर आप रूबरू होते होंगे। जाहिर सी बात है लोगों के दिमाग में डेटा साइंस को लेकर कई सवाल भी रहते होंगे। वहीं कुछ लोग इन सवालों का जवाब पाने के लिए इंटरनेट का सहारा भी लेते हैं। अगर आप भी डेटा साइंट के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी हासिल करना चाहते हैं तो फिर यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि इस आर्टिकल के जरिए हम आपको डेटा साइंस से जुड़े सभी सवालों के जवाब देने की कोशिश करेंगे।**

आपको बता दें कि जैसे-जैसे देश-दुनिया में डेटा का महत्व बढ़ रहा है। उसी तेजी के साथ डेटा साइंटिस्ट, डेटा एनालिटिक्स जैसे जॉब के अवसर भी सामने आ रहे हैं। बता दें कि बताया जा रहा है कि आने वाले 10-15 सालों में इस कोर्स का स्कोप काफी ज्यादा होगा। इस सेक्टर में नौकरियों की भरमार होने वाली है। ऐसे में अगर आपको लैपटॉप और कंप्यूटर की अच्छी खासी जानकारी है। तो डेटा साइंस से जुड़ा कोई भी कोर्स आपके लिए है। इस फील्ड में आप अपना शानदार कॅरियर बना सकते हैं।

## BTech- Data Science

यह का कोर्स चार साल का होता है। इसे आप रेगुलर मोड में भी किया जा सकता है। इस कोर्स में स्टूडेंट्स को डेटा से जुड़े टूल्स और टेक्निक्स सिखाये जाते हैं। जिसकी मदद से डेटा का इस्तेमाल किया जा सकता है। इस कोर्स में यह भी बताया जाता है कि उस डेटा को कैसे काम में लाया जाता है। साथ ही इंजीनियरिंग फिजिक्स से लेकर अलग-अलग थ्योरीज को पढ़ाया जाता है।

## BSc-Data Science

यह डिग्री कोर्स तीन साल का है। इसमें कई तरह के डोमेन होते हैं। जैसे- बिजनेस एनॉलिटिक्स, कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आदि। इस कोर्स में छात्रों को बिजनेस और कंप्यूटर के साथ AI के बारे में भी बताया जाता है। डेटा साइंस में बिग डेटा एनॉलिटिक्स, मशीन लर्निंग और स्टैटिस्टिक्स जैसे कई कॉन्सेप्ट्स पढ़ाए जाते हैं। जिनके इस्तेमाल से आम लोगों से जुड़ी समस्याओं को हल किया जाता है। डेटा साइंस में BSc करने के लिए छात्रों के 12वीं में 50 फीसदी अंक होना अनिवार्य है। इस कोर्स को करने से लिए 12वीं में साइंस स्ट्रीम का होना जरूरी है। अन्य स्ट्रीम वाले स्टूडेंट्स को भी कुछ कॉलेज एडमिशन देते हैं। यहां पर कॅरियर ऑप्शन की कमी नहीं है। बैंकिंग जैसे क्षेत्र में डेटा साइंटिस्ट, प्रोसेस एनॉलिस्ट, बिजनेस, हेल्थकेयर और बिजनेस एनालिस्ट की नौकरियां उपलब्ध हैं।

## BCA

यह भी तीन साल का अंडरग्रेजुएट कोर्स है। इस कोर्स में कंप्यूटर और मैथमैटिकल साइंस से जुड़ा करिकुलम छात्रों को पढ़ाया जाता है। आज की तेजी से बदलती आईटी इंडस्ट्री को ध्यान में रख कर ये कोर्स बनाया गया है। इस कोर्स में छात्रों को डेटा साइंस से जुड़े कॉन्सेप्ट्स को और उनके एप्लिकेशन को समझाने पर जोर दिया जाता है। इस कोर्स में दाखिला लेने के लिए स्टूडेंट्स के 12वीं में 50 फीसदी अंक होने जरूरी हैं। इस कोर्स में साइंस स्ट्रीम वाले छात्रों को भी सुविधा दी जाती है। छात्रों को कॅरियर बनाने के लिए अनेक मौके यहां पर उपलब्ध हैं। विप्रो, अमेजॉन जैसी बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों में डेटा इंजीनियर, डेटा आर्किटेक्ट और डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर के पदों पर काम करने का मौका मिलता है।

## डिप्लोमा इन डेटा साइंस

डेटा साइंस में डिप्लोमा दो साल का हो सकता है। इसमें स्टूडेंट्स को डेटा एनॉलिटिक्स और डेटा साइंस में ट्रेंड किया जाता है। बता दें कि डिग्री के मुकाबले डिप्लोमा कोर्स में कम खर्च होता है। इस कोर्स को करने से कम समय में ज्यादा स्किल्स सीखने का मौका मिलता है। 12वीं के बाद छात्र यूजी के बाद भी डिप्लोमा कर सकते हैं। डिप्लोमा कोर्स करने के बाद बिजनेस इंटेलीजेंस एनॉलिस्ट, रिसर्च एनॉलिटिक्स और एनॉलिटिक्स मैनेजर जैसे पदों पर काम करने के मौके हैं।

## सर्टिफिकेट कोर्स

तकनीक के बढ़ते ब्यूग में ऑनलाइन कोर्सेज की काफी भरमार है। दुनिया की कई बड़ी कम्पनियां ऐसे कोर्सेज को लेकर आ रही हैं। इसी लिस्ट में डेटा साइंस का सर्टिफिकेट कोर्स भी शामिल है। इस ऑनलाइन कोर्स कराने वाली कोर्सएरा, उडेमी जैसी कंपनियां इस कोर्स को करवाती हैं। इस कोर्स को करने के लिए छात्रों को कंप्यूटर साइंस और प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का आना अनिवार्य नहीं है। इस कोर्स में छात्रों को डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग और डेटा विजुअलाइजेशन जैसे कॉन्सेप्ट्स पढ़ाये जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रवासी भारतीयों ने टाइम्स स्क्वायर, हॉलीवुड, डेट्रॉइट और शिकागो में निकाला मोदी का परिवार मार्च

**शिकागो एजेंसी।** प्रवासी भारतीयों के सैकड़ों सदस्यों और ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ द बीजेपी (ओएफबीजेपी)-यूएसए के स्वयंसेवकों ने टाइम्स स्क्वायर, लॉस एंजिल्स, डेट्रॉइट और शिकागो सहित संयुक्त राज्य भर में एक जीवंत मोदी का परिवार मार्च निकाला।ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद के नेतृत्व में ओएफबीजेपी के स्वयंसेवक रविवार को न्यूयॉर्क शहर के प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर पर एकत्र हुए। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के सैकड़ों समर्थक अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने, मोदी परिवार के साथ अपने संबंधों की पुष्टि करने और भारत को एक शानदार संदेश भेजने के लिए यहां एकत्र हुए कि मोदी परिवार दुनिया भर में फैला हुआ है। माहौल उत्साही समर्थकों से भरा हुआ था, जो पीएम मोदी के समर्थन के संदेशों से सजे झंडे, बैनर और तख्तियां लहरा रहे थे। नेताओं और स्वयंसेवकों सहित समुदाय के प्रमुख सदस्यों ने मोदी के प्रति अपनी निष्ठा की घोषणा करने के लिए कार्यक्रम में भाग लिया, जिससे संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रधान मंत्री को मिले भारी समर्थन पर प्रकाश डाला गया। स्वयंसेवक कृष्णा रेड्डी ने उपस्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा- इतने सारे लोगों को हमारे प्यारे प्रधान मंत्री का समर्थन करने के लिए एक साथ आते देखना खुशी की बात है। यह सभा वास्तव में मोदी परिवार की ताकत और एकता को प्रदर्शित करती है।

### ईरान को भुगतने होंगे अपनी करनी के परिणाम - आईडीएफ प्रमुख

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हरजी हलेवी ने कहा है कि ईरान को अपनी करनी के परिणाम भुगतने होंगे। दक्षिणी इजराइल में नेवातिम हवाई अड्डे का दौरा करने के बाद हलेवी ने कहा कि रविवार सुबह इजराइल पर ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमले का जवाब दिया जाएगा। हलेवी ने कहा, इजराइल अपनी रक्षा करने में सक्षम है। ईरान ने रविवार सुबह इजराइल पर मिसाइलों व ड्रोन से हमला किया था। आईडीएफ ने कहा है कि इनमें से 99 प्रतिशत को इजराइल पहुंचने से पहले ही रोक दिया गया और विफल कर दिया गया। आईडीएफ प्रमुख ने कहा कि उनकी सेना ने ईरानी हमलों को विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि आईडीएफ की रक्षा में संयुक्त राज्य अमेरिका की सेंट्रल कमांड, ब्रिटिश सशस्त्र बल, फ्रांसीसी सशस्त्र बल और अन्य सेनाएं शामिल थीं। हलेवी ने कहा कि आईडीएफ किसी भी खतरे का मुकाबला करने के लिए तैयार है।

### ब्रिटेन में डीपफेक कंटेंट बनाने पर करना पड़ेगा मुकदमे का सामना, दोषियों को हो सकती है जेल की सजा

**लंदन , एजेंसी।** ब्रिटिश सरकार ने मंगलवार को कहा कि अश्लील डीपफेक कंटेंट बनाने वाले लोगों को नए कानून के तहत मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। ब्रिटेन सरकार इस संबंध में जल्द ही कानून बनाने जा रही है। यह विधेयक इस समय संसद के समक्ष विचाराधीन है। नए कानून के तहत बिना सहमति के डीपफेक कंटेंट बनाने वाले लोगों को मुकदमा और भारी जुर्माने का सामना करना पड़ेगा। विधेयक में प्रस्तावित प्रविधान के अनुसार अगर डीपफेक का प्रसार हो जाता है तो दोषियों को जेल की सजा हो सकती है। प्रधानमंत्री ऋषि सनक ने एक्स पर पोस्ट किया, सरकार अश्लील डीपफेक कंटेंट बनाने वाले लोगों पर नकेल कस रही है। हम इस पर प्रतिबंध लगाने के लिए नया कानून बनाने जा रहे हैं। ब्रिटेन की मंत्री लौरा फेरिस ने कहा, डीपफेक से बनाई गई अश्लील तस्वीरें निंदनीय और पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं।डीपफेक से आशय ऐसी तस्वीरों और वीडियो से है ।

### जेल की जगह हाउस अरेस्ट में रखीं गईं म्यांमार की नेता आंग सान सू, सेना ने लिया फैसला?

**बैंकॉक , एजेंसी।** म्यांमार की मानवाधिकारों की पैरोकार माने जाने वाली महिला आंग सान सू की जेल में कई सालों की सजा काट रही हैं। इस बीच देश में भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण उन्हें जेल से बाहर लाया गया था। वहीं अब आंग सान सू की को नजरबंद किया गया है। सैन्य सरकार ने कहा कि म्यांमार की जेल में बंद पूर्व नेता आंग सान सू की को गर्मी के कारण स्वास्थ्य उपाय के तौर पर जेल से घर में नजरबंद कर दिया गया है।

### कब्ज़े वाले क्रीमिया में सैन्य हवाई क्षेत्र में विस्फोट, सामने आई आग लगने की घटना

**क्रीमिया, एजेंसी।** क्रीमिया में 17 अप्रैल की सुबह एक सैन्य हवाई क्षेत्र के पास कब्जे वाले दज़ानकोई शहर में विस्फोटों की सूचना मिली थी। विस्फोट के बाद, हवाई क्षेत्र में बड़े पैमाने पर आग लग गई। एक ऑनलाइन विमानन डेटाबेस के अनुसार, रूसी नौसेना का दज़ानकोई एयरबेस शहर से बाहर है और 27वें मिश्रित विमानन डिवीजन की 39वीं हेलीकॉप्टर रेजिमेंट वहां तैनात है। इस रेजिमेंट से कई अलग-अलग लड़ाकू हेलीकॉप्टर उड़ाती हैं। एयरफोर्स टेक्नोलॉजी वेबसाइट के अनुसार, केए-52 एलीगेटर रूस के केए-50 अटैक हेलीकॉप्टर का एक अपडेटेड ट्विन सीट एडिशन है।

# ईरान के मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों पर नए प्रतिबंध लगाएगा अमेरिका; इस्राइल पर हमले के बाद उठाया कड़ा कदम

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
ईरान द्वारा इस्राइल पर हमले के बाद से पश्चिमी एशिया में तनाव और बढ़ गया है। ईरान की इस हमले की कई देशों ने व्यापक निंदा की है। हालांकि ईरान ने अपने फैसले को सही ठहराते हुए कहा है कि उसने इस्राइल द्वारा सीरिया में अपने दूतावास पर हुए हमले का बदला लिया है। इसी बीच, अमेरिका ने कहा है कि वह ईरान पर और कड़े प्रतिबंध लगाएगा। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा है कि अमेरिका ईरान के मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों पर नए प्रतिबंध लगाएगा इसके अलावा इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और ईरान के रक्षा मंत्रालय का समर्थन करने वाली संस्थाओं पर भी आने वाले दिनों में नए प्रतिबंध लगाए जाएंगे।



सुलिवन ने ताजा बयान में कहा कि इस्राइल के खिलाफ ईरान के हवाई हमले के बाद राष्ट्रपति बाइडन जी7 सहित सहयोगियों और भागीदारों और कांग्रेस में द्विदलीय नेताओं के साथ व्यापक प्रतिक्रिया पर समन्वय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अमेरिका ईरान को निशाना बनाते हुए कई तरह के प्रतिबंध लगाएगा। जेक ने अपील करते हुए कहा कि अमेरिका अपने सहयोगियों और साझेदारों से भी ईरान के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की उम्मीद करता है। अमेरिका ईरान की मिसाइल और यूएवी क्षमताओं की प्रभावशीलता को और कम करने के लिए मध्य पूर्व में वायु और मिसाइल रक्षा और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को और मजबूत करने के लिए अपना कान जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि हमारे सहयोगी जल्द ही प्रतिबंधों का पालन करेंगे।

अपने ताजा बयान में उन्होंने यह भी कहा कि हम वायु और मिसाइल रक्षा के सफल एकीकरण को और मजबूत करने और विस्तारित करने के लिए रक्षा विभाग और अमेरिकी सेंट्रल कमांड के जरिए काम कर रहे हैं और हम इसे आगे भी जारी रखेंगे। इससे हम पूरे मध्य पूर्व में ईरान की मिसाइल और यूएवी क्षमताओं की प्रभावशीलता को और कम कर पाएंगे।

ईरान पर नए प्रतिबंधों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि नए प्रतिबंध और अन्य उपाय ईरान की सैन्य क्षमता और प्रभावशीलता को नियंत्रित करने और कम करने के लिए हैं। ये उस पर दबाव बनाने के लिए लगातार जारी रहेंगे। इस दौरान उन्होंने यह भी याद दिलाया कि अमेरिका ने बीते तीन सालों में मिसाइल और ड्रोन से संबंधित प्रतिबंधों के अलावा, आतंकवाद से जुड़े 600 से अधिक व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ प्रतिबंध लगाए हैं।

इनमें हमास, हिजबुल्लाह, हूती और कताइब हिजबुल्लाह सहित कई अन्य आतंकवादी समूह हैं। उनपर ये प्रतिबंध जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरानी सरकार को उसके दुर्भावनापूर्ण और अस्थिर करने वाले कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराने के लिए हम दुनिया भर के सहयोगियों और साझेदारों और कांग्रेस के साथ समन्वय में कार्रवाई जारी रखने में संकोच नहीं करेंगा। इससे पहले, 14 अप्रैल को, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस्राइल के खिलाफ ईरान के हमलों पर अपडेट के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा टीम से मुलाकात की थी। उससे पहले शनिवार को उन्होंने इस्राइल पर ईरानी ड्रोन हमलों के मद्देनजर अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ बैठक की थी।

# बांग्लादेश में दर्दनाक हादसा, बस और ट्रक में जोरदार टक्कर, 14 लोगों की मौत

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के ढाका-खुलना राजमार्ग पर मंगलवार को एक बस और एक ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में एक परिवार के पांच सदस्यों समेत कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। 'ढाका ट्रिब्यून अखबार ने पुलिस के हवाले से कहा कि यह हादसा फरीदपुर में हुआ जब खुलना मंडल में मगुरा शहर जा रही बस की ढाका की तरफ जा रहे ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि दो लोगों ने अस्पताल ले जाते समय और एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में ट्रक के यात्री, चालक व सहायक भी शामिल हैं। ट्रक पर चालक समेत 15 लोग सवार थे।



'डेली स्टार समाचार पोर्टल ने अपनी खबर में मृतकों की संख्या 13 बताई और कहा कि मृतकों में सात महिलाएं, तीन पुरुष और तीन बच्चे शामिल हैं। समाचार पोर्टल 'बीडीन्यूज24 की खबर के मुताबिक, मरने वालों में एक ही परिवार के पांच सदस्य भी शामिल हैं। इससे पहले उपायुक्त मोहम्मद कामरुल अहसान तालुकदार और पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुर्शीद आलम ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया था। खबर में तालुकदार के हवाले से कहा गया है कि सरकार ने मृतकों को दफन करने के लिए 20 हजार टका की तत्काल राशि जारी की और इतनी ही रकम घायलों को उपचार के लिए दी गई है। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख टका तथा घायलों के परिवारों को तीन-तीन लाख टका की सहायता राशि दी जाएगी।

# रेगिस्तानी मुल्क में बाढ़ जैसे हालात, एक दिन की बारिश में ही पानी-पानी हुआ दुबई; एयरपोर्ट-स्टेशन सब बंद



**दुबई , एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और उसके आसपास के देशों में मंगलवार को जमकर बारिश हुई। बारिश इतनी तेज हुई की कई जगहों पर बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। भारी बारिश के चलते यूएई में प्रमुख राजमार्गों के कुछ हिस्सों में लबालब पानी भर गया और पूरे दुबई में सड़कों पर खड़े वाहन पानी में डूबे नजर आए।

इसके अलावा, भारी बारिश के कारण यूएई के प्रशासन ने मंगलवार को लोगों से घरों में ही रहने का अनुरोध किया। स्कूलों ने कक्षाएं आनलाइन आयोजित कीं। सरकारी कर्मचारियों से भी घरों से कार्य करने को कहा गया। आइए आपको फोटो के माध्यम से दिखाते हैं कि किस तरह भारी बारिश के बाद दुबई जैसे थम सी गई। दुनिया के व्यस्तम हवाई अड्डों में से एक दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (डीएक्सबी) पर करीब 25 मिनट संचालन बंद रहा। इस कारण कई उड़ानें रद करनी पड़ीं और कई विलंबित हो गईं।

सड़कों पर डूबती दिखीं कई गाड़ियां कई राजमार्गों और सड़कों से पानी निकालने के लिए प्रशासन को बड़े-बड़े पंप लगाने पड़े। पानी इतना भर चुका था कि कई गाड़ियां डूब गईं। मंगलवार को यूएई के आसमान में जमकर बिजली चमकी और फिर उसके बाद भारी बारिश का दौर जारी रहा। काले आसमान और तेज हवाओं की वजह से पूरी दुबई जैसे बादलों के घेरे में गिरफ्त दिखी। दुबई अपने बड़ी-बड़ी बिल्डिंग को लेकर जाना जाता है।

# राष्ट्रपति रईसी ने कतर के अमीर से फोन पर की बात, कहा- फलस्तीनी अब भी इस्राइल के जुल्म के खिलाफ लड़ रहे

**तेहरान, एजेंसी।**
ईरान और इस्राइल के बीच युद्ध की आशंकाओं के बीच ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने कतर के अमीर शेख तमीम इब्न हमद अल थानी के साथ फोन पर बात की। इस दौरान रायसी ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि हमारे हितों के खिलाफ की गई किसी भी कार्रवाई के गंभीर परिणाम होंगे। हमारी ओर से इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, कतर के अमीर ने ईरान के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंधों की पुष्टि की।



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गाजा में फलस्तीनियों की स्थिति पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इस्राइल के अत्याचारों को रोकने के प्रभावी उपायों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गाजा में इस्राइल के अत्याचारों से पीड़ित लोग शक्तिशाली हैं। फलस्तीनी अब भी इस्राइल से लड़ रहे हैं। अमेरिका सहित अन्य पश्चिमी देशों के समर्थन के बाद भी फलस्तीनी इस्राइल का डटकर मुकाबला कर रहे हैं।

दमिश्क में स्थित ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हुए इस्राइली हमले की रायसी ने निंदा की। साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आलोचना की क्योंकि दोनों अतंरराष्ट्रीय संस्थान दूतावाल पर हुए हमले की निंदा करने में विफल रहे थे। गौरतलब है कि एक अप्रैल को लड़ाकू विमानों ने सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हमला किया था। हमले में ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के अल-कुद्स बल के एक वरिष्ठ कमांडर सहित कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई थी। एक अप्रैल को सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला हुआ था। इससे दूतावास का एक खंड पूरी तरह ध्वस्त हो गया था। वहीं, ईरान के दो शीर्ष सैन्य जनरल और पांच अन्य अधिकारी भी मारे गए थे। इस हमले का ईरान इस्राइल पर आरोप लगा रहा है।

# पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगी आग, सरकार ने 16 दिन में फिर बढ़ाए रेट



**इस्लामाबाद , एजेंसी।**
पाकिस्तान में 16 दिन बाद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में फिर आग लग गई है। मंगलवार को पेट्रोल के दाम 4.53 रुपए की बढ़ोतरी के बाद 293.94 पाकिस्तानी रुपए हो गए। वहीं हाई-स्पीड डीजल 8.14 रुपए बढ़कर 290.38 पाकिस्तानी रुपए हो गया। इसके अलावा केरोसिन ऑयल की कीमत में भी 6.69 रुपए की बढ़ोतरी हुई। इसका रेट अब 193.8 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पाकिस्तानी मीडिया जियो टीवी के मुताबिक, सरकार ने कहा है कि देश में पेट्रोल की कीमतें बढ़ाने की वजह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दाम में बढ़ोतरी है। दरअसल, ईरान-इजराइल के बीच टकराव की वजह से वैश्विक स्तर पर पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गए हैं।

पाकिस्तान सरकार हर 15 दिनों में ईंधन की कीमतों की समीक्षा करती है। इस दौरान वैश्विक तेल की कीमतों के उतार-चढ़ाव और स्थानीय मुद्रा के एक्सचेंज रेट के आधार पर उन्हें बढ़ाती या घटाती है। इससे पहले 1 अप्रैल को पेट्रोल की कीमत में 9 रुपए बढ़ा दिए गए थे। तब इसकी वजह टैक्स की चोरी को बताया गया था।इसके बाद अप्रैल महीने में पेट्रोल की कीमत में कुल 13 रुपए की बढ़ोतरी हुई। इससे पहले 16 मार्च को सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं किए थे। प्रति लीटर पेट्रोल की कीमत 279.75 रुपए और एक लीटर डीजल की कीमत 285.56 रुपए थी।

पेट्रोल का ज्यादातर इस्तेमाल प्राइवेट ट्रांसपोर्ट, छोटे वाहनों के लिए किया जाता है। इसकी वजह से दाम बढ़ने का सीधा असर पाकिस्तान के मिडिल क्लास और लोअर क्लास लोगों की जेब पर पड़ेगा। वहीं, डीजल का यूज ट्रांसपोर्ट में इस्तेमाल होने वाले वाहनों जैसे ट्रेन, ट्रक, बस में होता है।

# अफगानिस्तान में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 50 हुई

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
देश के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने मंगलवार को बताया कि अफगानिस्तान में पिछले चार दिनों में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ में कम से कम 50 लोग मारे गए हैं। एजेंसी के प्रवक्ता जनान सयाक ने कहा कि बाढ़ की वजह से अन्य 36 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने पहले देश भर में 33 मौतों की जानकारी दी थी। कृषि भूमि और घरों के नष्ट होने समेत महत्वपूर्ण क्षति हुई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, अफगानिस्तान दशकों के संघर्ष, बाढ़ और भूकंप समेत एक के बाद एक प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव से जूझ रहा है। अक्टूबर में पश्चिमी प्रांत हेरात में आए भूकंप में कम से कम 1,500 लोगों की जान चली गई थी। नूरिस्तान प्रांत के एक पहाड़ी गांव में फरवरी में हिमस्खलन हुआ था, जिसमें कम से कम 21 लोग मारे गए थे। खासकर दूरदराज के इलाकों में मजबूत बुनियादी ढांचे की कमी अक्सर ऐसी आपदाओं के परिणामों को बढ़ा देती है।

# पाकिस्तान ने फिर उठाई उंगली, कहा- भारत ने करवाई डॉन सरफराज की हत्या

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान ने एक बार फिर उंगली उठाते हुए अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की मौत में भारत का हाथ बताया है। नकवी ने कहा है कि पिछले दिनों हुई हत्याओं में भी भारत सीधे तौर पर शामिल था और ये हत्या भी उसी पैटर्न पर भी की गई है। सोमवार को लाहौर में मीडिया से बात करते हुए पाक के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा, पाकिस्तान में पिछले दिनों में हुई कई हत्याओं में भारत के शामिल होने की आशंका है। हालांकि, पुलिस अभी इस मामले में जांच कर रही है। इसलिए कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

रविवार 14 अप्रैल को दो अज्ञात हमलावरों ने अमीर सरफराज की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अमीर उस समय लाहौर के इस्लामपुरा में अपने घर में था, जब उस पर हमला हुआ। हमलावरों ने घर की घंटी बजाई और जैसे ही अमीर दरवाजा खोलने बाहर आया, उस पर पास से फायरिंग कर दी। इसके बाद अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पाकिस्तान के मंत्री के आरोप पर फिलहाल भारत सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अमीर सरफराज के भाई जुनैद सरफराज की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात हमलावरों पर केस दर्ज कर लिया है। पाकिस्तान पंजाब सरकार ने केस को पुलिस के काउंटर-टेररिज्म डिपार्टमेंट को ट्रांसफर कर दिया है, जो आईएसआई का ही एक हिस्सा माना जाता है। माना जाता है कि अमीर सरफराज और उसके साथी ने आईएसआई के इशारे पर साल 2013 में लाहौर जेल में बंद भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। यह हत्या भारत में अफजल गुरु की फांसी के 2 महीने बाद हुई थी।



# जन्म के बाद एक महीने तक बेटे को खिलाई सिर्फ धूप, मौत, पिता को आठ साल की जेल

**मास्को, एजेंसी।**
रूस की इन्फ्लूएंजर को अपने एक महीने के बेटे की मौत पर आठ साल की सजा सुनाई गई। वह बेटे को मां का दूध नहीं पीने देता था, वह उसे धूप के जरिए ही जिंदा रखना चाहता था। साथ ही वह दूसरों के लिए एक उदाहरण सेट करना चाहता था कि सिर्फ सूरज की रोशनी से जीवित रहा जा सकता है। कुपोषण और निमोनिया से बच्चे की मृत्यु हुई है।

रूस की एक अदालत में बढ़ा अजीबो-गरीब केस आया। जिसमें एक महीने के बच्चे कोसमोस जिसका वजन 3.5 पाउंड था, उसे अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। चिकित्सकों का कहना है कि वह पहले से ही काफी कमजोर था। उसकी माता ओक्साना मिरोनोवा और पिता मैक्सिम ल्युटी को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की सुनवाई के दौरान कोसमोस की मां ने जो खुलासा किया, उसे अदालत में बैठे सब लोग हैरान रह गए। उसने बताया कि मैक्सिम ल्युटी आलौकिक शक्तियों के लिए बेटे पर अजीब-अजीब प्रयोग किया करता था। प्रसव पीड़ा के दौरान जब मिरोनोवा के अस्पताल ले जाने की बारी आई तो उसने मना कर दिया। घर पर ही मिरोनोवा का प्रसव कराया गया।

बेटे का जन्म हुआ उसका नाम कोसमोस रखा। लेकिन अब कोसमोस और मिरोनोवा के साथ प्रताड़ना शुरू हुई। ल्युटी को मिरोनोवा को जबरन शाकाहारी भोजन करवाया, जिसमें जामुन इत्यादि खिलवाए। उसका मानना था कि इससे शरीर में आध्यात्मिक ऊर्जा का विकास होता है।



उसके बाद तो उसने हद कर दी। उसने मिरोनोवा को बच्चे को दूध पिलाने के लिए भी मना कर दिया। मिरोनोवा की बहन ने अदालत में बताया कि ल्युटी का मानना था कि सूर्य ही बच्चे को दूध पिला रहा है। उसने बताया कि मिरोनोवा कई बार ल्युटी से छिपकर बेटे को दूध पिलाती है। लेकिन उसे हमेशा डर रहता था कि की ल्युटी को पता न चल जाए।

मिरोनोवा की बहन ओलेसा ने कहा कि एक बच्चा सूर्य के भरोसे कैसे जीवित रह सकता है, उसे मां के दूध की आवश्यकता तो होती ही है। मिरोनोवा ने बताया कि ल्युटी अपने बेटे कोसमोस में आलौकिक शक्तियां चाहता था, वह उस पर एक प्रयोग भी कर रहा था। वह चाहता था कि कोसमोस सिर्फ सूर्य की रोशनी के सहारे ही जीवित रहे। बीमार होने पर उसे दवाई नहीं देता था, बल्कि उसने कोसमोस को ठंडे पानी से नहलाया, सिर्फ इसलिए कि इससे बच्चा मजबूत होगा। ओक्साना मिरोनोवा की मां गैलिना ने बच्चे की मौत पर अफसोस जताते हुए कहा कि मैंने महसूस किया कि उसमें कुछ तो अलग से वह आम लोगों की तरह नहीं था, वह पागल था। उन्होंने कहा कि मिरोनोवा उसके लिए बलि का बकरा थी।

## संक्षिप्त समाचार



### केपीआई ग्रीन एनर्जी को खरीदने की लूट, 6 महीने में 196 प्रतिशत चढ़ गया भाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर की प्रमुख कंपनी केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयर लगातार अपने निवेशकों को तगड़ा रिटर्न दे रहा है। केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयर पिछले छह महीने में 196 प्रतिशत चढ़ गए हैं। केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयर मंगलवार को 3.1 प्रतिशत चढ़कर 1740.40 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। बता दें कि आज बुधवार 17 अप्रैल को राम नवमी के मौके पर शेयर बाजार बंद है। सोलर एनर्जी प्रोडक्शन सेक्टर में काम करने वाली कंपनी, सोलरिज्म ब्रांड के तहत एक इंडिपेंडेंट बिजली प्रोड्यूसर और कैप्टिव बिजली प्रोड्यूसर ग्राहकों के लिए सर्विस प्रोवाइडर दोनों के रूप में काम करती है। नवंबर के बाद से इसके शेयरों में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है। इस दौरान इसने 209 प्रतिशत का जबरदस्त रिटर्न दिया है। इस साल 26 फरवरी में स्टॉक 1,890 प्रति शेयर के 52 वीक हाई पर पहुंच गया था। क्लीन एनर्जी सोर्सेज की बढ़ती मांग केपीआई ग्रीन एनर्जी जैसी रिन्युएबल एनर्जी कंपनियों के लिए अपनी बाजार उपस्थिति का विस्तार करने का अवसर है। बता दें कि भारत में बिजली की मांग बढ़ने के साथ पिछले सात सालों में सोलर एनर्जी लगातार नई बिजली कैपासिटी वृद्धि के प्राथमिक स्रोत के रूप में उभरी है। 2030 तक 280 गीगावॉट सौर ऊर्जा हासिल करने का भारत का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर की संभावनाओं को और मजबूत करता है। इसके अलावा फरवरी में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना से देशभर में सोलर एनर्जी प्रोडक्शन की मांग बढ़ने की उम्मीद है।

### 195 के शेयर में रॉकेट जैसी तेजी, लगातार दे रहा मुनाफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज के शेयर ने अपने निवेशकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिए हैं। कंपनी के शेयर पिछले तीन साल में 187.61 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। 16 अप्रैल, 2021 को यह शेयर 195 रुपये पर बंद हुआ था और इस साल 16 अप्रैल, 2024 तक यह बढ़कर 562 रुपये पर आ गया। यानी इस अवधि में 187.61 प्रतिशत चढ़ गया है। इसकी तुलना में सेंसेक्स तीन साल में 49.38 प्रतिशत बढ़ा है। बता दें कि बीते मंगलवार को यह शेयर 3 प्रतिशत तक चढ़कर 565.45 रुपये पर पहुंच गया था। आज रामनवमी के अवसर पर शेयर बाजार बंद है। आपको बता दें कि वुडपैनल उद्योग का स्टॉक एक साल में 83 प्रतिशत बढ़ा है और छह महीने में 37.42 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी का मार्केट कैप बढ़कर 7170 करोड़ रुपये हो गया। तकनीकी के संदर्भ में, ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज का रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स (आरएसआई) 57.8 पर है, जो दर्शाता है कि स्टॉक न तो ओवरसोल्ड और न ही ओवरबॉट क्षेत्र में कारोबार कर रहा है। ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज के शेयर 5 दिन, 10 दिन, 20 दिन 30 दिन, 50 दिन, 100 दिन, 150 दिन और 200 दिन के मूविंग औसत से ऊंचे हैं। एंटीक ब्रोकिंग ने ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज के लिए 670 रुपये का टारगेट प्राइस रखा है। यह मौजूदा प्राइस से 20 प्रतिशत अधिक है। वहीं, जेएम फाइनेंशियल ने 600 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ प्लाइवुड स्टॉक पर होल्ड रेटिंग दी है।

# ग्रोसरी चेन को खरीदने के लिए लाइन में खड़े हैं टाटा, अंबानी और दमानी!

## 4सेवन को बेचने की फिराक में है गॉडफ्रे फिलिप्स







**नईदिल्ली, एजेंसी।** के.के. मोदी ग्रुप के निवेश वाली कंपनी गॉडफ्रे फिलिप्स अपने रिटेल ग्रोसरी चेन 24सेवन को बेचने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक इसके लिए उसकी टाटा ट्रेंट, रिलायंस रिटेल और एवेन्यू सुपरमार्केट्स के साथ बातचीत कर रही है। गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया ने 12 अप्रैल को एक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा था कि वह घाटे में चल रही 24सेवन चेन से बाहर निकलने की योजना बना रही है। कंपनी के रिटेल बिजनस डिवीजन की विस्तृत समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया है। एक सूत्र ने बताया कि गॉडफ्रे फिलिप्स की विभिन्न कंपनियों के साथ बातचीत चल रही है और यह वैल्यूएशन पर निर्भर करेगी। सूत्र ने कहा कि मोदी ग्रुप की लीडरशिप ने अब तक इस बारे में ऐसे ग्रुप्स के साथ बातचीत की है, जिनके बीच स्पष्ट तालमेल है। बातचीत विभिन्न चरणों में है। 24सेवन दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र पंजाब और हैदराबाद में लगभग 145 स्टोर ऑपरेट करता है। साल 2005 में शुरू की गई यह चेन के स्टोर्स में किराना, स्टेपल, स्नैक्स, पेय पदार्थ, पर्सनल केयर उत्पाद, मोदी ग्रुप के अपने ब्यूटी ब्रांड कलरबार के प्रॉडक्ट मिलते हैं। साथ ही कुछ बड़े फॉर्मेट स्टोर्स पर रेडी-टू-ईट फूड काउंटर भी हैं। सूत्र ने कहा, ग्रोसरी रिटेल सेक्टर में काफी तेजी दिख रहा है और घाटे के बावजूद 24सेवन फॉर्मेट का विस्तार संभव है।

**कौन-कौन हैं रेस में:** एक अन्य सूत्र ने कहा कि टाटा ग्रुप की रिटेल कंपनी ट्रेंट लिमिटेड ग्रोसरी चेन स्टार बाजार को ऑपरेट करती है। लेकिन ग्रोसरी का उसके कुल रिटेल बिजनस में छोटा हिस्सा है। 24सेवन इसमें अहम भूमिका निभा सकता है। ट्रेंट की दूसरी रिटेल चेन में वेस्टसाइड और जूडियो ने स्टार बाजार की तुलना में काफी तेजी से अपना विस्तार किया है। रिलायंस रिटेल वेंचर्स की टेक्सस की कंपनी 7-इलेवन ब्रांड के साथ पार्टनरशिप है। कंपनी करीब 50 स्टोर ऑपरेट करती है। इसकी शुरुआत 2021 में हुई थी। एक सूत्र ने कहा कि अगर रिलायंस 24सेवन को खरीदती है तो वह अपनी कनवीनिएंट स्टोर चेन को इसमें मर्ज कर सकती है। दोनों फॉर्मेट एक ही तरह के हैं। इसी तरह डीमार्ट चलाने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स की भी 24सेवन पर नजर है। उसका बिजनस मुख्य रूप से ग्रोसरी केंद्रित है और वह इस सेगमेंट को तेजी से बढ़ाना चाहती है।

मोदी एंटरप्राइजेज के मैनेजिंग डायरेक्टर समीर मोदी ने इस बारे में सवालों का जवाब नहीं दिया। टाटा ट्रेंट और एवेन्यू सुपरमार्केट्स के प्रवक्ताओं ने भी इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। रिलायंस रिटेल के प्रवक्ता ने एक ईमेल में कहा, हम मीडिया की अटकलों और अफवाहों पर टिप्पणी नहीं करते हैं। गॉडफ्रे फिलिप्स के रिटेल बिजनस डिवीजन ने फाइनेंशियल ईयर 2023 में परिचालन से 396 करोड़ का रेवेन्यू कमाया जो कंपनी के कुल रेवेन्यू का 9.3 प्रतिशत है। कंपनी मुख्य रूप से सिगरेट बनाती है। लेकिन कंपनी के रिटेल बिजनस डिवीजन घाटे में रही थी।

# सोने का भाव अभी और उछलेगा अप्रैल में 6262 रुपये हुआ महंगा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शादियों का सीजन आज से शुरू हो रहा है। बारात में बैंड बाजों का शोर रहेगा, लेकिन इजरायल-ईरान के बीच जंग के आसार से सर्राफा बाजारों की रौनक गायब है। सोने-चांदी की कीमतें शोर मचा रही हैं। अप्रैल में सोना 6262 रुपये महंगा हुआ है तो चांद के दाम 9505 रुपये बढ़े हैं।

सर्राफा बाजारों में मंगलवार 16 अप्रैल को को 24 कैरेट सोने का औसत भाव 73514 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच। जबकि, चांदी भी 83632 रुपये प्रति किलो के नए शिखर पर पहुंच गई। हालांकि, अंत में गोल्ड 999 थोड़ा नरम होकर 73302 रुपये और चांदी 83213 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई।

**दो महीने में सोना 11506 रुपये उछला:** 23 फरवरी 2024 को सोना 62008 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। आईबीजेए के आंकड़ों के मुताबिक करीब दो महीने में ही सोना 11506 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा हो गया है। जबकि, चांदी 13979 रुपये प्रति किलो उछली। 23 फरवरी को चांदी के रेट प्रति किलो 69653 रुपये थे। सोने-चांदी के ये रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन द्वारा जारी किए गए हैं। इस रेट पर जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में सोना-चांदी 1000 से 2000 रुपये महंगा मिल रहा हो।

**क्यों उछल रहे सोना-चांदी:** केंद्रीय बैंक लगातार सोने की खरीदारी कर रहे हैं। चीन के केंद्रीय बैंक ने लगातार 16 महीनों तक सोना खरीदा है। दूसरी ओर जनवरी में आरबीआई ने 8,700 किलोग्राम सोना खरीदा। दूसरी ओर पश्चिम एशिया में हालिया भू-राजनीतिक तनाव भी कीमती धातुओं की कीमतों में इजफे का एक कारण रहा है।

# जिस कंपनी ने अडानी के बुरे दिनों में दिया साथ, उसने वोडाफोन आइडिया पर भी रखा हाथ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अडानी के बुरे दिनों में संकट मोचक के रूप में साथ देने वाली कंपनी जीक्यूजी पार्टनर्स ने अब तंगहाल वोडाफोन आइडिया का हाथ पकड़ा है। जीक्यूजी पार्टनर्स ने वोडाफोन आइडिया में भारी निवेश किया है। बता दें पब्लिक इन्वेस्टर्स के लिए अपने मेगा एफपीओ के ओपनिंग से ठीक पहले, वोडाफोन आइडिया ने अपने एंकर बुक आवंटन को बंद करने का ऐलान कर दिया है। कंपनी ने प्रमुख वैश्विक और घरेलू निवेशकों से लगभग 5,400 करोड़ रुपये जुटाए लिए हैं। एंकर बुक को सब्सक्राइब करने वाले प्रमुख निवेशकों में जीक्यूजी पार्टनर्स के अलावा यूबीएस, मॉर्गन स्टेनली इंडिया इन्वेस्टमेंट फंड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स मॉरीशस, गोल्डमैन सैक्स और फिडेलिटी शामिल हैं। जीक्यूजी पार्टनर वही है, जिसने संकट के समय में अडानी ग्रुप पर भरोसा जताया था। इस कंपनी ने अडानी ग्रुप की कई कंपनियों में हिस्सेदारी खरीद रखी है। इस लिस्ट में अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी पोर्ट, अडानी पावर, अडानी एनर्जी सॉल्युशन्स लिमिटेड और अडानी ग्रीन एनर्जी का नाम शामिल है। वोडाफोन आइडिया ने कहा कि उसकी पूंजी जुटाने वाली समिति ने एंकर निवेशकों को कंपनी के 490.9 करोड़ इक्विटी शेयरों के आवंटन को मंजूरी दे दी है। 16 अप्रैल, 2024 को हुई कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक हुई। इसमें बुक रनिंग लीड मैनेजरों के कंसल्ट से एंकर निवेशकों को 4,90,90,90,908 इक्विटी शेयरों के आवंटन को अंतिम रूप दिया गया। कंपनी ने बीएसई फाइलिंग में कहा, एंकर निवेशक एलोकेशन प्राइस 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर है।




### देश का सबसे बड़ा एफपीओ

नकदी संकट से जूझ रही वोडाफोन आइडिया ने 10 से11 रुपये प्रति शेयर के प्राइस बैंड पर 18,000 करोड़ रुपये के फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर की घोषणा की है। यह देश का सबसे बड़ा एफपीओ है।

वोडाफोन आइडिया वर्तमान में अपने बड़े प्रतिद्वंद्वियों रिलायंस जियो और भारती एयरटेल से बड़े अंतर से पीछे है। यह धनराशि वीआईएल को बहुत 5जी रोलआउट और 4जी सेवाओं को मजबूत करने में मदद करेगी।

वीआईएल का फॉलो-ऑन ऑफर सार्वजनिक निवेशकों के लिए 18 को खुलेगा और 22 अप्रैल को बंद होगा। एफपीओ के बुक रनिंग लीड मैनेजर एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, जेफरीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड हैं।

# ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने बड़ी टैंक क्षमता वाले एयर कूलर्स लॉन्च किए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड जो कि 2.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के विविधीकृत सीके बिरला ग्रुप का अंग है, ने डेज़र्ट और कॉमर्शियल कैटेगरीज़ में बड़े टैंक वाले नए मॉडल्स को लॉन्च करके एयर कूलर की अपनी पहले से ही व्यापक रेंज का विस्तार किया है। बड़ी टैंक क्षमताओं, उन्नत सुविधाओं और बेहतर प्रदर्शन वाले ये कूलर बड़ी जगहों की कूलिंग के लिए एक आदर्श विकल्प हैं। कंपनी का इस सीज़न में एयर कूलर्स की कैटेगरी में डबल डिजिट ग्रोथ हासिल करने का लक्ष्य है। ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड के बिज़नेस हेड - ईसीडी, गौरव धवन ने कहा, चूंकि मौसम विशेषज्ञों ने इस गर्मी के सीज़न में सामान्य से अधिक तापमान रहने का पूर्वानुमान लगाया है और तेज़ लू चलने की संभावना जताई है, हम एयर कूलर्स की मांग में काफी वृद्धि होने की उम्मीद कर रहे हैं। आज हम इस सेगमेंट में देश में सबसे ज्यादा बिकने वाले ब्रांड्स में से एक हैं, और हमारे पास उपभोक्ताओं की हर ज़रूरत को पूरा करने के लिए विभिन्न आकार, साइज़, क्षमता और मटीरियल में एयर कूलर्स की एक व्यापक रेंज है। हमारी रेंज में 60 से अधिक मॉडल शामिल हैं जिनमें आईओटी-सक्षम और आवाज़ से नियंत्रित होने वाले एयर कूलर, मेटल-बॉडी वाले एयर कूलर और बिजली बचाने वाले इन्वर्टर एयर कूलर शामिल हैं। हमने हमेशा उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को समझने और उनका समाधान करने पर ध्यान दिया है। हमारे नए बड़े टैंक वाले एयर कूलर्स अत्यधिक गर्मी झेलने वाले इलाके, जैसेकि मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान के लिए बेहतरीन विकल्प हैं। अपनी कूलर्स की विशाल रेंज और अनुकूल मौसम के पूर्वानुमान के चलते हुए, हम एक अच्छे सीज़न की उम्मीद कर रहे हैं। लॉन्च किए गए कुछ नए मॉडल्स में डेज़र्ट कूलर कैटेगरी में स्मार्टचिल 125 लीटर, अवांते 105 लीटर और टाइटन 100 लीटर हैं, और कॉमर्शियल कूलर कैटेगरी में मैक्सोचिल 100 लीटर शामिल हैं। ये कूलर एरोफेन टेक्नॉलजी वाले फैन ब्लेड्स से लैस हैं, जो प्रभावशाली ढंग से 60 फीट दूर तक हवा देते हैं।

ओरिएंट एयर कूलर्स न केवल उन्नत तकनीक से लैस हैं बल्कि डिज़ाइन और फिनिश की दृष्टि से भी ये बेहद आकर्षक हैं। ओरिएंट एयर कूलर्स की कुछ खास खूबी डेंसनेस्ट टेक्नॉलजी वाले हनीकॉम्ब पैड हैं, जो कि पानी को लंबे समय तक रीटेन करके 25 प्रतिशत अधिक कूलिंग प्रदान करते हैं। इसके अलावा, इन कूलर्स में ऑटो फिल फ़ंक्शन, मच्छरों के प्रजनन की रोकथाम, आइस चैंबर, कोलैप्सिबल लूवर, और कैस्टर व्हील आदि शामिल हैं। प्लास्टिक से लेकर मेटल कूलर और कॉमर्शियल से इंडस्ट्रियल एयर कूलर तक, ओरिएंट इलेक्ट्रिक के पास हर तरह की ज़रूरत और जगह के लिए एयर कूलर उपलब्ध हैं।

# मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने 1,000 करोड़ के सुरक्षित प्रतिदेय गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर सार्वजनिक निर्गम की घोषणा की

**मुंबई एजेंसी।** मोतीलाल ओसवाल फाइनैन्शल सर्विस लिमिटेड (एम ओ एफ एस एल / कंपनी / जारीकर्ता) ने 500 करोड़ तक के ग्रीन शू विकल्प के साथ 500 (बेस इशू साइज़) की राशि तक के सुरक्षित प्रतिदेय गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) के सार्वजनिक निर्गम की घोषणा की है, जिसका प्रत्येक का अंकित मूल्य 1,000 है और जो संचयी रूप से 1,000 करोड़ (इश्यू) तक होगा।

एनसीडी की आठ श्रृंखलाएं हैं, जिनमें निश्चित कूपन हैं और जो 24 महीने, 36 महीने, 60 महीने और 120 महीने की अवधियों में वार्षिक, मासिक और परिपक्वता के ब्याज विकल्प मौजूद हैं। एनसीडी के लिए प्रभावी वार्षिक प्रतिफल 8.85 प्रतिशत प्रति वर्ष से 9.70 प्रतिशत प्रति वर्ष है। इस इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का कम से कम 75 प्रतिशत का उपयोग कार्यशील पूंजी की आवश्यकता को पूरा करने और मौजूदा देनदारियों के पुनर्भुगतान के लिए किया जाएगा और शेष राशि का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा, बशर्ते कि ऐसा उपयोग राशि का 25 प्रतिशत से अधिक न हो और जो समय-समय पर संशोधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (गैर-परिवर्तनीय प्रतिभूतियों का निर्गम और सूचीकरण) विनियम, 2021 (सेबी एनसीएस विनियम) के अनुपालन के अनुसार होगा।

इश्यू के तहत जारी किए जाने वाले प्रस्तावित एनसीडी को क्रिसिल रेटिंग्स द्वारा क्रिसिल एए/स्टेबल और इंडिया रेटिंग्स द्वारा इंडिया एए/स्टेबल रेटिंग दी गई है। इस रेटिंग वाले उपकरणों को वित्तीय दायित्वों की समय पर सेवा के संबंध में उच्च स्तर की सुरक्षा वाला माना जाता है। ऐसे उपकरणों में क्रेडिट जोखिम बहुत कम होता है। ट्रस्ट इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड, नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड और मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेडस इस इश्यू के लीड मैनेजर हैं। एनसीडी को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध किया जाएगा। कंपनी को बीएसई और एनएसई से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। इस इश्यू के प्रयोजनों के लिए, बीएसई नामित स्टॉक एक्सचेंज होगा। मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंकर्स) विनियम, 1992, संशोधित (मर्चेंट बैंकर्स विनियम) के अनुसार जारीकर्ता का सहयोगी माना जाता है।

# महिंद्रा ने लॉन्च किया बोलेरो नियो+, कीमत 11.39 लाख से शुरू

- *9-सीटर यात्री वाहन खंड में शीर्ष स्थान लेने के लिए तैयार*
- *एंट्री-लेवल पी4 और प्रीमियम वेरिएंट पी10 में उपलब्ध है*
- *ईंधन दक्षता बढ़ाने के लिए माइक्रो-हाइब्रिड प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल*

**मुंबई , एजेंसी।** भारत की अग्रणी एसयूवी विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने आज बोलेरो नियो+ 9-सीटर का अनावरण किया, जिसे दो वेरिएंट- पी4 और प्रीमियम पी10 में पेश किया गया है। इस एसयूवी को स्टाइलिश, विशाल और मज़बूत एसयूवी चाहने वाले ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है, जिसमें ड्राइवर सहित 9 यात्री आराम से बैठ सकते हैं।

बोलेरो नियो+ 9-सीटर बोलेरो के भरोसेमंद, शक्तिशाली और 'कहीं भी जाएं' वाली विशेषता पर आधारित है, जो नियो के स्टाइलिश बोल्ड डिज़ाइन, प्रीमियम इंटीरियर और प्रौद्योगिकी से लैस है। एसयूवी ग्राहकों को बड़े परिवारों, संस्थागत ग्राहकों, टूर एवं ट्रैवल ऑपरेटर और कंपनियों को पट्टे पर वाहन देने वाले कांट्रेक्टर के लिए अनूठी पेशकश करती है।

महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी ङ्क वाहन खंड, नलिनीकांत गोल्लगुंटा ने कहा, बोलेरो ब्रांड वर्षों से हमारे ग्राहकों के लिए मज़बूती और विश्वसनीयता की मिसाल बन गया है, जो लगातार उम्मीद से अधिक प्रदर्शन कर रहा है। बोलेरो नियो+ के लॉन्च के साथ, हम टिकाउपन, उन्नत सुविधाओं और बेहतर आराम का वादा कर रहे हैं जो हर परिवार और बेड़े के मालिक के लिए ड्राइविंग अनुभव को समान रूप से समृद्ध करता है।

**कहीं भी जाने की क्षमता के साथ शक्तिशाली:** बोलेरो नियो+ मजबूत 2.2 लीटर एमहॉक डीजल इंजन से लैस है, जिसमें उत्कृष्ट ईंधन दक्षता और प्रदर्शन के लिए माइक्रो-हाइब्रिड प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हुआ। इसका बॉडी-ऑन-फ्रेम निर्माण और उच्च शक्ति वाला स्टील बॉडी शेल टिकाउपन और सुरक्षा के लिए डिज़ाइन किया गया है। एसयूवी ईबीडी के साथ एबीएस, डुअल एयरबैग, आईएसओफिक्स चाइल्ड सीट, इंजन इमोबिलाइज़र और ऑटोमैटिक डोर लॉक सहित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं के साथ आता है, जो सभी यात्रियों के लिए सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करता है।




**स्टाइलिश बोल्ड डिज़ाइन:** बोलेरो नियो+ में एक्स-आकार के बंपर, क्रोम इन्सर्ट से लैस फ्रंट ग्रिल और एक एक्स-आकार के स्पेयर व्हील कवर जैसे सिग्नेचर बोलेरो तत्व हैं और साथ ही साइड बॉडी क्लैडिंग भी है। इसका प्रामाणिक एसयूवी डिज़ाइन और प्रभावशाली रुख को स्टाइलिश हेडलैंप, फॉग लैंप और एक कमांडिंग हुड से और बढ़ता है। 40.64 सेंटीमीटर अलॉय व्हील और मस्क्युलर साइड तथा रियर फुटस्टेप के साथ, बोलेरो नियो+ आत्मविश्वास और मज़बूती सौम्यता का परिचय देता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि यह किसी भी सड़क पर अलग दिखे।

**परिष्कृत आंतरिक साज-सज्जा और बेहतर आराम:** बोलेरो नियो+ प्रीमियम इटालियन इंटीरियर और 22.8 सेमी टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम के साथ बेजोड़ आराम प्रदान करता है जिसमें ब्लूटूथ, यूएसबी और ऑक्स कनेक्टिविटी शामिल है। साथ ही एंटी-ग्लेयर आईआरवीएम, इलेक्ट्रिकली एडजस्टेबल ओआरवीएम और एक हाइट-एडजस्टेबल ड्राइवर की सीट द्वारा प्रदान की जाती हैं। वाहन फ्रंट और रीयर पावर विंडो, आर्मरेस्ट और उदार बूट स्पेस से भी लैस है, जो आराम और व्यावहारिकता दोनों सुनिश्चित करता है। इसमें बैठने की बहुमुखी व्यवस्था, जिसमें 2-3-4 पैटर्न में व्यवस्थित 9 सीटें शामिल हैं, विभिन्न प्रकार की यात्रा आवश्यकताओं को पूरा करते हुए, यात्री और सामान दोनों जगह के लिए अधिकतम जगह प्रदान करता है।

# बजाज आलियांज लाइफ ने ग्राहकों को व्हाट्सएप पर डिजिटल लेनदेन की सुविधा प्रदान की

**पुणे , एजेंसी।** अग्रणी निजी जीवन बीमाकर्ता कंपनियों में में से एक बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने मेटा के साथ साझेदारी के माध्यम से व्हाट्सएप पर प्रीमियम भुगतान का विकल्प पेश किया है। लाखों भारतीय उपभोक्ताओं को जोड़कर, व्हाट्सएप संचार और सेवा के लिए एक लोकप्रिय ऐप के रूप में सामने आया है। इस लोकप्रियता का लाभ उठाने और ग्राहकों को बेहतरीन सुविधा प्रदान करने के लिए, बजाज आलियांज लाइफ ने व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी प्रीमियम भुगतान सेवाओं को अपग्रेड किया है। इस तरह ग्राहक एक ही स्थान पर अपनी पॉलिसी और अपने पेमेंट्स को मैनेज कर सकते हैं। ग्राहक सीधे व्हाट्सएप इंटरफ़ेस के भीतर नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई जैसे विभिन्न पेमेंट मोड के माध्यम से अपने प्रीमियम का भुगतान आसानी से कर सकते हैं। यह पहल भुगतान प्रक्रिया को और सुव्यवस्थित करती है, साथ ही विभिन्न पेमेंट ऐप्स के बीच स्विच करने की आवश्यकता को समाप्त करती है और सीधे व्हाट्सएप के भीतर निर्बाध और कुशल तरीके से प्रीमियम भुगतान सुनिश्चित किया जा सकता है। इस तरह ग्राहक के अनुभव को और बेहतर बनाया जा सकता है।



## नरगिस ने खुलासा किया कि वह

# बॉलीवुड में एंट्री करने से पहले वेट्रनेरियन बनना चाहती थीं!

रॉकस्टार से लेकर मैं तेरा हीरो तक, एक्ट्रेस नरगिस फाखरी ने बॉलीवुड में अपने पूरे सफर के दौरान कई बड़ी हिट फिल्में दी हैं। रॉकस्टार गर्ल ने मद्रास कैफे, अजहर और हाउसफुल 3 जैसी कुछ फिल्मों में कई रोल्स में अभिनय करके एक एक्ट्रेस के रूप में अपनी सीमा दिखाई है। हालाँकि, उनके फैंस यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि बॉलीवुड में आने से पहले उनके लिए एक अलग करियर चॉइस क्या रही होगी? खैर, नरगिस ने हालही में खुद इसका खुलासा किया है।

नरगिस ने कहा मैं बचपन में वेट्रनेरियन बनना चाहती थी। मुझे जानवरों से प्यार है और बचपन से ही मैं उन्हें एक सुरक्षित वातावरण देना चाहती थी, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था और मैं फिल्म इंडस्ट्री में आ गई। अगर मुझे अपने जीवन पर विचार करना हो और अतीत में जाना हो तो, मैं कुछ भी नहीं बदलूंगी।

इन सालों में, मुझे अपनी कला से प्यार हो गया है, मेरा मतलब है, मैं स्क्रीन पर जो चाहती हूं, वह कर सकती हूं और बन सकती हूं। यह भी मैंने अनुभव किया है प्रभावशाली फिल्में लोगों के जीवन पर असर डालती हैं। यही कारण है कि मेरी कोशिश ऐसी फिल्में करने की है, जो महत्वपूर्ण हों और हमारे रोज़मर्रा के संघर्षों से एस्केपिज्म की तरह काम करें।



# भगवान शिव के किरदार में नजर आ सकते है साउथ सुपरस्टार प्रभास


प्रभास मांचू विष्णु के ड्रीम प्रोजेक्ट कन्नप्पा में कैमियो रोले निभाते हुए नजर आएंगे। ऐसी अटकलें हैं कि प्रभास फिल्म में भगवान शिव के रूप में नजर आएंगे। अब प्रभास के किरदार को लेकर नया अपडेट सामने आया है। साउथ सुपरस्टार प्रभास मांचू विष्णु के ड्रीम प्रोजेक्ट कन्नप्पा में एक अतिथि भूमिका में दिखाई देंगे, जिसकी शूटिंग चल रही है। फिल्म में कई मशहूर कलाकार प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। ऐसी अटकलें हैं कि प्रभास फिल्म में भगवान शिव के रूप में नजर आएंगे, लेकिन टीम ने चुप्पी साध रखी है और उनकी भूमिका के बारे में कभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वहीं अब खबर आई है कि प्रभास फिल्म में नंदी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। उम्मीद है कि वे जल्द ही सेट पर शामिल होंगे और एक ही शेड्यूल में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर लेंगे।



# चमकीला में काम न कर पाने का कपिल शर्मा को मलाल

द ग्रेट इंडियन कपिल शो इन दिनों नेटफ्लिक्स पर प्रसारित हो रहा है। हालिया एपिसोड में अपनी फिल्म अमर सिंह चमकीला का प्रचार करने के लिए दिलजीत दोसांझ, परिणीति चोपड़ा और इम्तियाज अली पहुंचे थे। अब इस एपिसोड का बचा हुआ कंटेंट भी यूट्यूब पर आ गया है। कपिल शर्मा के चैनल पर इस शो के पर्दे के पीछे का वीडियो साझा किया गया है। इस वीडियो क्लिप में कपिल ने उस घटना को याद करते हुए कहा, मैं एक दिन रहमान सर से मिला और उन्होंने कहा कि मैंने आपको चमकीला के लिए फोन किया था। कॉमेडियन ने आगे बताया कि मुझे लगता है कि वह चाहते थे कि मैं कोई गाना या फिल्म के लिए कुछ करूं। मुझे लगा कि वह मेरे साथ सिर्फ मीठी-मीठी बातें कर रहे थे। कपिल ने आगे कहा, उन्होंने मुझसे यह बात गंभीर अंदाज में नहीं कही तो मैंने उनसे कहा कि सर हम विदेश में थे और इसीलिए हम एक-दूसरे से बात नहीं कर सके। कपिल ने आगे बताया कि यह दुर्भाग्यपूर्ण था। इसके बाद मैं सारी रात रोया। कपिल की ये बातें सुनकर वहां मौजूद सभी लोगों की हंसी छूट गई। इस बातचीत में इम्तियाज ने आगे बताया कि रहमान सर ने उनसे कहा था कि अगर दिलजीत यह फिल्म नहीं करते, तो हमारे पास केवल एक विकल्प था जो कि आप थे। अमर सिंह चमकीला की बात करें तो फिल्म को हाल ही में सीधा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया।

# केबीसी के नए सीजन में वापसी के लिए तैयार हैं बिग बी, 26 अप्रैल से शुरू होगा रजिस्ट्रेशन




कौन बनेगा करोड़पति के निर्माताओं ने मंगलवार को 26 अप्रैल से शुरू होने वाले रजिस्ट्रेशन के साथ नए सीजन की घोषणा कर दी है। क्विज-आधारित रियलिटी शो की मेजबानी मेगास्टार अमिताभ बच्चन कर रहे हैं।

शो के 15वें सीजन का आखिरी एपिसोड 29 दिसंबर, 2023 को प्रसारित किया गया था। शो के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर शो के नए सीजन की घोषणा करते हुए एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें सीजन 15 के अंतिम एपिसोड से अमिताभ की क्लिप देखी जा सकती है।

इसके बाद वीडियो में कई सोशल मीडिया संदेशों की झलक दिखाई गई, जैसे बच्चन जी वापस आ जाओ, औरहम आपको याद करते हैं बिग बी। कृपया केबीसी को फिर से शुरू करें। पोस्ट को कैप्शन दिया गया है, ऐसा मिला प्यार कि लौट रहा है फिर एक बार, कौन बनेगा करोड़पति शुरू हो रहा है। रजिस्ट्रेशन 26 अप्रैल रात 9 बजे से शुरू। प्रशंसकों ने टिप्पणी अनुभाग में लिखा, केबीसी का नया सीजन लाने के लिए धन्यवाद। एक अन्य यूजर ने कहा, हमें आपकी याद आती है सर। हालांकि, नए सीजन की प्रीमियर तारीख की घोषणा अभी नहीं की गई है। सीजन 15 के आखिरी एपिसोड में हैदरगंज, उत्तर प्रदेश के आईएएस उम्मीदवार अविनाश भारती को दिखाया गया था। उन्होंने 50 लाख रुपये की रकम जीती थी। फिनाले एपिसोड में भारतीय पैरा-तीरंदाज शीतल देवी और एक्ट्रेस विद्या बालन भी शामिल थीं। उनके बाद दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और उनकी पोती सारा अली खान थीं।

# प्रियंका चोपड़ा शूटिंग के दौरान हुईं घायल





प्रियंका चोपड़ा इस वक्त फिल्म हेड ऑफ स्टेट की शूटिंग कर रही हैं और उन्हें चोट लग गई। प्रियंका एक स्टंट करते हुए घायल हो गईं और उनके चेहरे पर खून की छींटें व खरोंचें दिखीं। प्रियंका के चेहरे पर चोट लगी है, जिसकी तस्वीर उन्होंने इंस्टाग्राम पर फैंस संग शेयर की है।

प्रियंका चोपड़ा हाल ही अपनी हॉलीवुड फिल्म हेड ऑफ स्टेट की शूटिंग कर रही थीं कि इसी दौरान उनके साथ सेट पर दुर्घटना हो गई। इसमें प्रियंका को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं।

# अदिति भगत ने उड़ारियां में सीखा ऑन-स्क्रीन रोमांस



शो उड़ारियां में आसमा का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस अदिति भगत ने बताया कि इस शो ने उन्हें ऑन-स्क्रीन रोमांस करना सिखाया है। अदिति ने बताया कि वह शो में पहली बार रोमांटिक सीन कर रही हैं और वह स्वीकार करती हैं कि कभी-कभी उन्हें ऐसा करना मजेदार भी लगता है। उन्होंने कहा, उडारियां ने मुझे सिखाया कि ऑन-स्क्रीन रोमांस कैसे किया जाता है। मैं मजाक नहीं कर रही हूं, ऐसे सीन को शूट करना बहुत मुश्किल है क्योंकि कभी-कभी मुझे सीधा चेहरा बनाए रखना मुश्किल लगता है लेकिन एक कलाकार के रूप में आपको किसी भी दृश्य को करने के लिए तैयार रहना पड़ता है और मुझे लगता है कि मैं उसमें महारत हासिल कर रही हूं। उन्होंने आगे कहा, मुझे फाइट सीक्वेंस करने में भी मजा आ रहा है। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं टीवी पर एक्शन सीन करूंगी। एक्ट्रेस रोजाना सेट पर आने को आतुर रहती हैं। वह कहती हैं कि ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्हें अपना काम इतना पसंद है कि अगर संभव हुआ तो वह सेट पर ही रहेंगी। अदिति ने कहा, मुझे अपने काम से प्यार है। हर दिन जब मैं उठती हूं, तो मेरा दिल कृतज्ञता से भरा होता है, और इतने लोकप्रिय शो में मुख्य भूमिका निभाने के लिए मैं बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं।

# ईशा अग्रवाल को दिया नारी फर्स्ट ज्वेल ऑफ इंडिया का क्राउन



एडवोकेट ईशा अग्रवाल ने एम्प्रेस श्रेणी में प्रतिष्ठित नारी फर्स्ट ज्वेल ऑफ इंडिया का खिताब जीता। यह ट्रॉफी एक कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने उनको प्रदान की। नारी फर्स्ट ज्वेल ऑफ इंडिया ब्यूटी कॉन्टेस्ट का समापन कार्यक्रम कॉर्डेला क्रूज पर हुआ। इसमें विभिन्न पृष्ठभूमियों से 130 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें एम्प्रेस श्रेणी में ईशा अग्रवाल विजेता बनीं। मुंबई में बसी छत्तीसगढ़ की रहने वाली सिंगल मदर ईशा की यात्रा संघर्ष से भरी हुई है।

छत्तीसगढ़ में एलएलएम पूरा करने के बाद उन्हें इंस्टाग्राम पर नारी फर्स्ट का विज्ञापन मिला। उनकी बेटी ने उनको अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। पारिवारिक जिम्मेदारियों और काम के बीच संतुलन बनाते हुए ईशा डटी रहीं और साबित कर दिया कि सपनों की कोई सीमा नहीं होती। नारीफर्स्ट का ज्वेल ऑफ इंडिया ब्यूटी कॉन्टेस्ट पारंपरिक मानदंडों को तोड़ते हुए और विविधता और सशक्तिकरण की शक्ति का जश्न मनाते हुए एक शानदार कॉर्डेला क्रूज पर संपन्न हुआ। संस्थापक एकता शर्मा और अंशु बुधराजा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने सभी उम्र, ऊंचाई और वजन के प्रतिभागियों का स्वागत किया। विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए 130 प्रतियोगियों को शामिल करने वाली इस अभूतपूर्व प्रतियोगिता ने परिवर्तनकारी प्रशिक्षण प्रदान किया, जिसका समापन एक अविस्मरणीय अनुभव के रूप में हुआ।

# अपकमिंग शो मैं हूं साथ तेरे में नेगेटिव किरदार निभाती नजर आएंगी एक्ट्रेस मानसी श्रीवास्तव

अपकमिंग शो मैं हूं साथ तेरे में रैना की नकारात्मक भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस मानसी श्रीवास्तव ने अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की। यह शो आपको एक अकेली मां जानवी (उल्का गुप्ता) की यात्रा पर ले जाने के लिए तैयार है, जिसमें एक माता-पिता की भूमिका निभाते समय एक मां को निरंतर सामाजिक जांच और कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है . जानवी अपने बेटे कियान के साथ रहती है, जो उसकी दुनिया है, लेकिन उनके मजबूत बंधन के बावजूद कियान को घर में एक आदमी की मौजूदगी की कमी का अनुभव होता है।



कहानी तब और गहरी हो जाती है जब जानवी की मुलाकात एक अमीर व्यापारी आर्यमान (करण वोहरा) से होती है और दोनों एक ही छत के नीचे काम करने लगते हैं। शो में मानसी आर्यमन की बहन रैना का किरदार निभाती नजर आएंगी। हालांकि वह बुंदेला परिवार की सबसे छोटी बेटी है, लेकिन बहुत महत्वाकांक्षी है और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करती है। लेकिन वह आर्यमान को पसंद नहीं करती, और वह नहीं चाहती कि बुंदेला की संपत्ति में उसका कोई हिस्सेदार हो क्योंकि वह उसके पिता की दूसरी शादी से हुआ बेटा है।

# 'पंड्या स्टोर' छोड़ने की वजह पर शो बनाने वालों पर लगाया ये बड़ा आरोप

छोटे पर्दे की चर्चित अभिनेत्री मेघा शर्मा अब धारावाहिक 'पंड्या स्टोर' का हिस्सा नहीं रहीं। चर्चा है कि उन्हें शो की बदलती कहानी के चलते बाहर कर दिया गया है। हालांकि, मेघा का अब ये कहना है कि ये शो उन्होंने खुद छोड़ दिया है। मेघा का आरोप है कि जैसे जैसे कहानी आगे बढ़ रही थी, उनके किरदार को शो में बिल्कुल हाशिये पर पहुंचा दिया गया था। धारावाहिक 'पंड्या स्टोर' छोड़ने के अपने फैसले की वजह बताते हुए मेघा ने कहा, मैं लगभग 9-10 महीनों तक शो का हिस्सा रही और पहले चार महीनों तक मैंने अपनी भूमिका का भरपूर आनंद लिया। लेकिन फिर, चीजें दोहराई जाने लगीं और मेरा चरित्र विकसित नहीं हो रहा था। मुझे ज्यादा स्क्रीन टाइम नहीं मिल रहा था, इसलिए मुझे ऐसा लग रहा था जैसे मैं एक अंतिम पड़ाव पर पहुंच रही हूं। मेघा के मुताबिक, जो कुछ हो रहा था, मुझे इस पर रोक लगाने की जरूरत महसूस हुई। इस प्रकार, मैंने शो छोड़ दिया क्योंकि मेरा किरदार विकसित नहीं हो रहा था और मेरे पास मुश्किल से ही कोई स्क्रीन टाइम या लाइन्स थीं। मैंने इसके बारे में बहुत सोचा, लेकिन जब मुझे एहसास हुआ कि मुझे चमकने का ज्यादा मौका नहीं मिल रहा है, तो मुझे छोड़ने का फैसला करना पड़ा। मेघा कहती हैं, चलते हुए शो को छोड़ना एक कठिन निर्णय था क्योंकि मुझे टीम के साथ काम करने में बहुत मजा आया, वे बहुत अच्छे थे।





# सुनील नारायण ने जड़ा टी-20 करियर का पहला शतक

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता के ईडन गार्डेंस स्टेडियम में सुनील नारायण के बल्ले से एक शतकीय पारी देखने को मिली है। अपनी जादुई गेंदबाजी के लिए पहचाने जाने वाले सुनील नारायण ने इस बार बतौर बल्लेबाज कमाल का प्रदर्शन किया है। सुनील नारायण ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले जा रहे मैच में शतक जड़ा। ये उनकी टी20 करियर का पहला शतक भी है।


### सुनील नारायण ने जड़ा पहला शतक

सुनील नारायण साल 2011 से टी20 क्रिकेट खेल रहे हैं। लेकिन 13 साल के उनके करियर में ये पहला मौका है जब उन्होंने शतक जड़ा है। सुनील नारायण इस बार आईपीएल में केकेआर के लिए ओपनिंग कर रहे हैं और वह मैनेजमेंट के फैसले पर खरे भी उतरे हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले जा रहे मैच 49 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने शतक तक पहुंचने के लिए 11 चौके और 6 छक्के जड़े। नारायण इस मैच में 56 गेंदों पर 109 रन बनाकर आउट हुए।

### आईपीएल के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

सुनील नारायण ने इस शतक के साथ आईपीएल में एक बड़ा रिकॉर्ड भी बना दिया है। सुनील नारायण आईपीएल में शतक जड़ने के साथ-साथ 100 विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी भी बन गए हैं। उनसे पहले आईपीएल में ये कारनामा किसी भी खिलाड़ी ने नहीं किया था।

वहीं, नारायण के इतिहास के तीसरे खिलाड़ी बने हैं जिसने इस लीग में शतक जड़ा है और हैट्रिक लेने का कारनामा भी किया है।




वन मैन आर्मी जोस बटलर...

## कोलकाता नाइट राइडर्स के जबड़े से छीना मैच

## जड़ा दमदार शतक

**कोलकाता, एजेंसी।** संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में धूम मचा दी है. राजस्थान टीम ने मंगलवार (16 अप्रैल) को ईडन गार्डन्स में खेले गए रोमांचक मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 2 विकेट से करारी शिकस्त दी.

इस जीत के साथ ही राजस्थान टीम ने पॉइंट्स टेबल में अपना नंबर-1 का ताज बरकरार रखा है. संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान टीम ने अब तक 7 में से 6 मुकाबले जीते हैं. इस जीत के साथ अब राजस्थान टीम अपनी नंबर-1 की पोजिशन मजबूत कर ली है. दूसरी ओर कोलकाता टीम ने अब तक 6 में से 4 मुकाबले जीते हैं.

### बटलर अकेले डटे रहे और टीम को जीत दिलाई

ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में कोलकाता टीम ने 224 रनों का टारगेट सेट किया था, जिसके जवाब में राजस्थान टीम शुरुआत से ही लड़खड़ाती नजर आई. एक समय टीम ने 186 रनों पर 8 विकेट गंवा दिए थे और जीत के लिए 15 गेंदों पर 38 रनों की जरूरत थी. उस समय जोस बटलर क्रीज पर थे और उन्होंने हार नहीं मानी.

बटलर ने अकेले के दम पर राजस्थान को मैच जिताया. साथ ही उन्होंने अपना भी शतक पूरा किया. बटलर ने 60 गेंदों पर नाबाद 107 रनों की पारी खेली. इस दौरान 6 छक्के और 9 चौके जमाए. बटलर की पारी के बदौलत राजस्थान ने 8 विकेट गंवाकर मैच जीत लिया.



## ट्रेंट बोल्ट की स्टंप तोड़ यॉर्कर ने कर दिया लाखों का नुकसान!

## क्या अब करनी पड़ेगी भरपाई?

**कोलकाता, एजेंसी।** ट्रेंट बोल्ट ने आईपीएल 2024 के 31वें मुकाबले में एक ऐसी यॉर्कर डाली कि स्टंप ही टूट गया. बोल्ट ने अपनी एक यॉर्कर से करीब 10 लाख रुपये का नुकसान कर दिया. स्टंप टूटने के बाद खेल को कुछ देर तक रोका भी गया. ईडन गार्डन्स में टूर्नामेंट का 31वां मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया था. इस मैच में राजस्थान रॉयल्स के ट्रेंट बोल्ट ने खतरनाक यॉर्कर से सुनील नरेन को चलता किया था. लेकिन बोल्ट की यॉर्कर से जो स्टंप टूटा, उसकी उन्हें भरपाई करनी पड़ेगी?

पहली पारी में 18वें ओवर की तीसरी गेंद पर ट्रेंट बोल्ट ने सुनील नरेन को यॉर्कर पर बोल्ड कर पवेलियन भेजा. बोल्ट की इस गेंद से स्टंप टूट गया था, जिसकी वजह से कुछ देर खेल रुका क्योंकि नया स्टंप लाकर लगाने में वक्त लगा. इस आईपीएल नए तरह के स्टंप्स का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसमें अलग-अलग मौकों पर अलग लाइट्स जलती हैं. जैसे- चौका-छक्का लगाने पर अलग लाइट्स, वाइड और नो बॉल होने पर अलग तरह की लाइट्स स्टंप में फ्लैश होती हैं.

### 10 लाख रुपये के करीब एक स्टंप की कीमत

एक साइड तीन स्टंप लगाए जाते हैं और मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इसमें एक स्टंप की कीमत करीब 10 लाख रुपये होती है. ऐसे में दोनों तरफ 30-30 लाख रुपये के स्टंप्स का इस्तेमाल किया जाता है. यही कराण है कि अब पहले के जैसे खिलाड़ियों को मैच जीतने के बाद स्टंप निकालने की इजाजत नहीं होती है. पहले जब लकड़ी वाले स्टंप का उपयोग होता था तब खिलाड़ी मुकाबला जीतने के बाद स्टंप निकलाकर ले जाते थे.

### क्या ट्रेंट बोल्ट को करनी पड़ेगी 10 लाख की भरपाई?

तो आपको बता दें कि ऐसा किसी भी तरीके का कोई नियम नही हैं. अगर गेंदबाज़ अपनी बॉलिंग से स्टंप तोड़ता है, तो उसे किसी भी तरह की कोई भरपाई नहीं करनी होती है. ऐसा कई मौकों पर देखा गया है कि अक्सर गेंदबाज़ अपनी तेज़ तर्रार गेंदों से स्टंप तोड़ देते हैं, लेकिन उन्हें किसी भी तरह की कोई भरपाई नहीं करनी होती है.

Paris Olympics

## बिना तैयारियों के ओलंपिक क्वालिफायर खेलेंगे पहलवान टूर्नामेंट के लिए नहीं लगा तैयारी शिविर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सूत्रों की मानें तो खेल मंत्रालय की ओर से भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे निलंबन के चलते ओलंपिक क्वालिफायर के लिए पहलवानों का तैयारी शिविर नहीं लग सका। कुश्ती पर विवादों के साये ने ओलंपिक क्वालिफायर जैसे टूर्नामेंट के लिए पहलवानों की तैयारियों को छीन लिया। भारतीय टीम के पहलवान बिना तैयारियों के देश को पेरिस ओलंपिक का कोटा दिलाने बिश्केक (किर्गिस्तान) रवाना हो गए।

ओलंपिक क्वालिफायर जैसे टूर्नामेंट के लिए पुरुष और महिला पहलवानों का कोई तैयारी शिविर नहीं लगाया गया। पहलवान अपने स्तर पर अखाड़ों में तैयारी कर क्वालिफायर में उतरने जा रहे हैं। अभी तक भारत को कुश्ती में सिर्फ एक ओलंपिक कोटा मिला है, जो अंतिम पंघाल ने दिलाया है।

### महासंघ ने विनेश का भी डाला था नाम

सूत्रों की मानें तो खेल मंत्रालय की ओर से भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे निलंबन के चलते ओलंपिक क्वालिफायर के लिए पहलवानों का तैयारी शिविर नहीं लग सका। कुश्ती महासंघ ने 27 मार्च से पुरुषों का शिविर सोनीपत और महिला पहलवानों का शिविर गांधीनगर या पटियाला, बंगलूरू में लगाने की सिफारिश साई से की थी।

शिविर में ग्रीकोरोमन, फ्रीस्टाइल और महिला वर्ग के 120 से अधिक पहलवानों का नाम दिया गया था, जिसमें विनेश फोगाट समेत ओलंपिक क्वालिफायर की टीम में शामिल पहलवान भी शामिल थे। महासंघ के प्रस्ताव पर साई ने कोई फैसला नहीं लिया।

### महासंघ ने भी लगाया शिविर

साई की ओर से शिविर को मंजूरी नहीं दिए जाने के बाद कुश्ती महासंघ ने भी अपने स्तर पर टूर्नामेंट के लिए कोई तैयारी शिविर नहीं लगाया।

जिसके चलते पहलवान अपने स्तर पर ही तैयारियां करने को मजबूर रहे। क्वालिफायर की फ्रीस्टाइल टीम में अमन (57), सुजीत (65), जयदीप (74), दीपक पूनिया (86), दीपक (97), सुमित (125) और महिला टीम में विनेश (50), अंशु (57), मानसी (62), निशा (68), रीतिका (76 भार वर्ग) शामिल हैं।

## कैंडिडेट्स शतरंज: नेपोमनियाच्ची से ड्रॉ खेलकर गुकेश की बढ़त कायम

### ● प्रगनानंदा और गुजराती ने भी ड्रॉ खेला



**टोरंटो (कनाडा), एजेंसी।** डी गुकेश ने 10वें दौर के बाद अकेली बढ़त पर आने का मौका खो दिया। गुकेश ने अपने साथ बढ़त साझा कर रहे रूस के इयन नेपोमनियाच्ची से ड्रॉ खेला। अगर इस बाजी में वह जीतते तो अकेली बढ़त पर आ सकते थे। अब दोनों खिलाडियों के छह-छह अंक हैं और दोनों अभी भी संयुक्त बढ़त पर हैं। वहीं आर प्रगनानंदा (5.5) और विदित गुजराती (5) के बीच मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ।

दूसरी ओर शीर्ष वरीय अमेरिका के फैबियानो कारुआना और उनके साथी हिकारु नाकामुरा ने जीत हासिल कर प्रगनानंदा के साथ तीसरा स्थान हासिल कर लिया। कारुआना (5.5) ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा (3.5) को और नाकामुरा (5.5) ने अजरबैजान के निजात एबासोव (3) को हराया। महिला वर्ग में आर वैशाली (3.5) ने हार का क्रम तोड़ते हुए बुल्गारिया की नुरग्यूल सालिमोवा (4) को हराया। महिला वर्ग में चीन की झोंगयी तान और ली टिंगजी 6.5 अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं।

**गुजराती ने प्रगनानंदा को आसानी से ड्रॉ पर रोका**

गुकेश के खिलाफ नेपोमनियाच्ची सफेद मोहरों से खेल रहे थे। शुरुआत में गुकेश समय के दबाव में भी फंसे। बावजूद इसके वह उन्होंने नियंत्रण बनाकर रखा। हालांकि नेपोमनियाच्ची काफी संभलकर खेल रहे थे और जोखिम लेने के मूड में कतई नहीं दिखे। वह 10 दौर के बाद टूर्नामेंट में अकेले खिलाड़ी हैं, जो अब तक हारे नहीं हैं। प्रगनानंदा को भी अभी तक टूर्नामेंट में एक हार गुकेश के खिलाफ मिली है। वह गुजराती के खिलाफ सफेद मोहरों से खेल रहे थे। गुजराती ने उनके खिलाफ बर्लिन डिफेंस का सहारा लिया और आसानी से बाजी ड्रॉ करा सी। 11वें दौर में प्रगनानंदा नाकामुरा से, गुकेश कारुआना से और गुजराती नेपोमनियाच्ची से भिड़ेंगे।




डिस्कस थ्रो

## मायकोलास ने 38 साल पुराना डिस्कस थ्रो का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, 74.35 मीटर दूर चक्का फेंका

**रामोना (अमेरिका), एजेंसी।** वर्ल्ड एथलेटिक्स के मुताबिक अलेक्ना का थ्रो 244 फुट 1 (74.41 मीटर) इंच नापा गया था, लेकिन बाद में इसे 74.35 मीटर कर दिया गया। हालांकि रिकॉर्ड को अभी वर्ल्ड एथलेटिक्स से मान्यता मिलना बाकी है। लिथुआनिया के मायकोलास अलेक्ना ने डिस्कस थ्रो का 38 साल पुराना विश्व कीर्तिमान भंग कर दिया। उन्होंने 1986 में जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट की ओर से स्थापित 74.08 मीटर के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। अलेक्ना ने ओकलाहामा थ्रोज सीरीज कंपटीशन में 243 फुट 11 इंच (74.35 मीटर) दूर चक्का फेंका। वर्ल्ड एथलेटिक्स के मुताबिक अलेक्ना का थ्रो 244 फुट 1 (74.41 मीटर) इंच नापा गया था, लेकिन बाद में इसे 74.35 मीटर कर दिया गया। हालांकि रिकॉर्ड को अभी वर्ल्ड एथलेटिक्स से मान्यता मिलना बाकी है। 21 वर्षीय एलेक्ना कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में जूनियर हैं। वह विश्व चैंपियनशिप में दो बार पदक जीत चुके हैं। 2022 में उन्होंने रजत और बीते वर्ष उन्होंने कांस्य पदक जीता था। एलेक्ना ने अपने पिता वर्जीलियस एलेक्ना को भी पीछे धकेल दिया है। शुल्ट के बाद सर्वश्रेष्ठ थ्रो वर्जीलियस की 73.88 मीटर थी, जो अब तीसरे स्थान पर आ गई है। एलेक्ना ने यह रिकॉर्ड क्यूबा की यामे पेरेज की ओर से एक दिन पहले ही फेंकी गई महिलाओं की सर्वश्रेष्ठ थ्रो 73.09 के बाद बनाया है।



## ग्रीस के ओलंपिया में जलाई गई पेरिस ओलिंपिक मशाल

### 26 जुलाई से शुरू होगें गेम्स, ग्रीस की राष्ट्रपति कैटरीना एन सकेलारोपोलू सेरेमनी में मौजूद रहीं

**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलिंपिक 2024 की मशाल मंगलवार को ग्रीस के ओलंपिया में जलाई गई। इस मशाल को सूर्य की किरणों से जलाया जाता है।

17 अप्रैल से पूरे विश्व में मशाल की यात्रा शुरू हो जाएगी। आखिर में यह पेरिस में जा कर रुकेगी। इसे ग्रीक एक्ट्रेस मैरी मीना ने जलाया। पेरिस ओलिंपिक में 100 दिन बचे हैं। पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होना है। यह सेरेमनी (ओलिंपिक फ्लेम लाइटिंग सेरेमनी) मंगलवार को इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के अध्यक्ष थॉमस बाक की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान ग्रीस की राष्ट्रपति कैटरीना एन सकेलारोपोलू भी मौजूद रहीं।

### 1928 से जलाई जा रही है ओलिंपिक मशाल

इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के तत्वावधान में पहला ओलिंपिक 1896 में हुआ। जो एथेंस के पैनाथेनिक स्टेडियम में खेला गया। साल 1928 में नीदरलैंड्स के एम्सटर्डम में आयोजित ओलिंपिक से मशाल जलाने का विचार आया।

1936 में बर्लिन (जर्मनी) ओलिंपिक गेम्स से ओलिंपिक रिले की शुरुआत हुई। ओलिंपिक लौ प्राचीन और आधुनिक खेलों को जोड़ने की एक कड़ी मानी जाती है।

### पेरिस ओलिंपिक्स में ट्रैक का कलर पर्पल होगा

पेरिस ओलिंपिक में ट्रैक इस बार बैंगनी कलर का होगा। सामान्य रूप से ट्रैक लाल कलर में होता है। टोक्यो में हुए ओलिंपिक गेम्स में ट्रैक लाल कलर का था।

पेरिस ओलिंपिक में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के इंचार्ज और पूर्व ओलिंपियन एलेन ब्लोंडेल ने कहा है कि ट्रैक का रंग बैंगनी देने की वजह यह है कि बैंगनी कलर पेरिस ओलिंपिक खेल के रंगों में से एक है।

## संक्षिप्त समाचार

### भूमिगत मार्ग के निर्माण कार्य के कारण एक सप्ताह तक यातायात जाम की समस्या रहने की आशंका



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में राजा गार्डन से पंजाबी बाग मार्ग पर दोनों तरफ की सड़कों पर एक भूमिगत मार्ग के निर्माण कार्य के कारण एक सप्ताह तक यातायात जाम की समस्या रहने की आशंका है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यातायात पुलिस ने जाम की आशंका के मद्देनजर लोगों को अपनी यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी है। दिल्ली की यातायात पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्वस्द्ध राजा गार्डन, रिंग रोड पर अंडरपास के निर्माण कार्य और बिजली केबल बिछाने के कारण, कम से कम एक सप्ताह तक राजा गार्डन से पंजाबी बाग चौराहे की ओर तथा इसके विपरीत दोनों कैरिजवे पर यातायात जाम की समस्या बनी रहने की आशंका है। इसलिए लोगों को सलाह दी जाती है कि वे इसी के अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

### दुनिया की तरह अंतरिक्ष में मलबा नहीं छोड़ेगा भारत, इसरो ने तैयार किया रॉकेट इंजनों के लिए हल्का नोजल

**बेंगलुरु एजेंसी।** इसरो ने रॉकेट इंजनों के लिए हल्के कार्बन-कार्बन (सी-सी) नोजल के विकास के साथ रॉकेट इंजन प्रौद्योगिकी में सफलता हासिल की है। इससे पेलोड क्षमता में वृद्धि होगी। इसरो ने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) द्वारा तैयार किए गए इस रॉकेट इंजन से राकेट की पेलोड क्षमता को बढ़ाया जा सकेगा। वीएसएससी ने कार्बन-कार्बन (सी-सी) कंपोजिट जैसी उन्नत सामग्रियों से नोजल डाइवर्जेंट बनाया। सी-सी नोजल की एक प्रमुख विशेषता इसकी सिलिकॉन कार्बाइड की विशेष एंटी-ऑक्सीकरण कोटिंग है, जो इसकी परिचालन सीमा को बढ़ाती है।

### दिल्ली की सातों लोकसभा सीट पर इंडी गठबंधन को मिलेगी जीत, आप नेता संजय सिंह ने किया दावा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने मंगलवार को कहा कि आईएनडीआईए दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें जीतेगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी से भाजपा को चुनाव में नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता की भावना विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए और आम आदमी पार्टी के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि देश इस आम चुनाव में बदलाव के लिए मतदान करेगा। आप सांसद ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, मतदाताओं को इस बात का अहसास हो गया है कि वे मुद्रास्फीति, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के कारण गंभीर स्थिति में हैं।

### भारतीय नौसेना ने अरब सागर में पकड़ी 940 किलोग्राम ड्रग्स की खेप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय नौसेना ने पश्चिमी अरब सागर में 940 किलोग्राम ड्रग्स की खेप जब्त की है। कनाडा के नेतृत्व वाले संयुक्त कार्य बल (सीटीएफ)- 150 की सहायता से यह कार्रवाई की गई है। सीटीएफ 150 दुनिया की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय नौसैनिक साझेदारी सीएमएफ के तहत पांच टास्क फोर्स में से एक है। नौसेना ने मंगलवार को बताया कि भारतीय नौसेना ने पहली बार संयुक्त समुद्री बल (सीएमएफ) के सदस्य के रूप में ड्रग्स की बरामदगी की है। इनमें 453 किलोग्राम मेथमफेटामाइन, 416 किलोग्राम हैश और 71 किलोग्राम हेरोइन शामिल है। सीएमएफ 42 देशों की नौसैनिक साझेदारी है जिसका उद्देश्य समुद्र में सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देकर अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था को बनाए रखना है। भारतीय नौसेना पिछले नवंबर में सीएमएफ में शामिल हुई थी। ढाउ (विशेष नौका) से 940 किलोग्राम ड्रग्स को जब्त किया। मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार ड्रग्स का निपटारा कर दिया गया।

# रामनवमी पर आप का रामराज्य वेबसाइट, आतिशी बोलीं - राम की तरह संघर्ष कर रहे केजरीवाल

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
आम आदमी पार्टी ने आपक रामराज्य वेबसाइट लॉन्च किया है। इस वेबसाइट को लॉन्च करने के मौके पर संजय सिंह, आतिशी, सौरभ भारद्वाज और जैस्मिन शाह समेत कई आप नेता मौजूद थे। वेबसाइट लॉन्च करने के बाद आप सरकार की मंत्री आतिशी ने कहा, जिस तरह भगवान राम ने रामराज्य के लिए काफी संघर्ष किया ठीक उसी तरह अरविंद केजरीवाल को दिल्ली और पंजाब के लोगों से कि एग वादों को पूरा करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

वेबसाइट लॉन्च किए जाने के बाद दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, रामराज्य के बारे में गोस्वामी तुलसीदास ने रामायण में बताया है। भगवान राम जब अयोध्या वापस लौट कर आए तो उन्होंने एक बेहतरीन स्टेट बनाया। इसी को रामराज्य कहा गया। हर सरकार यह चाहती है कि रामराज्य हो। पिछले 9 सालों में अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में जो कुछ भी काम किए और पंजाब में हमारी सरकार ने जो कुछ भी काम किए हैं ये वही सब काम हैं जो रामराज्य में कहे गए हैं। इसलिए आप का रामराज्य नाम से वेबसाइट लॉन्च किया गया है। इसके अंदर इन राज्यों में किए गए कार्यों के वीडियो इत्यादि उपलब्ध हैं।




आम आदमी पार्टी की तरफ से जानकारी दी गई है कि यह आम आदमी पार्टी के लोकसभा कैंपेन से संबंधित वेबसाइट है। बताया गया है कि इस वेबसाइट पर जनता आम आदमी पार्टी द्वारा किए गए कार्यों को देख सकती है। क्क सांसद संजय सिंह ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली मे रामराज्य को सच करने के लिए अद्भुत काम किया है जो पूरे देश के लिए एक उदाहरण बन गया है। आप का रामराज्य वेबसाइट में आप के रामराज्य की अवधारणा है, जिसमें गैर बराबरी को खत्म करना, सबको को शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा देना शामिल है।

संजय सिंह ने कहा, किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि बिजली मुफ़्त दी जा सकती है। आज़ादी के बाद मुफ़्त बिजली योजना, मुफ़्त पानी योजना और मुफ़्त बस यात्रा योजना लागू करने वाली यह पहली सरकार थी। दिल्ली मुनाफे का बजट देने वाला एकमात्र राज्य है। हम रामराज्य की अपनी परिकल्पना को धरातल पर साकार करने के लिए कृतसंकल्पित हैं। चूंकि भाजपा ये काम नहीं कर सकती है इसलिए केजरीवाल को जेल में डाल दिया। ये पहली रामनवमी है जब अरविंद केजरीवाल हमारे साथ नहीं है वो जेल में है।

### अरविंद केजरीवाल के बाद पत्नी सुनीता नंबर 2 पर

**नईदिल्ली एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल नंबर दो में बंद हैं। उनकी गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी (आप) में एक चेहरा काफी मशहूर हो रहा है। यह कोई और नहीं बल्कि सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल हैं। वह कई बार अपने पति का संदेश लेकर उन्हीं की कुर्सी पर बैठ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर चुकी हैं। ऐसी अटकलें भी लगीं कि उन्हें केजरीवाल की जगह मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। ऐसे में आप ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए गुजरात में स्टार प्रचारकों की एक सूची जारी की है। इस लिस्ट में 40 लोगों के नाम शामिल हैं। सबसे ऊपर पार्टी के सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल का नाम है। वहीं दूसरे नंबर पर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल हैं। भगवंत मान, मनीष सिसोदिया और संदीप पाठक जैसे आप के दिग्गज नेताओं का नाम भी सुनीता से नीचे है।

## मुख्यमंत्री को गिरफ्तार ही इसलिए किया गया है ताकि वे काम रोक सकें: गोपाल राय

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के सीएम केजरीवाल को लिखे खुले पत्र पर दिल्ली के मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता गोपाल राय ने कहा कि मुख्यमंत्री को गिरफ्तार ही इसलिए किया गया है ताकि वे काम रोक सकें। दिल्ली की जनता सीएम केजरीवाल के साथ खड़ी है। दिल्ली की आवाम अपने वोट से इसका जवाब देगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आएंगे और सारे काम होंगे...

बता दें कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मंगलवार को दिल्ली में पेयजल संकट पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को खुला पत्र लिखकर दिल्ली सरकार पर हमला बोला। उन्होंने जल मंत्री आतिशी के पत्र का हवाला देते हुए लिखा- उनका नोट पिछले दस साल की निष्क्रियता और अक्षमता की स्वीकारोक्ति है। आपके साथ इस समय सीधा संवाद नहीं हो सकता है, इसलिए यह खुला पत्र लिखा जा रहा है। आतिशी के पत्र का हवाला देते हुए उपराज्यपाल ने लिखा है कि दिल्ली में पेयजल की आपूर्ति को रेखांकित करती हुई घटना का जिक्र करते हुए मंत्री ने अपनी ही सरकार को दोषी ठहराया है। बता दें कि दिल्ली में पानी को लेकर हुए विवाद के बाद शुक्रवार को एक महिला की हत्या कर दी गई थी। इस मामले पर जल मंत्री आतिशी की ओर से रविवार को उपराज्यपाल को पत्र लिखा गया था। एलजी ने लिखा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पानी को लेकर यह पहली घटना नहीं है, बल्कि दिल्ली सरकार की विफलता के चलते पानी की कमी को लेकर इस तरह की कई घटनाएं पहले भी होती रही हैं। राजधानी में खासतौर पर गरीब बस्तियों वाले इलाकों में पानी की समस्या है और पिछले दशक भर में यह और गंभीर हो गई है। उपराज्यपाल ने लिखा है कि दिल्ली विधानसभा के हालिया बजट सत्र में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। पिछले दशक में जल उपचार क्षमता में 906 एमजीडी से बढ़कर 946 एमजीडी हो गई, जो मुश्किल से 4.4 फीसदी की बढ़ोतरी है। इसी अवधि के दौरान शहर की जनसंख्या में लगभग 15 फीसदी बढ़ोतरी हो गई।

## स्कूल में बम की फर्जी कॉल की तो कटेगा छात्र का नाम, दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने जारी किए ये दिशानिर्देश



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
स्कूलों में बम की अफवाहों से निपटने और बच्चों की सुरक्षा को लेकर दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने मंगलवार को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यदि किसी छात्र ने बम की फर्जी कॉल की तो उसे सस्पेंड किया जाएगा और नाम भी काटा जा सकता है।

शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों में संरचनात्मक परिवर्तन करने से लेकर बम अफवाह की कॉल आने पर स्कूल प्राधिकरण को जिम्मेदारी दी है। साथ ही, स्कूल आपातकालीन स्थिति के लिए भवन का पूरा नक्शा तैयार रखें, ताकि उसे पुलिस, अग्निशमन विभाग, एनडीआरएफ और दूसरे बचाव दलों को साझा किया जा सकें। बच्चों को सुरक्षित निकालने के लिए स्कूल में होल्डिंग एरिया चिह्नित हों। स्कूल स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर समय-समय पर मॉक ड्रिल का आयोजन करें। बचाव को लेकर स्कूल कर्मियों और छात्रों को संवेदनशील बनाया जाए।

सर्कुलर के अनुसार, पीटीएम में अभिभावकों को इस बात के लिए जरूर जागरूक किया जाए कि कोई छात्र बिना कारण के बम की फर्जी कॉल में शामिल नहीं होना चाहिए। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। इस तरह की गतिविधि में शामिल होने पर छात्र के खिलाफ पुलिस नियमों के तहत उचित कानूनी कार्रवाई होगी। सर्कुलर के अनुसार, बम अफवाह की कॉल होने पर स्कूल घबराएं नहीं,उस सूचना को तुरंत पुलिस को दें। स्कूल पुलिस अधिकारियों से परामर्श लेकर छात्रों को सुरक्षित होल्डिंग एरिया तक लाने की योजना तैयार करें। पुलिस द्वारा तलाशी के बाद बच्चों को तुरंत होल्डिंग एरिया तक सुरक्षित लाया जाए। तलाशी को लेकर स्कूल कर्मी इमारत की स्थिति से पूरी तरह से वाकिफ हो, जिससे तलाशी अभियान में पुलिस को मदद मिल सकें। सत्यापन के बाद छात्रों को अभिभावक को सौंपा जाए।

## दिल्ली में करें वोट और होटलों रेस्तरां में पाएं 20 प्रतिशत की छूट, कैसे और कब तक ले सकते हैं लाभ?

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली नगर निगम ने 25 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान करने वालों के लिए एक अनूठी पहल की है। इस पहल के तहत मतदान करने पर अगले 24 घंटे के लिए होटलों व रेस्तरां में 20 फीसदी तक की छूट मिलेगी। दिल्ली नगर निगम ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए इस नई पहल को शुरू किया है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए लोगों को होटलों, रेस्तरां में जाकर अपनी स्याही लगी उंगली को दिखाना होगा ताकि सुनिश्चित हो सके कि मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव में पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान किया है।

निगम के सभी जोन में इस पहल को शुरू किया जाएगा। सबसे पहले करोल बाग जोन और नजफगढ़ जोन में होटलों व रेस्तरां के मालिकों के साथ नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने एक लिखित एग्रीमेंट भी किया है। होटल व रेस्तरां के प्रतिष्ठानों से जुड़े एसोसिएशन ने इस पहल का सहयोग किया है। इसके अलावा थिएटर, सैलून व अन्य खाने के प्रतिष्ठानों में भी निगम की लोगों को छूट देने के लिए बातचीत चल रही है।

पूरी दिल्ली में 50 से अधिक मूवी स्क्रीन पर, 500 से अधिक होटलों व रेस्तरां में मतदाताओं को इस योजना का लाभ देने की तैयारी हो रही है। सभी जोन में इस नई पहल को लागू करने की रणनीति भी बन रही है। इस संबंध में करोलबाग जोन के उपायुक्त अभिषेक मिश्रा ने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान दिल्ली का मत फीसदी लगभग 60 फीसद था। हम इसे 70 फीसदी से अधिक बढ़ाना चाहते हैं। इसलिए इस मतदाताओं को वोट डालने के प्रति प्रेरित कर रहे हैं। इस नई पहल के तहत दिल्ली के मतदाताओं में जागरूकता ला रहे हैं।



इसके लिए लॉजिंग हाउस ओनर्स एसोसिएशन और दिल्ली होटल व रेस्तरां ओनर्स एसोसिएशन के साथ एग्रीमेंट हुआ है। करोल बाग, पहाड़गंज, राजेंद्र नगर, पंजाबी बाग, कीर्ति नगर व बलजीत नगर में मौजूद होटलों व रेस्तरां में लोगों को 20 फीसदी छूट मिलेगी। यह छूट 25 मई को मतदान करने के बाद 26 मई को रात 12 बजे तक मिलेगी। करोल बाग जोन में थिएटर व सैलून में भी छूट देने के लिए बातचीत कर रहे हैं। नजफगढ़ जोन के उपायुक्त बादल कुमार ने बताया कि होटल और गेस्ट हाउस एसोसिएशन, महिपालपुर की तरफ से मतदान करने वाले मतदाताओं को कमरे के किराए पर 20 फीसदी की छूट मिलेगी। इस पहल के तहत लोगों को वोट करने के लिए जागरूक करेंगे।

## एलजी का केजरीवाल को खुला पत्र, कहा- सरकार की नाकामियों के कारण दिल्ली बेहाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक खुला पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने दिल्ली की मंत्री आतिशी की ओर से दिल्ली में पानी को लेकर हुई घटना पर उनको लिखे गए पत्र का मुद्दा उठाया है। उनका कहना है कि दिल्ली सरकार की नाकामियों के चलते दिल्ली में पेयजल की परेशानी हो रही है। वहीं मंत्री जिम्मेदारी लेने की बजाय असंवेदनशील तरीके से पत्र लिख रहे हैं। इसके साथ ही एलजी ने दिल्ली सरकार की कथित विफलताओं को आधिकारिक आंकड़ों के जरिए गिनाया है।

एलजी ने पत्र में कहा है कि वारदात के पीछे पानी की अपर्याप्त आपूर्ति को दोषी ठहराते हुए आतिशी ने अपनी ही सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उनका पत्र बीते लगभग 10 वर्षों के दौरान निष्क्रियता और अक्षमता का कबूलनामा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना दिल्ली में अपनी तरह का इकलौता केस नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी को लेकर पहले भी कई घटनाएं दिल्ली सरकार की विफलता के कारण हुई हैं। उपराज्यपाल ने पत्र में कहा है कि ऐसे मामले साल-दर-साल होने वाली घटना बन गए हैं। बीते दस वर्षों के दौरान ऐसे मामले मीडिया में व्यापक रूप से रिपोर्ट भी किए गए हैं। एलजी ने कुछ घटनाओं का हवाला भी दिया है। उन्होंने लिखा है कि मैं 2017 से हुई कुछ रिपोर्टों का स्नैपशॉट अटैच कर रहा हूं। दिल्ली में पानी की समस्या बीते एक दशक के दौरान काफी गंभीर हो गई है। खासकर उन बस्तियों में जहां गरीब लोग रहते हैं।


प्रतीकात्मक तस्वीर

एलजी ने लिखा है कि दिल्ली विधानसभा के हालिया बजट सत्र में पेश किया गया आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 कुछ हैरान करने वाले तथ्य सामने ला रहा है। बीते एक दशक में जल उपचार क्षमता 906 एमजीडी से 946 एमजीडी हुई है। यह मात्र 4.4 फीसदी की बढ़ोतरी है जबकि इसी अवधि के दौरान दिल्ली की आबादी में 15 फीसदी की वृद्धि हुई है।

## एससीडी की वेबसाइट में खराबी, प्रॉपर्टी टैक्स नहीं जमा कर पा रहे दिल्ली वाले

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट के संचालन में दिक्कतों के कारण लोग अपना संपत्ति कर का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। लोगों के अनुसार निगम की वेबसाइट ठप है। बीते एक सप्ताह से अधिक समय से करदाताओं को इस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों ने निगम प्रशासन से तुरंत उचित कदम उठाने की मांग की है।

आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों ने कहा है कि निगम की वेबसाइट में तकनीकी खराबी आ रही है। इस वजह से अन्य सेवाओं की विंडों भी नहीं खुल रही है। साथ ही लोग अपनी संपत्तियों का जियोटैग भी नहीं कर पा रहे हैं। इस संबंध में निगम के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दो दिनों वेबसाइट में आई तकनीकी खराबी को ठीक कर लिया जाएगा। जिसके बाद वेबसाइट सुचारू रूप से चलेगी और लोगों को परेशानी नहीं होगी। अधिकारी ने यह भी कहा कि यह एक रूटीन प्रक्रिया है। वित्तीय वर्ष के खत्म होने के बाद वेबसाइट पर काफी ज्यादा ऑनलाइन ट्रैफिक आता है। इस वजह से वेबसाइट पर असर पड़ा है। निगम की आईटी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी वेबसाइट में आने वाली दिक्कतों को ठीक कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि निगम के अधिकार क्षेत्र में 12 लाख से अधिक संपत्ति करदाता हैं। नए वित्तीय वर्ष में संपत्ति कर से राजस्व को बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं।

## 12वीं के बाद तीन साल के एलएलबी पाठ्यक्रम को लेकर जनहित याचिका, सुप्रीम कोर्ट पर टिकी सबकी निगाहें


**नई दिल्ली एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को एक जनहित याचिका दायर की गई, जिसमें केंद्र और भारतीय विधिज्ञ परिषद (बीसीआई) को 12वीं कक्षा के बाद मौजूदा पांच वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रम के बजाय तीन वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रम की व्यवहार्यता तलाशने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

वर्तमान में छात्र प्रमुख राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों द्वारा अपनाए गए संयुक्त विधि प्रवेश परीक्षा (सीएलएटी) के माध्यम से कक्षा 12 के बाद पांच वर्षीय एकीकृत विधि पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। छात्र किसी भी विषय में स्नातक करने के बाद तीन साल का एलएलबी कोर्स भी कर सकते हैं। वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि वह विज्ञान स्नातक (बीएससी), वाणिज्य स्नातक (बीकॉम) और कला स्नातक (बीए) पाठ्यक्रम की तरह 12वीं कक्षा के बाद तीन वर्षीय विधि स्नातक पाठ्यक्रम शुरू करने की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति बनाने के लिए केंद्र और बीसीआई को निर्देश देने का अनुरोध कर रहे हैं।

## मॉल में चल रहा था सेक्स बाजार, पुलिस ने छुड़ाईं 17 लड़कियां, चलाया ऑपरेशन?

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
मानेसर पुलिस ने पांच स्पा सेंटरों में एक साथ छापेमारी कर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। स्पा सेंटर से पुलिस ने काम करने वाली 17 युवतियों को छुड़ाया गया है। पिछले कई महीनों से ये युवतियां स्पा सेंटर में रुपये लेकर देह व्यापार का काम कर रही थीं। पुलिस ने मानेसर थाने में स्पा सेंटर के पांच मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज किया। एक स्पा सेंटर में छापेमारी के दौरान मौजूद मैनेजर को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मैनेजर की पहचान मूलरूप से उत्तरप्रदेश के हापुड़ निवासी ललित कुमार के रूप में हुई है।

मानेसर पुलिस को स्पा सेंटर में देह व्यापार की सूचना मिलने पर सोमवार शाम को स्पेशल ऑफिसर एसीपी मुख्यालय सुशीला के नेतृत्व में पांच अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट प्रमोद गुप्ता इंजीनियर जीएमडीए को बनाया गया। पांच पुलिसकर्मियों को सिविल ड्रेस में तैयार किया गया और सभी को दो-दो हजार रुपये देकर नकली ग्राहक के रूप में तैयार किया गया। सोमवार शाम को सबसे पहले टीमें सेक्टर-2 स्थित आम्रपाली की बिल्डिंग में पहुंची। वहां पर चार पुलिसकर्मियों को अलग-अलग चार स्पा सेंटर में नकली ग्राहक बनाकर भेजा गया। पीएसआई देवेंद्र को सिल्की स्पा सेंटर, पीएसआई सुरेंद्र को न्यू आरोमा, पीएसआई नीरज न्यू पैलेस स्पा और पीएसआई राजबीर को जेड ब्लैक स्पा सेंटर में सभी को दो-दो हजार रुपये देकर भेजा गया। पीएसआई सुरेंद्र न्यू अरोमा स्पा सेंटर में पहुंचे और वहां पर एक युवती मिली। उसने बताया कि स्पा सेंटर का मालिक शैलेंद्र कुमार है। रुपये लेकर देह व्यापार का काम होता है। स्पा सेंटर में रुपये लेने के बाद जब वह कमरे के अंदर गए, तो बाहर खड़ी टीम को सूचना दी। टीम को स्पा सेंटर से छह लड़कियां और चार ग्राहक भी मिले। सिल्की स्पा सेंटर में छापेमारी के दौरान सामने आया कि इसका मालिक पवन है। टीम के द्वारा अन्य कमरों की जांच करने पर तीन युवतियां और दो ग्राहक मिले। न्सू पैलेस स्पा सेंटर में छापेमारी के दौरान टीम



पूछताछ में सामने आया कि इसका मालिक प्रियांशु चौधरी है। सेंटर की तलाशी लेने पर तीन युवतियां और एक ग्राहक मिला। चौथी टीम के जेड-ब्लैक स्पा सेंटर में छापेमारी के दौरान सामने आया कि इसका मालिक पंकज पाल है। यहां टीम को सेंटर से सिर्फ एक युवती मिली। पांचवी टीम ने सेक्टर-एक मार्केटी में स्थित मैजिक टच नामक सपा सेंटर में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम को स्पा सेंटर में मैनेजर ललित कुमार मिला और पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि सेंटर का मालिक कमल उर्फ राजू है। सेंटर से पुलिस को एक अवैध ग्राहक ही मिला।

मानेसर थाना प्रभारी वीरेंद्र खत्री ने बताया कि छह महीने से स्पा सेंटर चल रहे थे। यहां पर स्पा के नाम पर देह व्यापार का कारोबार होता था। कई दिनों से मिल रही शिकायतों के बाद छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पांच स्पा सेंटर से 17 युवतियों को रेस्क्यू करने के साथ-साथ एक मैनेजर को गिरफ्तार किया गया, जबकि पांच स्पा सेंटर के मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज कर किया गया है। 17 युवतियां और छह ग्राहकों को रेस्क्यू किया गया। सभी को मामले में गवाह बनाया गया है।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेलः purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)